हिन्दी दैनिक

# श्वेत पत्र

आपकी बात सच के साथ

वर्ष 19 | अंक 308 | पृष्ठ 12

देवघर

मंगलवार, 13 मई 2025

मूल्य ₹ 3/-




पेज 12 : रोहित एकदिवसीय में ...


www.shwetpatra.co.in

देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित

E-mail : shwetpatra10@gmail.com


# पाकिस्तान से अब सिर्फ बात होगी तो आतंकी व पीओके पर होगी : पीएम मोदी

- पाकिस्तान के खिलाफ सेना की कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है
- न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे, हमारी तीनों सेनाएं अलर्ट
- पूरी दुनिया ने पराक्रम देखा
- सिंदूर मिटाने की कीमत हमने वसूल की
- जो फैसले लिए वह अभी भी हैं

नईदिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद पहली बार पीएम मोदी देश की जनता के सामने आये। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को, सशस्त्र बलों को, हमारी खुफिया एजेंसियों को, वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। उनकी वीरता, साहस और पराक्रम को आज ये पराक्रम समर्पित करता हूं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हमने जो फैसले लिए वह अभी भी जारी है। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते है। अब तो सिर्फ पीओके और आतंक पर पाकिस्तान से बात होगी।

### पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा, फिर हिमाकत की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे



पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं।

- आतंक के आकाओं को भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया-आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था।
- 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा-जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। 100 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिए, और उसके कई एयरवेस तबाह कर दिए।

## पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### श्रीरंगपटना के पास कावेरी नदी में तैरता मिला उनका शव



बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक पुलिस ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की जांच शुरू कर दी है। वह शनिवार को श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए थे। 70 वर्षीय अयप्पन कृषि और मत्स्य पालन वैज्ञानिक थे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का नेतृत्व करने वाले पहले गैर-फसल वैज्ञानिक थे। रविवार को कर्नाटक पुलिस ने बताया कि पुलिस को नदी में तैरते हुए एक शव के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद उनका शव बरामद किया गया। उनका दोपहिया वाहन नदी किनारे पाया गया और संदेह है कि अयप्पन ने नदी में छलांग लगाई होगी।

## छग में भीषण सड़क हादसा, 13 की मौत

### 14 लोग घायल, रायपुर में ट्रक-ट्रेलर की हुई टक्कर



रायपुर (एजेंसी)। रायपुर में रविवार देर रात मिनी ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। ट्रक में सवार ये सभी लोग छठी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। ट्रक खरोरा के बाना गांव से आ रहा था। बंगोली में इसे रायपुर से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतकों में 10 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें एक ही परिवार की 3 महिलाओं का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जबकि एक बच्चे को दफनाया गया है। इनमें गीता साहू, प्रभा साहू और नंदनी साहू का अंतिम संस्कार किया गया। एकलव्य साहू (6) को दफनाया गया है।

## महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग किले पर लगाई गई शिवाजी की प्रतिमा



मुंबई (एजेंसी)। सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की नई प्रतिमा को जनता के लिए खोला गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ स्थल पर पूजा की। फडणवीस ने यहां शिव आरती की। इस कार्यक्रम में स्थानीय सांसद नारायण राणे, मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे, पीडब्ल्यूडी मंत्री शिवेंद्र भोसले और बीजेपी राज्य कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो मूर्ति गिर गई थी, उसके स्थान पर अब एक अधिक मजबूत मूर्ति लगाई गई है।

# हमने दिखा दिया हम किसी भी तरह की लड़ाई को हैं तैयार

- आर्मी ने पीसी में सब कुछ बताया, कहा-सेना नए मिशन के लिए तैयार

**अगली लड़ाई अलग तरह से लड़ी जाएगी, हमें दुश्मनों से आगे रहना होगा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। सेना ने सोमवार को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सेना के लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन की जानकारी दी। एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों से है, पाकिस्तानी सेना से नहीं। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि



हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। उन्होंने साफ किया कि हमारी लड़ाई पाकिस्तानी सेना के साथ नहीं है। लेकिन, अगर पाकिस्तान की सेना आतंकियों का साथ देगी, तो हम उसका जवाब देंगे। जनरल घई ने बताया कि 7 मई की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने हमले की कोशिश की।

### हमें एक जॉब दी गई, हमने उसे पूरा किया

एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। पाकिस्तान अपनी कहानियां बना रहा है। हमें जो काम दिया गया था, हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। पाकिस्तान कोशिश कर रहा है कि वो अपनी कहानियां बनाए। हमें एक जॉब दी गई, हमने उसे पूरा किया। एयर मार्शल भारती पर सारी बातें क्लियर की।

### भारतीय सेना नए मिशन के लिए तैयार

एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि हमारे सभी मिलिट्री बेस और सिस्टम ऑपरेशनल हैं और नए मिशन के लिए तैयार हैं। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने बताया कि नौसेना सर्विलांस और डिटेक्शन में लगी हुई थी। हमने खतरों को पहचाना और उन्हें तुरंत खत्म किया। उन्होंने ड्रोन, हाईस्पीड मिसाइल और एयरक्राफ्ट की जानकारी दी। हमारे पायलट रात और दिन में ऑपरेट करने के लिए तैयार थे। उन्होंने कहा, साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि सभी मिलिट्री बेस, सिस्टम ऑपरेशनल हैं और नए मिशन के लिए तैयार हैं। वहीं वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने बताया, नौसेना सर्विलांस, डिटेक्शन में लगी हुई थी। हमने मल्टीपल सेंसर्स और इनपुट्स दिए। हमने उन खतरों को पहचाना, जिन्हें तुरंत न्यूट्रिलाइज्ड किया जाना था। ड्रोन, हाईस्पीड मिसाइल और एयरक्राफ्ट की जानकारी दी गई, ये एडवांस राडार के जरिए दी गई। हमारे पायलट रात और दिन में ऑपरेट करने के लिए तैयार थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नये आवास की रखी आधारशिला



रांची (एप्र)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने नये आवास की आधारशिला रखी। यह आवास पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री के कामकाज को बेहतर बनाया जा सके। इस मौके पर पारंपरिक विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने विधिवत पूजन अर्चन कर भवन निर्माण की शुभ शुरूआत की।

### A ff fbfl YAtU ffEOX f f Wfe

सीएम हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास नंबर पांच का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अभी जहां रहते हैं और कैफोर्ड हाउस के बीच सिर्फ एक दीवार की दूरी है। मुख्यमंत्री पहले से बने इस आवास का उपयोग समय-समय पर करते रहे हैं। विधायकों के साथ बैठक या अन्य बैठकों में मुख्यमंत्री इस आवास का इस्तेमाल करते रहे हैं। अब इन दोनों आवासों को मिलाकर एक आधुनिक आवास बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस आवास में हेलीपैड जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा, बड़े-बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम भी होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आवास में पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था और गार्डन भी होगा।

# मारे गए आतंकियों का पाकिस्तान में सम्मान

### लश्कर कमांडर के जनाजे में सैन्य अफसर और नेता हुए शामिल

**बीजेपी का दावा-पंजाब की सीएम मरियम शरीफ भी शामिल हुई**

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए पाकिस्तानी आतंकियों के जनाजे में वहां की सेना के सीनियर अफसर और नेता भी शामिल हुए थे। रविवार को भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। शामिल होने वालों के नाम बताए और तस्वीर भी दिखाई।

नेता ओर अफसर, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अब्दुल रऊफ के साथ जनाजे की नमाज पढ़ते दिख रहे हैं। इनमें लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन, मेजर जनरल राव इमरान सरताज,




मेजर जनरल मोहम्मद फुरकान शब्बीर, पंजाब पुलिस के डॉक्टर उस्मान अनवर और सांसद मलिक अहमद शामिल हैं। भारतीय सैन्य अफसरों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के 11 आतंकी और सैन्य ठिकानों को बर्बाद किया गया है। सेना ने इन ठिकानों की सैटेलाइट इमेज जारी की। जिसमें अटैक से पहले और बाद की स्थिति दिखाई गई है।

## एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### ड्रग्स और सांप के जहर के इस्तेमाल का चलेगा केस

प्रयागराज (एजेंसी)। यूट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल के मामले में चार्जशीट रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने कहा- यादव के खिलाफ चार्जशीट और एफआईआर में बयान है। ऐसे आरोपों की जांच मुकदमे के दौरान की जाएगी। एल्विश ने याचिका में एफआईआर को चुनौती नहीं दी है। आरोप है कि एल्विश रेव पार्टियों का आयोजन करते थे, जहां विदेशी नागरिक भी बुलाए जाते थे। लोगों को सांप का जहर और अन्य मादक पदार्थों का सेवन कराया जाता था।



# नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में जवान घायल, लाया गया रांची

रांची (एप्र)। पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुलापाबुरू, दलाईगढ़ा और मरांगपोंगा के जंगली-पहाड़ी इलाके में सोमवार को नक्सलियों की ओर से लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में झारखंड जगुआर बम निरोधक दस्ता के आरक्षी मनोज कुमार दमाई घायल हो गए। घायल जवान को पुलिस बल की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय और सीआरपीएफ के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लये रांची के राज अस्पताल भेजा गया। जहां जवान का इलाज चल रहा है। जवान के पैर में चोट है। जवान की स्थिति स्थिर है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील हैं। इसी सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 एवं 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134, 174, 193,



197 बटालियन की संयुक्त टीम की ओर से चार मार्च से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान सोमवार को नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाए गए आईईडी में विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आकर आरक्षी मनोज कुमार दमाई घायल हो गए। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ जिले में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पूर्व से लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से मनोज कुमार दमाई घायल हुआ है। उसका इलाज चल रहा है, उसकी स्थिति स्थिर है। नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान लगातार जारी है।



# कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

- बीसीसीआई ने लिखा-थैंक्यू विराट, एक युग का अंत
- विरासत जारी रहेगी, डिविलियर्स बोले- सच्चा लीजेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी। दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। सीरीज में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में



वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए। विराट ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉरमेट मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दी और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस फॉरमेट से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सब कुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, मंगलवार, 13 मई, 2025



## एक नजर

### पूर्व महापौर ने किया ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन



**धनबाद(एप्र)।** बैंक मोड़ पुराना बाजार रोड पानी टंकी के समीप स्थित शिवम कंपलेक्स के फर्स्ट फ्लोर में सोमवार को ग्लेशियर हेयर एंड स्किन सॉल्यूशंस का उद्घाटन पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने प्रतिष्ठान को हेयर एंड स्क्रीन के संदर्भ में धनबादवासियों को सुंदर बनाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनबादवासी पहले हेयर और स्कीन की ट्रीटमेंट के लिए बाहर मेट्रो शहरों की ओर रुख करते थे,अब धनबाद में ही पटना के अनुभवी कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा ट्रीटमेंट और महत्वपूर्ण परामर्श से हेयर एंड स्किन सॉल्यूशन का समाधान हो जाएगा। प्रतिष्ठान के ओनर विवेकानंद ठाकुर और कोस्मोलॉजीस्ट डॉक्टर रवि राज ने बताया कि प्रतिष्ठान में हेयर ट्रांसप्लांट,हेयर फॉल ट्रीटमेंट, हेयर टीआरपी ट्रीटमेंट,हेयर विग्स,हिजामा, ड्राई कटिंग थेरेपी, फायर कपिंग थेरेपी ,लेजर ट्रीटमेंट, हेयर फॉल समेत हेयर और स्क्रीन के अन्य ट्रीटमेंट पटना के डॉक्टर रवि राज और उनकी अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पटना के डॉक्टर रविराज हफ्ते में चार दिन यहां उपलब्ध रहेंगे।प्रतिष्ठान में अनुभवी कायरोप्रेटिक थैरेपिस्ट लक्ष्मण ठाकुर स्पोर्ट्स इंजरी में अपना अचूक इलाज कर सेवा देंगे। लक्ष्मण ठाकुर ने बताया कि बहुत ही परफेक्ट सर्विस के साथ मेट्रो शहरों की तुलना में बहुत ही किफायत फीस रखा गया है। उद्घाटन के मौके पर भाजपा नेता भृगुनाथ भगत, विजय विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश पासवान समेत अन्य अतिथि एवं कस्टमर्स उपस्थित थे।

### विधायक ने गोपाल सिंह को किया प्रतिनिधि नियुक्त



**बाघमारा(एप्र)।** बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने डुमरा निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी और सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सिंह को बाघमारा विधानसभा के स्वास्थ्य विभाग और स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।विधायक महतो ने उन्हें दोनों विभागों की समीक्षा और आवश्यक निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने आशा प्रकट की है कि गोपाल सिंह अपने अनुभव और कौशल के जरिए इन विभागों में उत्कृष्ट योगदान देंगे।गोपाल सिंह पिछले 20 वर्षों से संघ की विभिन्न शाखाओं में सक्रिय रहे हैं, जैसे कि बजरंग दल बाघमारा प्रखंड प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष,जिला कार्य समिति के सदस्य और श्रीराम सेना के सुप्रीमो,साथ ही सामाजिक संगठन लायंस क्लब सेंटेनियल के वरीय उपाध्यक्ष भी हैं। गोपाल सिंह के मनोनयन पर बधाई देने वालों में सुमंत विश्वास,चितरंजन पांडे,राम सागर सिंह,लक्ष्मीकांत मिश्रा,डॉ. एके मिश्रा, राजू विश्वकर्मा,संतोष सिंह,गणेश प्रसाद,यूवराज सिंह और अन्य शामिल थे।

### कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**अलकडीहा(एप्र)।** बस्ताकोला क्षेत्र के कुइया जीरो सीन खदान के पास सोमवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि आज यहां एकत्रित लोग कोल इंडिया के द्वारा 20 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय श्रमिक हड़ताल को सफल बनाने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनकर आश्चर्य होगा कि केंद्र सरकार श्रमिकों के लिए 44 श्रम कोड को समाप्त कर सिर्फ चार कोड रखने जा रही है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि इससे आप धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे, अधिकारों की मांग नहीं कर सकेंगे और श्रमिक संगठनों की एकता को कमजोर किया जाएगा, जिससे आपकी नौकरियाँ खतरे में पड़ सकती हैं। वक्ताओं ने कहा कि सभी को एकजुट होकर इन फैसलों का विरोध करना चाहिए और 20 मई को कोल इंडिया की हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में नरेंद्र सिंह, राकेश सिन्हा,भगवान प्रसाद नोनिया, देवरंजन दास, सुभाष महतो, कैलाश सिंह, दिनेश मिश्रा, तूफान सिंह, निरंजन कुमार, सहदेव खान, नवल मुंडा और अन्य उपस्थित थे।

#### अनाथ बच्चों को लाभकारी योजना से जोड़ना ही डालसा का उद्देश्य

# डालसा को टीम गठित कर पीड़ितों को मदद पहुंचाने का दिया आदेश



रांची(एप्र)। विभिन्न समाचार पत्रों में छपी खबर माता-पिता के आकस्मिक निधन होने पर तथा उनके बच्चों के अनाथ हो जाने पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल टीम गठित कर बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में पहुंचकर पीड़ितों से रू-ब-रू होकर मृतक माता-पिता के बच्चों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश का पालन करते हुए माननीय न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में डालसा के सचिव (ईंचार्ज) अभिषेक श्रीवास्तव, पीएलवी, सतीश कुमार, सधनी कुमारी, दिनेश कुमार प्रमाणिक एवं अन्य टीम गठित कर बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में पहुंचकर पीड़ितों से रू-ब-रू होकर मृतक माता-पिता के बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही डालसा टीम के द्वारा पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। टीम के द्वारा एक कमजोर परिवार की पहचान की गई जिसमें एक बुजुर्ग महिला और तीन अनाथ बेटियां शामिल थी। यह परिवार संकट में है, खराब आवासीय परिस्थितियों में रह रहा है और बुनियादी कल्याण अधिकारों तक पहुंच से वंचित है। तत्काल कानूनी सहायता शुरू की गई है, और पेंशन योजनाओं, आवास, राशन और शिक्षा लाभों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान इसके बाल कल्याण विभाग से संपर्क किया गया है, और उन्होंने तीनों लड़कियों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी से भी डीएलएसए ने संपर्क किया है और उन्होंने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा है कि मामले को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित समिति के समक्ष रखा जाएगा।

## भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने तक सीमित : झामुमो

**बहनों-बेटियों को आर्थिक संबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाया**

रांची(एप्र)। भाजपा की ओर से हेमंत सरकार पर लगाए गए आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा जनादेश का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सोमवार को कहा कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठने के लिए चुना है, न कि निराधार आरोप लगाने के लिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने और अवरोध पैदा करने तक सीमित हो गई है। मंईयां सम्मान योजना को लेकर भाजपा की प्रतिक्रिया पर झामुमो ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति करने के लिए गरीब बहनों-बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठा रही है। पांडेय ने कहा कि यदि भाजपा को बहनों-बेटियों की इतनी ही चिंता है तो उनके कार्यकाल में ऐसी कोई योजना क्यों नहीं बनी। हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के जरिए 58-60 लाख बहनों-बेटियों को आर्थिक संबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाया है। भाजपा नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि हेमंत सरकार ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। इसके साथ ही सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस योजना के दुरुपयोग को रोके, ताकि पात्र लाभुकों को उसका हक जरूर मिले। भाजपा केवल झूठ फैलाकर बहनों-बेटियों के बीच भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रही है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक को चेताया आप सुधर जाइए



**रांची(एप्र)।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने विधायक सीपी सिंह को चेताया है कि आप सुधर जाइए। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि गरीब एवं लाचारों के साथ गलत करके खुद के लिए बेहतर जिंदगी की उम्मीद करने वाला इंसान कभी किसी का सगा नहीं हो सकता। जहर उगलने वाले नेता याद रखें, देशद्रोह की असली जड़ आपकी सोच है। कहा है कि मैं बार-बार आपको नसीहत दे रहा हूं कि आप सुधर जाइए। यह आपके लिए हित में होगा। जहर उगलना बंद कीजिए। डॉ इरफान ने कहा है कि सीपी सिंह जैसे नेताओं की जहरीली जुबान ही इस देश में नफरत की असली जड़ है। एक बच्चे की सोशल मीडिया पर की गई गलती को आप आइएसआइएस से जोड़ रहे हैं। ये सिर्फ ओछी राजनीति है और आपकी मानसिक दिवालियापन का प्रमाण भी। अगर आपके पास सबूत है तो कानून को सौंपिए, लेकिन धर्म-विशेष, मौलवियों और मदरसों को बदनाम करने का ठेका आपको किसने दिया है? आपकी यह घृणित सोच न तो देशभक्ति है, न राष्ट्र सुरक्षा की चिंता- बल्कि समाज को बांटने वाली एक खतरनाक साजिश है। आप बार-बार मुसलमानों को टारगेट करते हैं, क्या यही है आपका राष्ट्रवाद? मैं आपको खुली चुनौती देता हूं अगर हिम्मत है तो एक भी सबूत देश के सामने रखें कि वो युवक किसी आतंकी संगठन से जुड़ा है। वरना चुपचाप अपने राजनीतिक रिटायरमेंट की तैयारी कीजिए। आपको सोचना चाहिए कि उस मासूम बच्चे की मां पर क्या बीत रही होगी? एक मां की बेबसी, उसका रोता हुआ चेहरा और उसकी हाय आपको जरूर लगेगी। देश को आप जैसे नफरत के सौदागरों से ही सबसे बड़ा खतरा है। कानून पर भरोसा रखिए, नफरत फैलाना बंद करिए।

## बिल्डरों के रजिस्ट्रेशन की वैधता पर विभाग निष्क्रिय : चेंबर



**रांची(एप्र)।** झारखंड चेंबर की रियल एस्टेट और अर्बन डेवलपमेंट उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन अंचल किंगर और अलोक सरावगी अध्यक्षता में हुई। चेंबर भवन में सोमवार को हुई। बैठक में कहा गया कि बिल्डरों के रजिस्ट्रेशन को तीन साल के लिए वैध करने को लेकर विभाग को कई बार पत्राचार किया गया है। लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि स्टैग पार्किंग कई राज्यों में है, लेकिन झारखंड में इसे अभी तक मान्यता नहीं दी गई है। इसलिए इसे राज्य में जल्द लागू किया जाना चाहिए।

बैठक में चेंबर के उप समिति के अध्यक्ष अंचल किंगर और अलोक सरावगी ने संयुक्त रूप से कहा कि मास्टर प्लान और लैंड यूज को हर पांच साल में विभाग को सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर विचार कर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट उप समिति नए चैम्बर के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराएगा।

इसे लेकर सरकार को भी पत्राचार करने की सहमति बनी। बैठक में चेंम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महसचिव आदित्य मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, उप समिति चेयरमैन अंचल किंगर, अलोक सरावगी, सदस्य विकास मोदी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## धुर्वा में दो युवकों की गला रेत कर हत्या





**रांची(एप्र)।** बालसिरिंग गरसुल बांध के पास से धुर्वा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की सूचना पर दो युवकों का शव बरामद किया है। 17 और 19 वर्ष वर्षीय दोनों युवकों की हत्या धरदार हथियार से गला रेत कर की गयी है। हत्यारों ने एक युवक के शव को पानी में डाल दिया था जबकि दूसरे युवक का शव पानी से बाहर जमीन पर पड़ा था। जानकारी के मुताबिक जिस जगह पर शव पाया गया है वह काफी सुनसान जगह है, वहां बहुत कम लोगों का आना जाना होता है। सोमवार को अहले सुबह कोई वहां से गुजर रहा था जिसकी नजर शवों पर पड़ी उसके बाद उसने आस पास के ग्रामीणों को जानकारी गयी, बाद में घटना की सूचना पर धुर्वा थाना और तुपुदाना ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और मारे गये दोनों युवकों के शव की पहचान कराने ी कोशिश की लेकिन किसी ने उन्हें नहीं पहचाना। बाद में घटना स्थल धुर्वा में होने के कारण यहां की पुलिस शव को उठा कर पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया। हत्या की खबर आस पास के गांवों में जंगल की आग की तरह फैल गयी। जुटी भिड़ के लोग अपने अपने तरीके से इस हत्या की बातें कह रहे थे, ज्यादातर लोगों का कहना था कि संभवतः मारे गये दोनों युवकों का आसपास की किसी लड़की से प्रेम संबंध रहा होगा, और ये लोग बराबर वहां मिलने जाते होंगे, जिसकी जानकारी पर लड़की के परिजन या ग्रामीण इन दोनों की रेकी कर बीती रात पकड़ लिया और दोनों की गला रेत कर हत्या कर दी। धुर्वा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विमल किंडो ने बताया कि घटना की जानकारी और मारे गये दोनों युवकों की तस्वीर पहचान के लिए दूसरे थानों को भेजी गयी है। शवों की पहचान होते ही मामले का खुलासा भी हो जायेगा और हत्यारे भी पुलिस की गिरफ्त में आ जाएंगे। पुलिस अपने सूत्रों की मदद भी ले रही है।

# बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज



**धनबाद(एप्र)।** बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज की गई हैं। ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की संभावना है। इस स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम, आरपीएफ और बैंक मोड़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को अतिक्रमण हटाने का बड़ा अभियान चलाया।यह अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक चला। इस दौरान वर्षों से सड़कों पर स्थित ठेले, खोमचे और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने में जेसीबी मशीन की मदद भी ली गई। स्थानीय दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई कि यदि वे फिर से सड़क पर अतिक्रमण करते पाए गए, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिण हिस्से में फैली अवैध सब्जी मंडी को भी समाप्त किया गया। यह मार्ग ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक रास्ते के रूप में उपयोग होना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण वाहनों की आवाजाही में कठिनाई हो रही थी। अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर ट्रैफिक के लिए सुविधाजनक बनाया गया।नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी दी कि वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाना आवश्यक है, खासकर संकीर्ण क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज के मरम्मत के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए अतिक्रमण हटाने के बाद हम नियमित रूप से निगरानी रखेंगे ताकि पुनः अतिक्रमण न हो सके। इसके साथ ही, स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे सड़क किनारे दुकानों का संचालन न करें। पुलिस और नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त करेंगी ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और कोई अव्यवस्था न हो।

## सात दिवसीय श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से शुरू



**लोयाबाद(एप्र)।** सात दिवसीय श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और मेले के आयोजन के संबंध में मंदिर कमेटी के सक्रिय सदस्य बिनोद पासवान ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 24 वर्षों के बाद पहली बार हो रहा है। 13 मई को लोयाबाद हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ की शुरूआत होगी, जिसमें एक भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जो लोयाबाद क्षेत्र में भ्रमण करेगी। कलश यात्रा समाप्त होने के बाद काशी के यज्ञाचार्य श्री शंकर मार्तण्ड द्वारा धार्मिक अनुष्ठान के साथ यज्ञ का पूजन कार्यक्रम शुरू होगा, जो सात दिनों तक चलेगा। 13 मई को सुबह 6 बजे हनुमान मंदिर से कलश यात्रा संद्रा पुल के पास तालाब से जल लेने के बाद फिर से हनुमान मंदिर लौटेगी। 14 से 17 मई तक सभी देवी-देवताओं का आह्वान और पूजन शुरू किया जाएगा। 18 मई को मूर्ति नगर का भ्रमण होगा और 19 मई को दोपहर 2 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण की जाएगी। इसके अतिरिक्त, 13 से 19 मई तक हर दिन श्री प्रभाकर जी महाराज (वृंदावन) द्वारा श्रीराम कथा का प्रवचन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा, और दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक राम भक्तों का भंडारा आयोजित होगा। इस यज्ञ के मुख्य यजमान मनोज वर्णवाल और उनकी पत्नी निर्मला देवी हैं। कलश यात्रा में लगभग तीन हजार माताएं और कुंवारी बहनें, साथ ही एक हजार ध्वजा धारक पुरुष और महिलाएं शामिल होंगी। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे इस कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। प्रेसवार्ता में बिनोद पासवान, सुनिल पांडे, मनोज वर्णवाल,शंकर केशरी, मुकेश झा, विनय चौहान, मनोज चौहान, कृपाशंकर सिंह, सोमेन घोष, सुरेश यादव, संजय कुमार पांडेय, केदार पासवान,मन्नू सिंह, राजेश बाऊरी, गोरा नोनियां,गौतम,राजा शर्मा,श्याम सुंदर गुप्ता आदि समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल वृद्धा की हुई मौत



**धनसार(एप्र)।** धनसार थाना क्षेत्र के गजुवाटांड़ कुम्हार पट्टी में रविवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और पत्थरबाजी में घायल हुई वृद्ध महिला चिंता देवी की मौत हो गई। सोमवार को उसके शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को धनसार थाना के पास रखकर मुख्य गेट को जाम कर दिया, यह मांग करते हुए कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो।परिजनों ने डेढ़ घंटे तक जाम जारी रखा। सूचना मिलने पर धनसार थाना के प्रभारी मनोज कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले की छानबीन के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शव लेकर लौट गए। मृतक के बेटे रवि कुमार पंडित ने बताया कि शनिवार रात को मनईटांड़ कुम्हार पट्टी के कुछ लोग उनके घर आए और उनके भाई पर 20 हजार रुपये चोरी का आरोप लगाया। उस समय उनकी मां अकेली थीं और उन लोगों ने उनकी मां के साथ मारपीट की। रविवार की दोपहर जब वे बाजार से लौटे, तो उन लोगों ने फिर से पत्थरबाजी की, जिसमें उनकी मां को गहरी चोट लगी। जिसके बाद तुरंत उन्हें एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया,जहां उनकी मृत्यु हो गई।हालांकि धनसार पुलिस ने शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आंदोलन कर रहे परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।

## जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सों के सम्मान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे



**धनबाद(एप्र)।** बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मांझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर स्थित जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर के उपलक्ष्य में केक काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, समाजसेवी बेंगू ठाकुर,डॉ.जी.आर. महापात्रा और डॉ.एम भट्टाचार्जी ने हॉस्पिटल और देश के सभी नर्सों को उनके मरीजों के प्रति कोरोना काल में महत्वपूर्ण योगदान के लिए,दिनरात रोगियों के देखभाल में उल्लेखनीय, महत्वपूर्ण व ममतामयी भूमिका निभाने,समय पर दवाइयां और भावनात्मक समर्थन देने के लिए बधाई व शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया। नित्यानंद मंडल ने कहा कि हम अस्पताल में अपने सभी नर्सेज एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मान,आदर एवं चिकित्सीय फैसिलिटी देते हैं इस वजह से उनका मनोबल ऊंचा रहता है और वह मरीजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर मन और लगन से सेवा करती है। इस अवसर पर जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार दिया गया।नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य,फामेर्सी कॉलेज की प्राचार्या नीलम सिंह, वर्षा रानी,शिल्पा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी समेत सभी शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बांका : बारातियों की बस में दौड़ा करंट दो की मौत, कई झुलसे




**बैद्यनाथधाम/देवघर (निसं)।** देवघर के सीमावर्ती जयपुर थाना (बांका जिला, बिहार) के बाराकोला गांव के पास बारातियों से भरी एक बस हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। इसमें दो बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 बाराती बुरी तरह से जख्मी गए। जिनका इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है। हादसा सोमवार सुबह में हुआ, जब शादी समारोह खत्म होने के बाद बारात लौट रही थी। बस की छत पर बैठे बाराती हादसे में मरे और जख्मी हुए हैं। मृतकों बिहार के बांका जिले के बौंसी थाना अंतर्गत सांगा पंचायत के कुमरभार गांव निवासी संतोष कुमार सिंह (14) एवं तेलियाकुरा गांव निवासी कटकी पहाड़िया (45) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में कुमरभार गांव निवासी लक्ष्मी (5), दिलीप कुमार (30), बौंसी थाना क्षेत्र के महगुड़ी निवासी मुकेश कुमार मरांडी (25), झारखंड के दुमका सदर थाना अंतर्गत चौकीतरी गांव निवासी शिव कुमार (8) आदि शामिल है। सभी घायलों का इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार रात बौंसी थाना क्षेत्र के कुमरभार गांव के भैरो सिंह के पुत्र शंकर सिंह की बारात जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत के कालाडंडा गांव आई थी। सोमवार सुबह 10 बजे लगभग 25 की संख्या में बाराती बस द्वारा वापस कुमरभार लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़िया मोड़ के समीप सड़क के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट की तार के संपर्क में बस आ गई। जिससे पूरी बस में करंट दौड़ गई। घटना में सभी बाराती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी सभी को जयपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर द्वारा जांच कर दो बारातियों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि जख्मी 17 बारातियों का प्राथमिक उपचार कर घटना में गंभीर रूप से जख्मी 5 लोगों को कटोरिया और 5 लोगों को देवघर रेफर कर दिया गया। फिलहाल जख्मी सभी का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है वहीं स्थानीय लोग सहित पीड़ित परिजन बिजली विभाग की लापरवाही पर आक्रोश जता रहे हैं।

### स्टेट टॉपर श्रेया केसरी संत माइकल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित




**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र)।** स्थानीय संत माइकल एंग्लो ग्रुप ऑफ स्कूल्स के बैनर तले आईएससी 12वीं की स्टेट टॉपर (आर्ट्स) देवघर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रवि केसरी और नीतू केशरी की पुत्री श्रेया केसरी को संत माइकल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यालय ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जय चंद्र राज, वेक्सो इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव, दीनबंधु उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार ने श्रेया को उक्त अवार्ड प्रदान किया। ज्ञात हो श्रेया वर्ग नर्सरी से ही देवघर संत फ्रांसिस स्कूल की छात्रा रही है। वर्ग दशम में उसने 97% अंक एवं इस बार वर्ग द्वादश में कला संकाय में 98.5% प्राप्त करके पूरे राज्य में टॉपर रही है। श्रेया खुद को सुप्रीम कोर्ट में पदस्थापित करने की तमन्ना रखती है। उसने क्लैट की परीक्षा में 15 वां रैंक लाकर अपनी योग्यता से परिवार का नाम पूर्व में ही रौशन कर चुकी है। श्रेया ने कहा कि टॉपर बनने के लिए प्रभावी अध्ययन योजना बनाना, समय का सही उपयोग करना, और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना महत्वपूर्ण है। साथ ही नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास, और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। एक अच्छी अध्ययन योजना बनाने की आवश्यकता है, जिसमें अपने लक्ष्यों, संसाधनों और समय का आवंटन शामिल हों। समय का सही उपयोग करें, अवधि में फिट रहें, और नियमित रूप से पढ़ाई करें। स्वस्थ आहार लें, पर्याप्त नींद लें, और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। लगातार अभ्यास करें और मॉक टेस्ट हल करें ताकि अपनी तैयारी का मूल्यांकन कर सकें। डॉ. राज ने कहा कि श्रेया में वे सारे गुण है जो एक होनहार विद्यार्थी में होना चाहिए।

### अखंड कीर्तन का आयोजन



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** राजा बगीचा में वैसाख पूर्णिमा पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम का आयोजन किया गया एवं जिसका समापन सोमवार को हो गया। आनंदमार्ग जागृति राजाबगीचा में प्रातः 5 बजे पांचजन्य के बाद जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। उसके बाद जन्मदिवस मनाया गया। जिससे पूरा भक्तिमय माहौल हो गया । इस अवसर पर आश्रम एवं शहर में घूम-घूम कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आचार्य परमानन्द अवधूत ने मार्ग गुरुदेव श्री श्री आनंदमूर्ति जी के अवतरण एवं अवदान के बारे में बताया।

### करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**मधुपुर (निसं)।** मधुपुर विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर के राजकीय विद्यालय मैदान में एक प्रेरणादायक और भविष्य को दिशा देने वाला करियर डेवलपमेंट एंड हाइयर एजुकेशन गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मंत्री हफीजुल हसन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ?शिक्षा ही वह साधन है जो किसी भी व्यक्ति को समाज में पहचान, आत्मनिर्भरता और सम्मान दिला सकता है। उन्होंने छात्रों से मेहनत, ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ाई करने की अपील की।

## आंधी-पानी ने सारठ में मचाई तबाही, कई पेड़ और बिजली के खंभे गिरे



**सारठ (एप्र)।** सारठ प्रखंड इलाके में सोमवार दोपहर को आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आंधी-तूफान और बारिश से कई बिजली के पोल और पेड़ उखड़ कर गिर गए। जिससे दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली बाधित है और वहीं पेड़ गिरने के कारण रास्ते भी बंद हो गया है। बिजली विभाग की टीम उक्त गांवों में बिजली बाधित करने में जुट हुई है। प्रखंड के पथरड्डा व उसके आसपास के इलाके में सबसे अधिक तबाही हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर दो बजे अचानक आई तेज आंधी-पानी से भारी तबाही हुई है। कुण्डारो के समाजसेवी अजीत यादव ने बताया कि दोपहर बाद अचानक गरज मलक के साथ तेज आंधी व बारिश से दस मिनट में ही पूरा इलाका तहस-नहस हो गया। संथाली सिमरा सब स्टेशन से एग्रीकल्चर फीडर बस्की भाया पथरड्डा मेन लाइन के हाई टेंशन तार के करीब एक दर्जन से भी अधिक बिजली के खंभे आंधी में गिर गए। इससे कुण्डारो भाया पथरड्डा समेत लगभग 20-25 गांवो में बिजली बाधित हो गयी है। साथ ही बताया कि उनके गांव में कई फलदार वृक्ष क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे गांव के सड़क पर तत्काल आवा जाही बंद हो गई।

#### बारिश के कारण गर्मी से लोगों को मिली राहत

आंधी-बारिश से लोगों को दोपहर बाद गर्मी से राहत मिली है। सारठ मुख्यालय में सिर्फ बारिश हुई है, लेकिन पथरड्डा इलाके में बारिश के साथ-साथ आंधी भी चली। मौसम विभाग ने पहले ही संताल परगना के कई इलाके में मौसम में बदलाव की आशंका जताई थी। उधर, देवघर शहर में भी दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया। आसमान में बादल छाने के कारण लोगों को गर्मी को राहत मिली। लेकिन देवघर में बारिश नहीं हुई।



## जून, जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ : डॉ. इरफान

■ **आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को लेकर लिया गया निर्णय**



**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र)।** आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को देखते हुए खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य के 2.88 करोड़ राशन कार्डधारी लाभुकों को जून, जुलाई और अगस्त–तीनों माह का राशन एक साथ देने का फैसला लिया है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय भी कोई भूखा नहीं सोएगा। विभाग के द्वारा राशन वितरण के आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही, सभी जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि वितरण कार्य में कोई भी लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर व सुरक्षित ढंग से राशन प्राप्त हो। गरीबों के साथ अन्याय किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह हेमंत सोरेन की संवेदनशील सरकार है और हम जवाबदेही के साथ काम कर रहे हैं। मैं खुद वितरण कार्यों की निगरानी करुंगा और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी डीएसओ, एफसीआई अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें तीन माह के अनाज का संग्रह, गोदामों की उपलब्धता, लॉजिस्टिक व्यवस्था एवं राशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि अनाज कहीं भी सड़े-गले नहीं और हर लाभुक को सही मात्रा और गुणवत्तापूर्ण राशन मिले। राज्य सरकार का हर कदम गरीबों की भलाई के लिए है। हमलोग 24 घंटे जनता की सेवा में लगे हैं। लोगों का विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है और हम उसे टूटने नहीं देंगे।

## महिला सभा की बैठक आयोजित



**मधुपुर (निसं)।** मारगोमुंडा प्रखंड अंतर्गत सुग्गा पहाड़ी पंचायत के कोल टोला स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को स्वयंसेवी संस्था प्रेरणा भारती द्वारा संचालित संभवा कार्यक्रम के तहत महिला सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिवानी देवी ने की। बैठक में सर्वप्रथम महिलाओं से परिचय प्राप्त करने के उपरांत उन्हें महिला सभा के महत्व की जानकारी दी गई। मौके पर कार्यक्रम समन्वयक अरुण निर्झर ने कहा कि आज हम पंचायती राज व्यवस्था के तहत जी रहे हैं। इस नई व्यवस्था के तहत अब गांव के विकास की योजना दिल्ली या रांची से नहीं आती बल्कि गांव में ही ग्राम सभा के माध्यम से गांव के विकास की योजना तैयार की जाती है ।सरकार के निदेर्शानुसार ग्राम सभा की बैठक करने से पूर्व महिला सभा की बैठक करना अनिवार्य है। ताकि ग्राम की विकास योजना तैयार करने में महिलाओं के हितों की अनदेखी न हो सके। इसलिए महिलाओं को सतत सजग रहना है और ग्राम सभा में भागीदारी निभाते हुए ग्राम सभा को सशक्त बनाना है ताकि गांव के समग्र विकास की नींव रखी जा सके। इस मौके पर अनुपमा मरांडी, आफताब आलम, देवंती देवी, चांदनी देवी,सुमन देवी, कमली देवी,कलावती देवी, पार्वती देवी ,पूनम देवी आदि दर्जनों ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

## विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** सदर अस्पताल देवघर के सभागार विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. शरद कुमार, डॉ. चित्तरंजन पंकज, डॉ. प्रियंका सहित झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में वरीय एएनएम मीना पांडेय, अनीता कुमारी, मंजू टुड की मौजूदगी में केक कटिंग किया गया। सिविल सर्जन ने नर्सों ईमानदारी पूर्वक बीमार लोगों की सेवा करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि नर्स के व्यवहार और सेवा भावना से ही मरीजों की आधी बीमारी ठीक हो जाती है। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने सभी एएनएम को चाकलेट देकर उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम में संघ के संयुक्त सचिव संजीव मिश्र, उपाध्यक्ष रवि रंजन, विजय सिंह, शाहनवाज, सुरेश, शैलेश, रानी रीतम, मीना झा,उषा, अनीता, अंजू प्रियंका, संगीता सहित दर्जनों एएनएम मौजूद थीं।

## बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़





**देवघर नगर।** वैसाख मास की पूर्णिमा तिथि पर सोमवार को बाबा बैद्यनाथ के जलार्पण को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्णिमा के साथ सोमवार होने के कारण इसे काफी शुभ माना जाता है। इस दिन कामना लिंग पर गंगा जल और बेलपत्र अर्पित करने की परंपरा है। वहीं पूर्णिमा तिथि पर मंदिर प्रांगण में कई धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य भी हुए। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में बैद्यनाथ मंदिर का पट खुला। इसके बाद स्थानीय तीर्थ पुरोहितों ने कांचाजल पूजा की। इसके बाद सरकारी पूजा हुई। तब आम श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया है। श्रद्धालुओं की कतार मंदिर से निकल कर मानसरोवर तक पहुंच गई थी। भीषण गर्मी और धूप के कारण कतार में लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। पानी, पंखा आदि की व्यवस्था भीड़ के आगे कम पड़ गई थी। मंदिर के निर्यंत्रित करने के लिए मंदिर प्रशासन के साथ-साथ पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पदाधिकारी भी मुस्तैद दिखे।

#### कीर्तन का समापन

विश्व कल्याण देवनगरी में चलने वाले मास व्यापी कीर्तन का सोमवार को वैसाख पूर्णिमा के दिन समापन हो गया। बम-बम बाबा कीर्तन समाज की ओर से यह कीर्तन चल मास से चल रहा था। समापन के मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधिवत पूजा कर कीर्तन का समापन किये, जो पिछले पूर्णिमा 12अप्रैल को संकल्प कर शुरू हुआ था। प्रत्येक गुरुवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण में रात को कीर्तन किया हो रहा था। साथ ही सोमवार को प्रातः 4.45 बजे को डॉ. मोतीलाल मिश्र (महाराज जी) आचार्य एवम् कीर्तन दल के महामंत्री स्व अनिल खवाड़े के पुत्र सोमनाथ खवाड़े (पुजारी) ने श्री लक्ष्मी नारायण की पूजा की और रात में मंदिर प्रांगण में कीर्तन कर उसका समापन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रुद्र दत्त द्वारी (बोधु), जवाहर द्वारी मोती द्वारी, विजय पांडेय, मोनू द्वारी, सुग्गा तनपुरिए, विनोद कुंजिलवार, प्रदीप द्वारी, रवि मिश्र, सतीश द्वारी, सेठ पंडित, गणेश खवाड़े ने सहयोग किया।

## 14 को मिलेगा नियुक्ति-पत्र

**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र)।** जिले में चौकीदार बहाली के सफल अभ्यर्थियों को 14 मई को नियुक्ति-पत्र मिलेगा। यह जानकारी डीसी विशाल सागर ने दी। उन्होंने बताया कि शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला के आधिकारिक वेबसाइट देवघर पर अपलोड दी गई है।

## ममता किरण को भारत प्रतिभा सम्मान पुरस्कार मिला



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** डिवाइन पब्लिक स्कूल की संस्थापक सह सचिव ममता किरण को भारत प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया है। भारत प्रतिभा सम्मान

परिषद दिल्ली द्वारा दिल्ली में आयोजित तीसरे भारत प्रतिभा सम्मान पुरस्कार समारोह में ममता किरण को उक्त सम्मान मिला। सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानमंत्री संग्रहालय की ओर से किया गया था। ममता किरण को यह पुरस्कार शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। पुरस्कार उन्हें सनद व पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुडूचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और भारत की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अर्जन कुमार सीकरी थे। इस पुरस्कार समारोह का उद्देश्य भारत की जमीनी स्तर की प्रतिभा को सम्मानित करना है। जिसके अंतर्गत वर्ष 2025 के कार्यक्रम में समाज और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 14 अलग-अलग श्रेणीयों में ममता किरण सहित कुल 15 असाधारण व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी जाहिर करते हुए ममता किरण ने भारत प्रतिभा सम्मान परिषद को धन्यवाद दिया एवं भविष्य में भी स्वयं को शिक्षा व समाज के लिए समर्पित रखने की बात कही। ममता किरण को इससे पहले भी अप्रैल 2025 में ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन द्वारा शेरेटन ग्रैंड पैलेस, इंदौर में आयोजित वर्ल्ड वीमेन आइकॉन अवार्ड 2025 में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला आइकॉन पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## डॉ. सुनील खवाड़े बने झारखंड लॉन बॉल संघ के उपाध्यक्ष

### देवघर समेत राज्य में खेल और खिलाड़ियों का विकास प्राथमिकता : खवाड़े



**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र)।** देवघर के जाने-माने समाजसेवी और कई खेल संघों से जुड़े डॉ. सुनील खवाड़े को झारखंड लॉन बॉल संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। संघ के महासचिव मधुकांत पाठक के अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में सभी जिले के अध्यक्ष, सचिव, राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय, खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें लॉन बॉल से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। तय हुआ कि सभी जिलों से कम से कम 10 खिलाड़ियों 5 महिला एवं पुरुष 5 का रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। कोच और ऑफिशियल के लिए सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस दौरान झारखंड लॉन बॉल संघ के महासचिव मधुकांत पाठक ने देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े को उपाध्यक्ष पद का प्रस्ताव दिया जिसे सर्व सम्मति से सभी ने स्वीकार किया। संघ के महासचिव मधुकांत पाठक ने झारखंड बॉल्स प्रीमियर लीग कराने पर भी विचार किया, जिसमें संभावित 6 टीम के खेलने की संभावना है। इसमें आसाम, बंगाल, देवघर, रांची, बोकारो और एक अन्य टीम के भाग लेने की संभावना है। जून के अंतिम सप्ताह में होने की आयोजन की संभावना है। उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने के बाद डॉ. सुनील खवाड़े ने महासचिव मधुकांत पाठक एवं सभी जिला के अध्यक्ष, सचिव का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जहां खेल, वहां सुनील खवाड़े है और जो जिम्मेदारी मिलेगी उसको निभाएंगे। वहीं उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिलने पर देवघर जिला लॉन बॉल संघ के अध्यक्ष आशीष झा, सचिव कृष्ण कुमार बरनवाल, उपाध्यक्ष नवीन शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर डॉ. सुनील खवाड़े बधाई दी।

**झारखंड बॉल्स प्रीमियर लीग कराने पर भी विचार**

## पैक्स चुनाव को लेकर किया नामांकन



**सारठ (एप्र)।** कैराबांक पंचायत पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पैक्स ऑडिटर प्रदीप एक्का के समक्ष दाखिल किया। प्रदीप एक्का ने बताया कि सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए रूपेश सिंह, नागेश्वर प्रसाद सिंह समेत तीन व पन्द्रह कार्यकारिणी सदस्य ने नामांकन किया है। अगले महीने की दो तारीख को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कैराबांक पंचायत में पैक्स चुनाव सुनिश्चित है। मौके पर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के बाद रूपेश ने बताया कि उक्त पैक्स में 405 सदस्य हैं और उन्हें एक तिहाई सदस्यों के मत मिलने का अनुमान है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**हिरणपुर (एप्र)।** शहरग्राम - डांगापाड़ा मुख्य पथ के तेलोपाडा गांव निकट सोमवार दोपहर को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दलदली गांव निवासी मरांग मुर्मू (45) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जिसकारण आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे अंचलाधिकारी मनोज कुमार , थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो , एएसआई गोविंद मण्डल ने ग्रामीणों से वार्ता कर दाह संस्कार को लेकर आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान बाबूपुर पंचायत के मुखिया जन्तु सोरेन व केंदुआ मुखिया स्टीफन मुर्मू भी उपस्थित थे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल भेजा। घटना करीब दिन के 12 बजे की बताया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने गांव के प्लांट निकट सड़क किनारे झाड़ी में एक व्यक्ति को मृत अवस्था मे पड़ा हुआ देखा। जिसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दी गई। शव के दाहिने पैर में गम्भीर जख्म देखा गया। जो निकटवर्ती गांव आसनजोला में किसी रिश्तेदार के घर मे आये पत्नी बिटिसूनी मरांडी से मिलने आया था। मृतक का दो पत्नी व तीन बच्चे है। कयास लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन से धक्का मारे जाने से सड़क से दूर जा गिरा होगा। वही कुछेक लोगो का कहना था कि मृतक बाइक में सवार था , पर घटनास्थल में बाइक नही पाया गया। जो पुलिस अनुसन्धान में ही स्पष्ट हो पायेगा की दुर्घटना कैसे हुई? अंचलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना को लेकर स्थानीय लोगो से जानकारी ली गई। आगे इसकी सघन जांच की जाएगी कि दुर्घटना कैसे हुई। बहरहाल इस घटना से मृतक के पत्नी , बच्चे सहित स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था।

### वन विभाग ने लकड़ी और भूटभूटिया वाहन को किया जब्त

**महेशपुर (एप्र)।** महेशपुर-पाकुड़िया सीमा क्षेत्र के बोनडिगा गांव के पास सोमवार को वन विभाग की कर्मियों ने अवैध तरीके से लकड़ी ले जा रहे भुटभूटिया समेत पांच बोटा लकड़ी को जप्त कर लिया है।जब्त भुटभूटिया एवं लकड़ी को वन विभाग कार्यालय महेशपुर में रखा गया है। इस संबंध में वनरक्षी मोहीलाल मुर्मू ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि भुटभूटिया में अब तरीके से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना पर वनरक्षी सुनील साहा के साथ पाकुड़िया- महेशपुर सीमा पर छापेमारी कर अवैध तरीके से लकड़ी ले जा रहे हैं। भुटभूटिया को जब्त कर लिया। बताया कि वन कर्मियों को देखते ही लकड़ी तस्कर भुटभूटिया एवं लकड़ी को छोड़कर भाग निकला। जिसे जब्त कर वन विभाग कार्यालय में रखा गया। बताया कि भुटभूटिया समेत जब्त लकड़ी की सूचना जिला के वरीय अधिकारी को दिया गया है। कर्मियों ने बताया कि जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 20 से 25 हजार रुपया है।

### बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे दो हाइवा जब्त

**हिरणपुर (एप्र)।** अवैध रूप से खनिज पदार्थों के परिवहन पर प्रशासन के द्वारा निरंतर सख्ती बरती जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा सोमवार को चौड़ा मोड़ के निकट बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे दो हाइवा को जब्त किया। पत्थर लदे हाइवा संख्या डब्लूबी 93 बी 7995 व जेएच 16 जी 1394 मुख्य सड़क होते हुए कोटालपोखर की ओर जा रही थी। इसी दौरान डीएमओ ने दोनों वाहनों को रोका। दोनों वाहनों में ओवर लोड पत्थर पाया गया। वहीं पत्थर से संबंधित माइनिंग चालान तत्काल प्रस्तुत नहीं किया गया। इसको लेकर तत्काल दोनों वाहनों को जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। बताते चले कि बिना माइनिंग चालान के डांगापाड़ा चीतलों (लिट्टीपाड़ा) पथ में धड़ल्ले से पत्थरों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस पर विभाग के द्वारा त्वरित कार्रवाई करना आवश्यक है। डीएमओ ने बताया कि जब्त पत्थर लदे वाहनों की जांच की जा रही है। इसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### क्या झारखंड में कानून सबके लिए बराबर है?

**रांची (एप्र)।** रांची के विधायक सीपी सिंह के कहने पर झारखंड पुलिस ने हाल ही में एक नाबालिग लड़के को गिरफ़्तार किया। उस पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर अखंड भारत के नक्शे के साथ इस्लामिक कलमा लिखते हुए एक कल्पनात्मक पोस्ट साझा की थी, जिसमें एक इस्लामिक राज्य की बात की गई थी। मैं इस तरह की पोस्ट को गलत और असंविधानिक मानता हूँ, लेकिन सवाल ये है कि क्या कानून की संवेदनशीलता सब पर बराबर लागू होती है? या नाम देख कर? हकीकत यह है कि अनेक हिंदूवादी संगठन और यहाँ तक कि बीजेपी से जुड़े नेता भी बार-बार ₹अखंड भारत₹ का वही नक्शा भगवा रंग में दिखाते हैं, उस पर धार्मिक नारे, देवी-देवताओं की तस्वीरें और सांस्कृतिक एजेंडा थोपते हैं जिसमें हिन्दू राष्ट्र की कल्पना की की गई होती है, मगर तब किसी को कोई आपत्ति नहीं होती। न कोई मामला दर्ज होता है, न ही किसी की गिरफ़्तारी। तब यह धार्मिक अभिव्यक्ति कहलाती है। तो जब एक मुस्लिम नाबालिग उसी नक्शे पर रंग बदल कर, अपनी धार्मिक पहचान के साथ एक कल्पना प्रकट हुआ पोस्ट को शेयर करता है, तो तुरंत उसे देशद्रोही करार दे दिया जाता है? उसे गिरिफ्तार कर लिया जाता है वह भी सीपी सिंह के शिकायत पर, यह दोहरा मापदंड क्यों? सीपी सिंह वही नेता हैं जिनके ऊपर खुद बारियातू और हिंदपीढ़ी थानों में एफआईआर दर्ज हैं, उन्होंने कई बार खुलेआम मुसलमानों के खिलाफ भड़काऊ और आपत्तिजनक बयान दिए हैं। उनके भाषण बार-बार साम्प्रदायिक नफरत फैलाते हैं, लेकिन न सरकार ने और न ही पुलिस ने कभी उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की। और आज वही नेता एक नाबालिग के खिलाफ शिकायत करता है तो झारखंड पुलिस तुरंत हरकत में आ जाती है? क्या हम एक ऐसे लोकतंत्र में रह रहे हैं जहाँ कानून का इस्तेमाल केवल चुनिंदा लोगों और समुदायों को दबाने के लिए किया जाता है? अगर किसी पोस्ट को आपत्तिजनक माना जा रहा है, तो कार्रवाई का मापदंड सबके लिए एक जैसा क्यों नहीं होता?
तनवीर अहमद
सामाजिक कार्यकर्त्ता-9431101871

### नर्सेज मां का रूप ममता और सेवा की जननी : आदिल

**रांची (एप्र)।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के महासचिव एवं झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर राज्य की नर्सों, एएनएम, जीएनएम, ए-ग्रेड सहित सभी नर्सों को स्वास्थ्य विभाग का रीढ और ताकत बताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि मां के बाद इस पृथ्वी पर अगर कोई ममता भरी छांव है तो वह हमारी नर्सेज बहने हैं जिनकी अपार सेवा और दिन-रात की अथक प्रयासों से कई जिंदगी बचती हैं और उनके परिवारों में खुशियां वापस आती है। उन्होंने कहा कि नर्सेज बहनों के बिना स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की कल्पना भी नहीं की जा सकती और न ही स्वास्थ की कोई नीति निर्धारण या व्यवस्था को अमली जामा पहनाया जा सकता है इसलिए नर्सेज बहनों को अपनी मां की तरह मान और सम्मान देना चाहिए। कहा की चाहे कोरोना हो, महामारी हो या कोई आपदा एवं किसी प्रकार की कोई भी इलाज बिना हमारी नर्सेज बहनों के असंभव है इसलिए हम सबको नर्सेज बहनों के मान और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर और खड़े रहना चाहिए।

# छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**पाकुड़ (एप्र)।** शहर के सिंधीपाड़ा में संचालित जेनरेशन जेड क्लासेज कोचिंग सेंटर की ओर से रविवार को सुबह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के पश्चात शाम को क्विज आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कोचिंग सेंटर के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन खेलकूद सहित सभी तरह के इवेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कोचिंग सेंटर के संचालक सुभम मध्यान ने बताया कि जेनरेशन जेड क्लासेज ने अपने न्यू जैन स्पोर्ट्स इवेंट के दूसरे चरण का आयोजन शाम को रखा। इस प्रतियोगिता में कई सारे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें क्विज में सबसे पहला स्थान साहिल अंसारी और दूसरा स्थान श्याम मंडल तथा तीसरा स्थान प्रेम मंडल को मिला। इसी दौरान शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी अपनी राय दी।



शिक्षा पर परिचर्चा में सभी ने एक भाषण दिया। जिसमें पहला पुरस्कार श्याम मंडल को मिला। दूसरा हबीबुल शेख को एवं तीसरा प्रीति शाह को मिला। इन सभी कार्यक्रमों के बाद अंत में मनोरंजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें श्याम एवं प्रीतम की जोड़ी ने पहला पुरस्कार हासिल किया। जेनरेशन जेड क्लासेज प्रत्येक वर्ष में ऐसे तीन बड़े प्रतियोगिता का आयोजन करती है। जिनके द्वारा वे विद्यार्थियों को कई सारी नई चीजों को सीखने का प्रयास कराती है। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा खेलकूद एवं विज्ञान में भी उतना ही कुशल होना चाहिए, जितना की पढ़ाई में है। बता दें कि इसी दिन सुबह में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दमखम दिखाया। यह आयोजन सिंधीपाड़ा से सटे मिशन कैंपस में किया गया। इस संबंध में कोचिंग सेंटर के संचालक सुभम मध्यान ने बताया कि जेनरेशन जेड क्लासेज ने इस वर्ष अपना पहला स्पोर्ट्स इवेंट करवाया। जिसमें कोचिंग के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो भाग में आयोजित किया गया?। जिसमें पहला भाग 11 मई सुबह में हुआ। इसमें कई प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान साहिल शेख को मिला। वहीं द्वितीय स्थान प्रीतम और तीसरा स्थान हजरत को मिला। इसी प्रकार लंबी छलांग में तीसरा स्थान हजरत को, दूसरा स्थान अमन को एवं पहला स्थान प्रीतम को मिला। जिसने 11 फिट लंबी छलांग मारी। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 10 के हबीबुल की टीम ने जीत हासिल की। क्रिकेट मैच में रैंकर्स एवं रेगुलर के मैच के बीच रेगुलर ने बाजी मारी। यहां भी कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने जीत हासिल किया।

## मार्शल आर्ट में रणवीर को मिला स्वर्ण व पूनम को कांस्य पदक



**पाकुड़ (एप्र)।** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता में पाकुड़ के दो नन्हें मार्शल आर्टिस्ट ने धमाल मचा दिया है। एक ने कांस्य पदक तो दूसरे ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इस संबंध में कोच नारायण चंद्र रॉय ने बताया कि रांची के लॉन बॉल स्टेडियम में 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें बालिका वर्ग में पूनम कुमारी ने 24 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीती है। जबकि बालक वर्ग में 32 किलो वर्ग में रणवीर ठाकुर ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में दोनों नन्हे मार्शल आर्टिस्ट ने अपनी प्रतिभा को निखारा और पदक हासिल कर पाकुड़ जिले का नाम रोशन किया है। इन दोनों नन्हे मार्शल आर्टिस्ट को पाकुड़ के खेल प्रेमियों ने विशेष तौर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। इन्हें खेल संघ से जुड़े अम्लान कुसुम सिंहा उर्फ बुल्टी, रणवीर सिंह, अर्धेंदु शेखर गांगुली, जवाहर सिंह, उमर फारूक सहित अन्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## अवैध लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त, चालक गिरफ्तार



**लिट्टीपाड़ा (एप्र)।** थाना क्षेत्र के साहिबगंज गोविंदपुर एक्सप्रेस हाइवे पर सोनाधनी गांव के समीप वन विभाग ने सोमवार को अवैध लकड़ी लदा एक पिकअप वैन को जब्त किया है। वन विभाग में तैनात गार्ड अनुपम कुमार यादव ने बताया कि सोनाधनी के समीप पिकअप वैन संख्या बीआर 11 जीएफ 4148 तेज गति से अमडापाड़ा की ओर जा रही पिकअप वैन को रोककर जांच करने पर अवैध रूप से सैकड़ों पीस तकता एवं चौखट लोड था। जिसका कागजात चालक से दिखाने के लिए कहने पर, उन्होंने कोई कागज नहीं दिखाया और चालक ने बताया कि यह लकड़ी बीजीआर कोल कंपनी का है। बिहार के कटिहार से ला रहे थे, जिसे बीजीआर कोल कंपनी अमड़ापाड़ा ले जा रहे है। वन कर्मियों ने वाहन को जप्त कर लिट्टीपाड़ा वन विभाग परिसर में रखा है और चालक को गिरफ्तार कर रखा गया है। वन गार्ड अनुपम कुमार यादव ने बताया कि चालक पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। साथ ही वाहन मालिक पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।

## ट्रेड लाइसेंस व होल्डिंग टैक्स शिविर में पहला दिन 1 लाख 34,971 रुपए राजस्व की वसूली

**पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं नगर परिषद पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अंबेडकर चौक के पास होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस के लिए तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स शिविर में पहला दिन 1 लाख 34,971 रुपए राजस्व की वसूली हुई। पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव कुमार खत्री ने बताया कि पहला दिन होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर संपन्न हुआ। जिसमें दो ट्रेड से 1020 तथा होल्डिंग टैक्स से 01 लाख 33,951 रूपए राजस्व नगर परिषद को प्राप्त हुआ। बता दें कि होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस शिविर 12 मई से शुरू होकर 13



एवं 14 मई तक चलेगा। शिविर सुबह 10:30 बजे से लगाया जा रहा है। इस संबंध में चैंबर ऑफ कॉमर्स पाकुड़ के सचिव संजीव कुमार खत्री ने बताया कि 1.0 से 100 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 300 रुपए प्रति वर्ष, 101 से 500 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 500 रुपए प्रति वर्ष, 501 से 1000 एसक्यू एफ वाले प्रतिष्ठान के लिए 1500 रुपए प्रति वर्ष, 1001 से ऊपर वाले प्रतिष्ठान के लिए 2500 रुपए प्रति वर्ष के लिए निर्धारित है। उन्होंने बताया कि ट्रेड लाईसेंस अधिकतम दस वर्षों के लिए बनाया जा सकता है। उन्होंने होल्डिंग टैक्स में विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पाकुड़ क्षेत्र अंतर्गत सभी सम्मानित व्यापारियों एवं जनता से आग्रह है कि शिविर में अपना-अपना लाइसेंस बनवा ले एवं होल्डिंग टैक्स में विशेष छूट का लाभ उठाकर होल्डिंग टैक्स भी जमा करें। शिविर में ट्रेंड फॉर्म की सुविधा उपलब्ध होगी। आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जरुरी बताया। होल्डिंग टैक्स रिसीव, रेंट एग्रीमेंट, इलेक्ट्रिक बिल की भी बात कही है। नवीकरण के लिए पुराने लाइसेंस की छाया प्रति लाने को कहा है। मौके पर पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल जैन, संयुक्त सचिव बृज मोहन साह, नरेश बाकलीवाल, नगर परिषद से नगर प्रबंधक मृत्युंजय पांडेय, टीम लीडर देवाशीष गोस्वामी, मुकेश, राजू, देवजीत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध को किया नमन, विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

**पाकुड़ (एप्र)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पाकुड़ रेलवे कॉलोनी स्थित सिद्धार्थ नगर में स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर आमजनों सहित मोहल्ले वासियों ने निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष संपा साह के नेतृत्व में माल्यार्पण कर नमन करते हुए विश्व शांति की लिए प्रार्थना की। मौके पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे अजहर इस्लाम, भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय मौजूद थे। माल्यार्पण के क्रम में बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर अजहर इस्लाम ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा को ही बैसाख पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन महात्मा बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनीवन में ईसा पूर्व 556 में हुआ था।भगवान बुद्ध ने नई दिशा दी।



भगवान बुद्ध ने छुआछूत सामाजिक बुराइयों की भावना को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक किया। छठी ईशा पूर्व में भगवान बुद्ध ने धार्मिक सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया।विश्व शांति अहिंसा और करूणू का संदेश दिया। निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा ज्ञान शांति और आत्मनिरीक्षण का प्रतीक है। लोग बहुत श्रद्धा पूर्वक मानते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व उनके आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज का कार्यक्रम में सुशील साह, रूपेश मंडल, मुरारी मंडल, अनिकेत गोस्वामी, निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद, पिंटू हाजरा, मनोरमा देवी, श्याम पोद्दार, मिथिलेश मंडल, अर्चना पोद्दार, अल्पना मुखर्जी, अधिवक्ता संजीत मुखर्जी, मनीष कुमार पांडेय, रणजीत राम, सादेकुल आलम, हरि नारायण साह, धर्मेंद्र साह, राजेश डोकानिया, सादेकुल शेख, संगीता साहा, रिंकू दास, मंगली दास, रेखा रजक, सावित्री राय, जीतू सिंह, अमित साहा, मधुसूदन साह, पुणेंदु गांगुली, बहादुर मंडल, भुटू कुनाई, कन्हैया रजक मौजूद थे।

## बस स्टैंड में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



**पाकुड़ (एप्र)।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के यात्री पड़ाव में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने शव मिलने की सूचना नगर थाना पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव की पहचान कराने में जुट गई है। नगर थाना के एएसआई सनातन मांझी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि बस स्टैंड के यात्री पड़ाव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। इसकी सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। उन्होंने कहा कि आस-पास के लोगों के द्वारा शव की पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन पहचान नहीं हो पाया।

## फरार वारंटी को भेजा गया जेल




**महेशपुर (एप्र)।** थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बारहाबांध गांव के नामजद आरोपित साइमन मरांडी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को दुमका पुलिस के हवाले कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2007 में दुमका थाना में तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाने तथा धक्का मारने के आरोप मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। जिसे दुमका पुलिस के साथ छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर दुमका पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में मातृ-शक्ति को किया नमन, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




**पाकुड़ (एप्र)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में मातृ दिवस के अवसर पर मातृ-शक्ति के प्रति समर्पण, नैतिक मूल्यों को बढ़ाने, उनके द्वारा किए जाने वाले अथक प्रयासों एवं त्याग व समस्त मातृशक्तियों को आभार प्रकट करने के उदेश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य जेके शर्मा एवं कई माताओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यालय द्वारा संचालित तानसेन क्लब के तत्वाधान में स्कूल के बच्चों ने ऑर्केस्ट्रा के विभिन्न वाद्य यंत्रों पर शानदार प्रस्तुति दी। प्रधानाध्यापक जेके शर्मा ने अपने संबोधन में माताओं के महत्व और उनके प्रति सम्मान को व्यक्त करते हुए मां को दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ कृति बताई। निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माताएं हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि मां एक दैवीय शक्ति हैं, जिसे आज तक सम्पूर्ण रूप से कोई भी परिभाषित नही कर पाया। इस अवसर पर छात्रों ने समूह गीत मेरी मां और ये तो सच है कि भगवान है प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। छोटे छात्रों ने सामूहिक नृत्य में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।ततपश्चात विद्यालय के अंतर सदनीय नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में चारों सदनों एडवेंचर, कैलिबर, चैलेंजर और डिस्कवरी हाउस के बच्चों ने मां विषय वस्तु पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में एडवेंचर और कैलिबर सदन प्रथम, डिस्कवरी सदन द्वितीय तथा चैलेंजर सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने पहलगांव में अकारण आतंकी हमले में मारे गए दिवंगतों की आत्मा की शांति हेतू सभागार में उपस्थित सभी अविभावकों, शिक्षकगणों एवं बच्चों ने दो मिनटों का मौन धारण करके अपनी श्रद्धांजलि प्रेषित की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## नियम तोड़ने पर कोयला ढोने वाली आठ हाइवा जब्त

**हिरणपुर (एप्र)।** परिवहन विभाग के निदेशों का अवहेलना करने के आरोप में कोयला ढुलाई करने वाली आठ हाइवा को पुलिस ने जब्त किया है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई है। ये सभी हाइवा पाकुड़ रेलवे साइडिंग में कोयला उतारकर हिरणपुर के रास्ते अमड़ापाड़ा की ओर जा रही थी। पुलिस ने सभी हाइवा को जब्त किया है। बताते चले कि प्रशासन के द्वारा खाली हाइवा की हिरणपुर के रास्ते परिचालन को लेकर रात 11:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक की समय अवधि सुनिश्चित की गई है। इसके बावजूद हाइवा चालकों की मनमानी चरम पर है। जो सरकारी निदेशों को धता बताते हुए निर्दिष्ट समय को ताक में रख हाइवा की परिचालन की जा रही है। प्रशासन के द्वारा बाजार क्षेत्र में निरंतर हो रहे सड़क जाम की स्थिति को देखते हुए दिन को नो इंट्री लगाया गया है। इसके बावजूद भारी वाहनों का परिचालन जारी है। इसको लेकर बीते दिनों सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 11 खाली कोयला हाइवा के ऊपर हजारों की आर्थिक जुमार्ना लगाया गया था। पर अभी तक इस पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लग पाया है। वहीं प्रशासन ने भी साफ संकेत दे दिया है कि नियम तोड़ने वालों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा। उधर मोहनपुर, डांगापाड़ा के रास्ते भी दिन व शाम को खाली कोयला हाइवा की परिचालन की जा रही है। जहां स्थानीय लोगों ने भी इसको लेकर विरोध जताया है। आये दिन हाइवा की तेज गति से हो रहे दुर्घटनाओं को लेकर लोग काफी भयाक्रांत है। इस पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है। इस संबंध में थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो ने बताया कि जब्त हाइवा को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**महेशपुर (एप्र)।** अंचल अधिकारी (सीओ) संजय कुमार सिंहा ने सोमवार शाम को थाना प्रभारी विकर्ण कुमार के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध तरीके से बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को महेशपुर थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि कागजपुर गांव के पास एक बालू लदे ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू लेकर जा रहा था। ट्रैक्टर को रोककर चालक से चालान की मांग करने पर कोई भी चालान संबंधित कोई कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में रखा है। सीओ ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गई है। उनके आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### काठीकुंड प्रखंड में कांग्रेस कमेटी का किया गया विस्तार



**काठीकुंड (एप्र)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार काठीकुंड प्रखंड पर्यवेक्षक सह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस के शमशाद अंसारी की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी के सदस्यों की विस्तारित सूची प्रखंड अध्यक्ष परेश सोरेन की अध्यक्षता में गठित की गई ,जिसमें दो उपाध्यक्ष एवं 9 महासचिव का चयन किया गया जिसे जिला के माध्यम से प्रदेश कमेटी को भेजा जाएगा ,बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों को पर्यवेक्षक शमशादअंसारी ने धन्यवाद दिए तथा कांग्रेस की एकजुटता के लिए प्रशंसा की गई ,बैठक में मस्जिद अंसारी, दीनू डेहरी ,कार्यालय प्रभारी बुधन राय मुनीर अंसारी ,रोहित सोरेन शिकारीपाड़ा से अतिथि के रूप में स्टीफन बेसरा ,रामलाल सिंह जेम्स हेंब्रम ,मनोज , बाजून सोरेनआदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की मनी जन्मजयंती



**जामा (एप्र)।** प्रखंड के ऊपरबहाल गांव में 12 मई को ग्रामीणों ने संताली भाषा ओलचिकी लिपि के जनक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर पर आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर उपस्थित ग्रामीणों ने गुरु गोमके को श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म पांच मई 1905 को ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिला के दंडबोश गांव में बुद्ध पूर्णिमा हुआ थो पंडित रघुनाथ मुर्मू ने मात्र 20 वर्ष के अल्प आयु में संथाली भाषा की लिपि ओलचिकी का अविष्कार कियो उन्होंने सन 1925 में संताली भाषा की लिपि ओल चिकी को संथाली समाज के सामने प्रदर्शित किया। ओल चिकी लिपि का 100 वर्ष पूरा हुआ। संताली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में 2003 में शामिल किया गया है। झारखंड सरकार ने 12 मई पंडित रघुनाथ मुर्मू के जयंती में अवकाश की घोषणा की है। इससे आदिवासी समाज बहुत खुश है। इस जयन्ती के अवसर में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग किया है कि झारखंड में भी बंगाल राज्य के तर्ज में ङ्क्ष्से पीजी की पढ़ाई संताली के ओल चिकी लिपि से जल्द शुरू की जाय। इस अवसर में गांव में मेट्रिक पास छात्रों को कलम कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके में सोनादीप हांसदा, देवराज हेम्ब्रम, शिवचरण मुर्मू, संतोष मरांडी, साइमन मुर्मू, अभिशोल बास्की, लुखीन्दर हेम्ब्रम, लीलावती हांसदा, आरती मुर्मू, सोनामुखी किस्कु, श्यामसुंदर मुर्मू, कॉंसिल सोरेन, राजकिशोर मरांडी, सुशील मुर्मू आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला- पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

### बांस पहाड़ी में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं



**शिकारीपाड़ा (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बांस पहाड़ी गांव में एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र पंचायत भवन के पास बना है पहुंचने पर देखा गया , आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र खुला हुआ मिला । सी एच ओ ने बताई कि हमारे यहां कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। ना ही पानी की व्यवस्था है और ना ही विद्युत सुविधा उपलब्ध है लेकिन पता नहीं लाइन का वायर खराब होने के कारण से लाइन भी नहीं आता हैं। और अभी गर्मी का मौसम है ऐसे में लाइन केंद्र में नहीं रहने से बहुत परेशानी हो रही हैं। पदाधिकारी को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र के पास एक चापानल है जो कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ हैं। इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधि को ध्यान देना चाहिए और इस चापानल को ठीक करना चाहिए। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कोलाईबाड़ी गांव का आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र आज बंद पाया गया। जिस ए एन एम का आज ड्यूटी था वो भी गायब थी। सूत्र बताते हैं कि कोलाई बाड़ी गांव का आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र कभी कभार खुला रहता हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र हर दिन खुला रहने का है।

### बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराई कार

**मसलिया (एप्र)।** थाना क्षेत्र के दुमका-नाला मुख्य मार्ग पर निपनिया गाँव के समीप एक सड़क दुर्घटना में कार सवार दंपति घायल हो गए। हादसा सुबह के वक्त हुआ जब गोड्डा निवासी अशोक कुमार यादव अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ दुगार्पुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उनकी कार निपनिया स्थित सैनिक होटल के पास पहुँची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अशोक कुमार की कार असंतुलित होकर सड़क किनारे एक महुआ के पेड़ से जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार में सेफ्टी फीचर्स सक्रिय हो जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। कार चालक अशोक कुमार यादव को मामूली खरोंच आई है, लेकिन उनकी पत्नी रेखा देवी को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुँचे और स्थिति को संभालते हुए घायल दंपति को सहायता प्रदान की। ग्रामीणों ने मसलिया थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी, लेकिन पुलिस करीब 30 मिनट की देरी से घटनास्थल पर पहुँची। इस दौरान ग्रामीणों ने निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल रेखा देवी को इलाज के लिए दुगार्पुर रवाना कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन की सुस्त प्रतिक्रिया पर नाराजगी जताई और सड़क सुरक्षा व त्वरित आपात सेवा की माँग की।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत पीवीटीजी के लाभुकों को मिल रहा आवास का लाभ

**दुमका (एप्र)।** झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में स्थित दुमका जिला, जहां की अधिकांश जनसंख्या संथाल एवं पी०वी०टी०जी० समुदायों की है, वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने इन इलाकों की तत्त्वीर बदल दी है। जिससे जो ग्राम पहले सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहा था, अब एक आदर्श ग्राम बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 4404 पी०वी०टी० जी० लाभुकों को आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे पहले झोपड़ी में रहने वाले पी०वी०टी०जी० परिवारों को अपना पक्का मकान मुहैया हो पायेगा। दुमका जिलान्तर्गत 15 वनधन विकास केन्द्र संचालित है। जिससे महिला गाँव और वन क्षेत्र में ही वन उपज पर स्थानीय रोजगार मिला है, जिसके कारण ग्रामीणों का पलायन कम हुआ है। इस योजना




के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार एवं घरेलू उद्योग के माध्यम से अपना आय का साधन में बढ़ावा मिला है। इस जिला को पी०वी०टी०जी० बाहूल्य क्षेत्र में 4 मल्टी पर्पस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में हर घर जल योजना से स्वच्छ पेयजल की सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना एवं आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनने से लोगों को ग्राम से शहर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ता है। गांव में स्कूलों में कम्प्यूटर एवं डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा मुहैया करायी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिया जाता है, जिससे कई महिलाओं ने बकरी पालन, हस्तशिल्प और कृषि आधारित लघु उद्योग शुरू किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामों में पक्की सड़क का निर्माण हुआ है एवं वर्त्तमान में 34 सड़को का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे बाजार और प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचना आसान हुआ है।

## राजकुमार राज ने संवेदकों की कार्यशाली पर उठाया सवाल



**गिरिडीह (एप्र)।** भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति झारखंड के पूर्व सदस्य राजकुमार राज ने झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के अनाजों के रखरखाव एवं ट्रांसपोर्टिंग से लेकर हैंडलिंग तक के संवेदकों की कार्यशाली पर सवाल उठाया है और कहा है यह जानकारी प्राप्त हुई है कि तीन-तीन एरिया मैनेजर के ब्लैकलिस्टेड करने की रिपोर्ट के बावजूद भी एक संवेदक को ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा रहा है आज की घटना है की पोडिया हॉट गोड्डा में हजारों टन अनाथ गोदाम के बाहर पानी और धूप में खराब हो रहा है स्थानीय मजदूरों ने खबर किया है कि नहीं इसका रखरखाव हो रहा है नहीं इसको रिसेट किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय खाद्य निगम जो भारत सरकार के द्वारा अनाज का संरक्षण करती है उसी पर सवाल उठता है। एक खास संवेदक को प्रसन्न करने के लिए विभागीय लापरवाही बरती जा रही है श्री राज ने कहा शीघ्र ही इस संबंध में मंत्री उपभोक्ता मामले एवं खाद आपूर्ति को मिलकर अपनी बात रखेंगे और झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के पूरे खेल को बताएंगे।

## 100वीं वर्षगांठ पर पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गयी जयंती

**दुमका (एप्र)।** 12 मई को दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में दिसोम मांझी थान दुमका के प्रांगण में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ओलचिकी लिपि के 100वाँ वर्षगांठ के रूप में उनकी जयंती मनाई गयी। इस वर्षगांठ में संथाल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आतो मोड़ें होड़ समेत बुद्धिजीवी शामिल हुए।

सर्वप्रथम दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू व दिसोम जोग मांझी बाबा मोहन टुडू के अगुवाई में दिसोम मांझी थान में बोंगा बुरु हुआ। तत्पश्चात गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू के प्रतिमा पर सभी ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के



पश्चात एक बैठक हुई जिसमें डॉक्टर सुजीत सोरेन, प्रो. ईश्वर मरांडी, मनोज कुमार मरांडी, नाजीर हेंब्रम, सुभाष मुर्मू, सुरेंद्र हांसदा, मंत्री मुर्मू, लुखीराम मुर्मू, रघुनाथ हांसदा ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवनी के साथ-साथ धर्म व संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया गया।12 मई, 2025 (सोमवार) को होने वाला धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण स्थगित किया गया था। पुनः उसी कार्यक्रम को आगामी 31 मई, 2025 (शनिवार) को करने पर सहमति बनी। आपको बता दें पंडित रघुनाथ मुर्मू का जन्म 1905 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत के मयूरभंज राज्य (ओडिशा) के डहारडीह गांव में हुआ था। लोग उन्हें प्यार से गुरु गोमके के नाम से बुलाते हैं। वे संथाली लेखक, शिक्षक और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक थे। इस बैठक में अशोक हांसदा, मुकेश आरडीएक्स टुडू, मुन्ना मरांडी, लाईनदु मुर्मू, बी.डी किस्कू, सीमांत हांसदा, प्रेम हांसदा, देवराज हांसदा, लवकिशोर टुडू, मनोज किस्कू, सुशील मरांडी, शिवशंकर सोरेन, सुनील मरांडी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शिकारीपाड़ा के पत्थर खदानों में नियमों की अनदेखी, सुरक्षा और पर्यावरण खतरे में

**शिकारीपाड़ा (एप्र)।** झारखंड के दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित पंचायत शहरपुर ,सारसडंगाल और आसपाक में पत्थर माइनिंग और पत्थर क्रशर उद्योग सरकारी दिशानिदेर्शों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण नियमों और मजदूरों के अधिकारों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन पत्थर खदानों और क्रशरों में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई गंभीरता नहीं बरती जा रही है। खदानों में काम करने वाले मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के जोखिम भरे हालातों में काम करने को मजबूर हैं। हेलमेट, दस्ताने और अन्य आवश्यक सुरक्षा गियर का अभाव आम बात है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है।इसके अतिरिक्त, मजदूरों को तय मजदूरी राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्हें कम वेतन पर लंबे समय तक काम कराया जाता है, जो कि श्रम कानूनों का सीधा उल्लंघन




है। मजदूरों के स्वास्थ्य की भी कोई परवाह नहीं की जा रही है। खदानों और क्रशर इकाइयों के आसपास धूल और प्रदूषण का स्तर अत्यधिक है, जिससे मजदूरों और आसपास के ग्रामीणों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा सुविधाओं का भी यहां अभाव है। पर्यावरण नियमों की भी जमकर अनदेखी की जा रही है। पत्थर खनन के दौरान निकलने वाले धूल और कण आसपास के जल स्रोतों और कृषि भूमि को दूषित कर रहे हैं। विस्फोटों के कारण मिट्टी का कटाव हो रहा है और वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। क्षेत्र में पशुधन के स्वास्थ्य की भी कोई निगरानी नहीं है, जिससे उनमें बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इन उद्योगों के संचालक खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और संबंधित विभाग इस पर आंखें मूंदे हुए हैं। यह स्थिति न केवल मजदूरों के मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिकारीपाड़ा के पत्थर माइनिंग और क्रशर उद्योग सरकारी दिशानिदेर्शों का पालन करें, मजदूरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करें, और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करें। यदि जल्द ही कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, तो इस क्षेत्र में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## स्वतंत्रता सेनानी पंडित रणजीत झा की जन्मशती पर लगा प्याऊ



**गोड्डा (एप्र)।** अंग क्षेत्र के ख्यातिनाम स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं समाज सुधारक स्व. पंडित रणजीत झा के जन्मशती के उपलक्ष्य पर रविवार को स्थानीय नेताजी चौंक पर पंडित रणजीत झा फाउंडेशन के द्वारा माहव्यापी पेयजल सेवा प्रारंभ किया गया। पेयजल सेवा का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव ने प्यासे पथिक को पानी पिला कर किया। अपने संबोधन की शुरूआत एक शेर से करते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने रोजे रखे तो किसी ने उपवास रखा, लेकिन दुआएं उसी की कुबूल हुई जिसने मां - बाप को अपने पास रखा। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में जबकि जिला का तापमान राज्य में सर्वाधिक है, शीतल पेयजल की व्यवस्था बहुत ही नेक और पुण्य का कार्य है। यह परिजन द्वारा अपने दिवंगत एवं पूज्य अभिभावक को श्रेष्ठ श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी स्व. झा की धर्मपत्नी साया झा, पुत्र सर्वजीत झा ₹अंतेवासी₹ एवं सुरजीत झा, पुत्रवधु डॉ. नूतन झा एवं ज्योति झा, नाती अमित ठाकुर एवं पोती नुपुर नंदिनी सहित आमंत्रित अतिथियों में डॉन बोस्को स्कूल के निदेशक अमित राय, स्थानीय वार्ड पार्षद गुणानंद झा, विद्यापति सांस्कृतिक परिषद के पूर्व अध्यक्ष परमानंद चौधरी एवं सचिव डॉ. वंशीधर मिश्रा, लोकमंच के अध्यक्ष शिवकुमार भगत, डिस्ट्रिक्ट स्लिंगशॉट एसोसिएशन के सचिव अखिल कुमार झा, अनंत कुमार झा, मनीष कुमार झा, बबलू झा, सुमन झा, प्रसिद्ध पहलवान राहुल कुमार एवं जीत सिंह सहित अनेक स्थानीय निवासी एवं राहगीर उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सर्वजीत झा ने किया।

## प्रचंड गर्मी में जलमीनार से एक बूंद भी नहीं निकल रहा है पानी



**रामगढ़ (एप्र)।** प्रखंड के पथरिया पंचायत के पथरिया मडेया टोला में करीब 6 महीना पूर्व से ही जलमीनार खराब है, ग्रामीणों का कहना है इस प्रचंड गर्मी में कुआं, तालाब, पोखर, नदी सभी जगह सुख गया है पानी का घोर किल्लत है कुछ साल पहले ग्रामीण को आस लगा था कि इस गर्मी मौसम में थोड़ा जरूर पानी का सोलियत होगा लेकिन जलमीनार तो बस देखने की शोभा की वस्तु बन गई , इधर विभाग को जिला से रोज कुछ न कुछ नोटिफिकेशन जारी किया जा रहा है कुछ दिन पहले इस विभाग में सभी प्रखंड कोडीनेटर का नाम, वही अनिय अभिकनता का नाम नंबर सार्वजनिक किया गया है शिकायत के लिए लेकिन जब फोन लगाया जाता है तो कोई फोन रिसीव नहीं करते है, इधर क्षेत्रों सभी गांव में पानी का किल्लत देखने को मिल रहा है गर्मी बढ़ते ही पोकर कुआं सूख गया वही चापाकल से भी पानी बहुत चलाने के बाद निकलता है, इस विभाग में जितना लूट हुआ इसका कोई जांच करने का गनीमत नहीं समझ रहे हैं, किया कहते हैं जलसहिया सोनामुनी बेसरा कहते है कि हमारे गांव में पानी का घोर समस्या है जलमीनार 6 महीना से खराब है, जलसहिया सोनामुनी बेसरा,वार्ड सदस्य दुर्गा मुर्मू,कारबारी हेम्ब्रम,शिकार हेम्ब्रम,सोमलाल मुर्मू,चंदन मुर्मू,देवान हेम्ब्रम,सोना बेसरा,बाबूजी बेसरा,चुण्डा मुर्मू,सुकलाल मुर्मू,लुखिराम मुर्मू,राजीन मुर्मू, जयराम हेम्ब्रम, अशोक मड़ेया, सुरेन्द्र मड़ेया।

## हवन एवं अनुष्ठान के साथ किया गया रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ का समापन

**दुमका (एप्र)।** नोनीहाट में नौ दिवसीय श्री 1008 राम चरित्र मानस नवाह परायण महायज्ञ का हवन अनुष्ठान के साथ वैशाख पूर्णिमा दिवस प? सोमवार को संपन्न हुआ` इस मौके पर यज्ञ आचार्य आदर्श अवस्थी ने यजमान मिथलेश कुँवर और पत्नी मीनू देवी को वैदिक विधि-विधान से होम हवन का अनुष्ठान पूरा कराया` इसके पूर्व प्रतिदिन की तरह श्री राम दरबार का पूजन उसके उपरांत यज्ञ सस्वर रामायण पाठ ब्राह्मणों से कराया` इसके बाद दर्जनों ब्राह्मण द्वारा होम हवन में आहुति दिया गया` होम हवन के दौरान गूंजते मंत्रोचार और हवन कुंड में आहुति से उठती अग्नि ज्वाला के बीच एक और माहौल भक्ति भावना से ओतप्रोत था` वही पंडाल में खचाखच भरे श्रद्धालु थे` विशेष कर महिलाओं ने स्वाहा स्वाहा के हवन आहुति दिया और हाथ जोड़े अपने परिवार कुशल मंगल की कामना किया` यज्ञ आचार्य आदर्श अवस्थी ने यज्ञ में आमंत्रित किए गए सभी देवी देवताओं को मंत्रोचार से बिदाई कर यज्ञ समापन की घोषणा की` इधर जरमुंडी विधानसभा विधायक तथा यज्ञ संरक्षक देवेंद्र कुंवर ने यज्ञ समापन



के पूर्व देर संध्या परम्परा के तहत यज्ञ मैदान में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया` देवेंद्र कुंवर ने सर्व प्रथम श्री राम दरबार में शीश झुकाया और आगंतुक संतों का अभिनन्दन करते हुए कहां की आप सबों के साथ और सहयोग से यह महायज्ञ सफल हुआ है` लगातार 39 वर्षों से यज्ञ सफलता पूर्वक सफल होती आ रही है` नोनीहाट में श्री श्री 1008 रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ को आरंभ करने वाले संस्थापक पूर्वजो जो आज नहीं रहे उनकी याद को नमन करते हुए कहा की उनका आशीर्वाद है कि आज भी उनके बताए गए दिशानिर्देश में महायज्ञ हो रहा है और निर्बाध रूप से सफल भी हो रहा है` इस मौके पर वर्तमान सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मीडिया साथियों का भी आभार व्यक्त किया` कार्यकर्ताओं की शालीनता और सेवा समर्पण की भावना को प्रशंसा किया` संबोधन में उन्होंने स्थित जन समूह को भरोसा और विश्वास दिलाया कि हम रहे या ना रहे आगे भी श्री श्री 1008 रामचरितमानस नवाह परायण महायज्ञ नोनीहाट में होता रहेगा` वही दोनों हाथ उठाए श्रीराम के गगनभेदी जयकारा लगाया। इस अवसर पर जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुँवर, समिति के वरिष्ठ सहयोगी राधे सिंह, पंकज कुँवर, अरविंद कुँवर, बिपिन कुँवर के साथ दर्जनों लोग होम जाप में मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, मंगलवार, 13 मई, 2025



## सुभाषितम्

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी

- रवींद्रनाथ ठाकुर

## इस्तीफा या महाभियोग

देश की न्यायिक प्रणाली उस मोड़ पर खड़ी है, जहां नैतिकता, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ न्यायाधीश का आचरण परखा जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने और उसके बाद शुरू हुई जांच ने न्यायपालिका की छवि पर गहरा असर डाला है। जब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर उनसे इस्तीफा देने को कहा, तो यह स्पष्ट था, कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक दृष्टि से न्यायपालिका के लिए गंभीर मामला है। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह कहते हुए इस्तीफा देने से इनकार कर दिया कि यह उनके आत्मसम्मान के खिलाफ है। उनके खिलाफ साजिश रची गई है। यह बयान उस विश्वास को और चोट पहुंचाता है, जो देश की जनता न्यायपालिका पर भगवान के समान आस्था रखती है। जब आरोप इतने गंभीर हों, हाईकोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट भी आरोप की पुष्टि करे, तब यह तर्क कि ह्लयह साजिश है। एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अपर्याप्त कारण प्रतीत होता है। अब सवाल उठता है क्या न्यायमूर्ति वर्मा महाभियोग के जरिए हटाए जाएंगे, या अंतिम समय पर इस्तीफा देंगे? भारत का संविधान इस प्रक्रिया को स्पष्ट करता है। किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाना अत्यंत कठिन और दीर्घ कालीन प्रक्रिया है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यह लोकतंत्र की मजबूती और न्यायपालिका की स्वायत्तता का प्रतीक है। ऐसे मामलों में यह प्रक्रिया विलंब का कारण भी बन जाती है। वहीं वर्तमान संदर्भ में दोषियों को संरक्षण देने का काम भी करती है। इस संकट के समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए, कि संविधान सर्वोपरि है। न्यायपालिका ही सर्वोच्च संस्था है जो संविधान के अनुसार गुण और दोष के आधार पर फैसला करती है। न्यायपालिका की सर्वोच्चता का अर्थ यह नहीं कि वह जवाबदेही से मुक्त है। एक न्यायाधीश का आचरण न केवल उसके पद के अनुरूप गरिमा तय करता है बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ होता है। आज देश की निगाहें इस घटनाक्रम पर हैं। अगर न्यायमूर्ति वर्मा स्वयं त्यागपत्र देकर उच्च नैतिक मानदंड स्थापित करते, तो यह एक उदाहरण बनता। यदि उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया, तो महाभियोग ही वह रास्ता है जो यह सिद्ध करेगा, भारत में कानून से ऊपर कोई नहीं है। यह अवसर है, न्यायपालिका के आत्ममंथन का, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बरकरार रखने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। न्यायपालिका की जवाबदेही को मजबूत बनाए रखने के लिए संसद के पास यह मामला भेजा है। वह जज के मामले में उपयुक्त निर्णय लें। अगर न्याय के मंदिर को लेकर अविश्वास आ जाए, तो लोकतंत्र की नींव डगमगा सकती है। न्यायपालिका के प्रति आम नागरिकों की आस्था बनी रहे। विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ न्यायपालिका भी अपना काम संविधान की भावना के अनुरूप आचरण करते हुये संविधान के नैतिक सिद्धांतों के आधार पर निर्णय करेंगे, तभी संविधान की रक्षा हो सकेगी। न्यायपालिका ने यह कार्यवाही कर साबित कर दिया है, न्यायपालिका की भी जवाबदेही संविधान के प्रति है। उसे भी संविधान के अनुसार अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ कार्य करना होता है। न्यायाधीश यदि अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं, तो वह भी दंडित होने के पात्र हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश 13 मई को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। उसके पहले उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा किया है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा पर उपयुक्त कार्यवाही करने के लिए लिखा है। निश्चित रूप से इससे न्यायपालिका की साख बनी रहेगी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज संविधान के न्याय सिद्धांतों के आधार पर बिना किसी दबाव, बिना किसी भय और लालच के न्याय कर सकें। संविधान ने जो दायित्व न्यायपालिका को सोंपा है, उसके अनुसार नागरिकों के मूल अधिकारों को संरक्षित कर पाएंगे, यह आशा की जाती है।

## चिंतन-मनन

### श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

# सत्य, भक्ति और संवाद के अग्रदूत देवर्षि नारद

**-योगेश कुमार गोयल**

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है।



अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है।

धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है।

जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढ़े में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढ़े में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है।

सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध ह्यनारद पुराणह्ल देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है। इसके अलावा संगीत का एक उत्कृष्ट ग्रंथ नारद संहिता भी है।

# संघर्ष विराम महज एक रणनीतिक विश्राम

**-कर्ण**

भारत और पाकिस्तान गत शनिवार शाम को अमेरिका की मध्यस्थता के दावों के बीच तत्काल प्रभाव से संघर्ष विराम के लिए सहमत होते दिखे। दोनों ही देश एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार हुए। हालांकि संघर्ष विराम की घोषणा के 3 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान की तरफ से इसके उल्लंघन की खबर मिली। इधर भारतीय वायुसेना ने भी अब अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और सही समय पर इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कुल मिलाकर वर्तमान स्थिति यह है कि शनिवार की रात 11 बजे के बाद नियंत्रण रेखा समेत अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर करीब-करीब शांति की स्थिति है। पाकिस्तान के धोखा और कपट से पूर्ण इतिहास को देखते हुए भारत इस बार पूरी तरह से सतर्क है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आगामी 12 तारीख को जब भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ स्तर के अधिकारी मिलेंगे, तब किसी स्थायी शांति के समझौते पर आगे बढ़ा जाएगा। संघर्ष की पृष्ठभूमि में यहां हम देश और दुनिया भर में उठ रहे दो ज्वलंत प्रश्नों पर विचार करेंगे। पहला, ऑपरेशन सिंदूर से भारत को क्या हासिल हुआ? दूसरा, संघर्ष में जब भारत स्पष्ट बढ़त बनाए हुए था, तब वह इसे तत्काल प्रभाव से रोक देने के लिए तैयार आखिर क्यों हुआ? कुछ रक्षा विशेषज्ञ इस बात पर हैरानी जता रहे हैं कि आखिर इस समय जब भारत युद्ध को डोमिनेट कर रहा था, उसे अपने कदम रोकने की आवश्यकता क्यों पड़ गई? पहले प्रश्न का उत्तर यह है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के प्रथम चरण में ही पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 उच्च मूल्य के आतंकवादी लॉन्च पैड्स को नष्ट किया। इन ठिकानों का संबंध लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से था। ये ठिकाने भारत पर हमले की साजिश रचने के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम केवल पीओके तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पाकिस्तान के भीतर सैकड़ों किलोमीटर तक सफलतापूर्वक स्ट्राइक किए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी प्रहार किया, जो पाकिस्तान की सेना का रणनीतिक गढ़ माना जाता है। बहावलपुर जैसे इलाकों में भारत ने कार्रवाई की, जहां अमेरिका तक ने ड्रोन भेजने से परहेज किया था। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा की पोल भी खुल गई। भारतीय जांबाजों ने पाकिस्तान की एयर डिफेंस को या तो जाम कर दिया या उसे चकमा देकर आगे बढ़े। 6-7 मई की दरमियानी रात महज 23 मिनट में हुए सटीक हमले ने पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया। राफेल विमान से स्कैल्प मिसाइल और हैमर बमों की मदद से बिना अपना कोई नुकसान किये मिशन को अंजाम दिया गया। ऑपरेशन के दौरान भारत के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल कई आतंकवादियों सहित कम-से- कम 100 आतंकी मारे गए। इसी दौरान भारत के मजबूत एयर डिफेंस का लोहा भी दुनिया ने माना। उल्लेखनीय है कि लगभग शत प्रतिशत सफलता के साथ भारत ने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया। दूसरी तरफ हारोप ड्रोन से लाहौर, कराची रावलपिंडी, चकवाल, बहावलपुर समेत पाकिस्तान के 9 शहरों के सैन्य ठिकानों पर विनाशकारी हमले किए गए। भारतीय वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान के कुल 11 एयरबेस के तबाह होने की पुख्ता जानकारी है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमलों में भारत ने कंधार का हिसाब भी चुकता कर लिया है। कंधार विमान अपहरण कांड का मुख्य सूत्रधार अब्दुल रउफ असगर मारा गया। रउफ असगर जैश का ऑपरेशन प्रमुख होने के साथ ही मसूद अजहर का भाई भी था। मसूद अजहर ने खुद ही अपने परिवार के 10 सदस्यों और चार करीबियों की मौत की पुष्टि की थी। इस पूरे ऑपरेशन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू यह है कि विपक्ष समेत भारत के सभी राजनीतिक दलों ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए हर तरह से समर्थन दिया। अब हम संक्षेप में हम इस प्रश्न पर भी विचार कर लें कि संघर्ष में जब भारत स्पष्ट रूप से बढ़त बनाए हुए था, तब वह संघर्ष विराम के लिए तैयार क्यों हुआ? भारत तेजी से उभरती वैश्विक आर्थिक शक्ति है। ज्यादा समय नहीं जब वह जापान और जर्मनी जैसे देशों को पछाड़ कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसी स्थिति में एक दीर्घकालिक पूर्ण युद्ध में उलझना भारत के हित में नहीं। दूसरी तरफ चीन, जो कि अमेरिका के साथ व्यापारिक युद्ध में बुरी तरह से फंसा हुआ है और जहां से अनेक अमेरिकी और यूरोपीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां अपने कारोबार को समेटने की तैयारी कर रही हैं, के लिए भारत का पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी किसी परिस्थिति में उलझना फायदे का सौदा हो सकता है। भारत के लिए यह सर्वथा उचित ही है कि वह ऐसी किसी योजना अथवा साजिश को सफल न होने दे। कहां जा सकता है कि संघर्ष विराम के लिए तात्कालिक तौर पर सहमत होकर भारत सरकार ने अपनी रणनीतिक कुशलता का ही परिचय दिया है। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की मजबूत राजनीतिक और सैन्य इच्छाशक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि इसके माध्यम से उसने यह संदेश भी दिया है कि भारत अब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही से पीछे नहीं हटेगा।



(लेखक भू राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)

## आजादी के बाद भी भारत में आतंकी माहौल

**-संजय गोस्वामी**

ऑपरेशन सिंदूर भारत के लिए जरुरी था भारत को अपनी रक्षा का पूर्ण अधिकार है लेकिन पाकिस्तान इसे युद्ध के रूप में घसीट रहा है सीजफायर का उल्लंघन करता है और धर्म के नाम पर आतंकवादी को ट्रेनिंग और हथियार देता है आज भारत की आजादी का 76 साल से अधिक हो गए आजादी का अमृत महोत्सव भी धूमधाम से मना लेकिन भारत जब आजाद हुआ तो जिन्ना के कारण भारत के एक औ टुकड़े हो गए और पाकिस्तान बना और वहीं पाकिस्तान आज आतंकवादी को प्रमोट करता है जबकी भारत शांति पूर्ण तरीके से जबाब देता है पाकिस्तान धर्म के नाम पर सभी आतंकी कुकर्मो को करता है और जिससे किसी ना किसी रूप में दोनों की आर्थिक स्तिथि कमजोर होती है जिसका फायदा चीन उठाता है अंग्रेजी हुकूमत में शहीद हुए लाहौर बम कांड में भगत सिंह राजगुरु व शुकदेव आजादी मिली पाकिस्तान को किसी देश को विकसित कब माना जाता है? यह देश की समृद्धि, उसके लोगों की खुशहाली और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी स्थिति से तय होता है। और, कोई देश कितना समृद्ध है, यह उसके ह्यजीएनपीह्ल यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से तय होता है। डीपी यानी कुल घरेलू उत्पाद, भुगतान संतुलन, विदेशी मुद्रा-मुद्रा भंडार, आर्थिक विकास दर, जीडीपी आदि। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार (आयात और निर्यात दोनों) की मात्रा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी हिस्सेदारी, इन दोनों में उसकी विकास दर भी उसकी आर्थिक स्थिति को दशार्ती है। अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत है और क्या उसमें अर्जित धन को बनाए रखने और लगातार बढ़ाने की क्षमता है। आर्थिक संकेतक अपने आप में बहुत वजन रखते हैं, लेकिन कुछ चीजें छिप भी जाती हैं, जैसे देश के आम आदमी की गरीबी और कठिनाई की बात। हैदराबाद स्थित ह्यडीआरडीएलह्ल (सिक्योरिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी) में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने और राजन ने अपने अनुभवों पर खूब चर्चा की है और उन पर खूब सोचा है। वहाँ काम करते समय तीन व्यक्ति मेरे पास आए और वे मेरे लिए कुछ ऐसे प्रश्नों और समस्याओं के प्रतीक बन गए, जिनके उत्तर मैं लगातार ढूँढ़ने की कोशिश कर रहा था। पहला व्यक्ति विक्रांत था, जो दो बेटों और एक बेटी का पिता था। तीनों ही ग्रेजुएट थे और अच्छी नौकरी करते थे। उसी इलाके में कूप रहता था, जो तीन बेटों का पिता था। वह सिर्फ. एक बेटे को पढ़ा पाया और किराए के मकान में रहता था। कपिल दो बेटियों और एक बेटे का पिता था। उसकी नौकरी पार्ट टाइम थी। गरीब होने के कारण वह अपने किसी बच्चे को पढ़ा नहीं पाया। वह घर भी बदलता रहता था। क्या उसके लिए यह संभव नहीं था कि वह अपने बच्चों को असाधारण नहीं तो साधारण और औसत जीवन जिए? ताकि वे संपन्न लोग भरपूर जीवन जी सकें, ऐसे व्यवसाय से जुड़ सकें, जिससे उन्हें अच्छा स्वास्थ्य मिले, आरामदायक जीवन जीने का अवसर मिले। राष्ट्र की परिकल्पना राष्ट्र को सकारात्मक दिशा देकर और पीढ़ियों के निरंतर और लगनशील प्रयासों के आधार पर बनती है। एक पीढ़ी अपनी मेहनत का परिणाम अगली पीढ़ी को सौंपती है और वे इस मिशन को आगे बढ़ाते हैं।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें, इससे आपका करियर सही दिशा में जा सकता है। | **तुला** आज आपको दिन के पहले हिस्से मे फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। |
| **वृषभ** आज दिन भर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। | **वृश्चिक** मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक बिजनेस में मुनाफे के कई मौके आएंगे। |
| **मिथुन** दिन उत्साह से भरा दिन रहेगा। आज आपको करियर से जुड़ी ऐसी खबर मिल सकती है। | **धनु** आपका समय अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। |
| **कर्क** आज दिन स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। | **मकर** किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। |
| **सिंह** आज दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो, तो फौरन आगे बढ़ें। | **कुंभ** ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। |
| **कन्या** दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। कार्यस्थल पर दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा। | **मीन** आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। धीरे-धीरे आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है। |

## विशेष

### भारत-पाक सीजफायर से पोप लियो भी खुश

वेटिकन सिटी के नव निर्वाचित पोप लियो-14 ने पहले रविवार के संदेश में भारत और पाकिस्तान को महत्व दिया और सीजफायर का स्वागत करते हुए कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह दुनियां को शांति का चमत्कार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकार खुशी हुई और उम्मीद है कि बातचीत से परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच एक स्थायी समझौता हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दुनिया को शांति का चमत्कार प्रदान करें। इस संदेश के बाद सभी यही कह रहे हैं कि सही मायने में कोई भी धर्म या संत समाज कभी भी जीवमात्र को हानि पहुंचाने को सही नहीं ठहराते हैं।

### रहीम यार खान एयरबेस की तबाही से आशय

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद यह बतलाया जा रहा है कि किसने किसका कितना नुक्सान किया। इसी कड़ी में बताया गया कि भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने इसे 8 दिन के लिए नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया है और इस पर वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड भी लगा दिया गया है। दरअसल यहां भारत की जवाबी कार्रवाई में एयरबेस के रनवे पर बड़ा गड्ढा बन गया।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1503 स्पेनी फौजे फ्रांसिसियों को पराजित कर नेपल्स पहुंची. 1648 दिल्ली का लाल किला बनकर पूरा हुआ. 1809 फ्रांस ने विएना पर कब्जा किया. 1830 इक्वाडोर गणराज्य बना. 1888 ब्राजील की संसद ने दास प्रथा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया. 1968 अमरीका और उत्तर वियतनाम के बीच शांति वार्ता पेरिस में शुरू हुई. 1969 मलेशिया में दंगो में एक सौ से अधिक लोग मारे गए. 1972 ओसाका, जापान में नाइट क्लब में लगी आग से 116 लोगों की मृत्यु. 1992 अमरीकी अंतरिक्ष शटल इंडेवर के तीन अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तैरकर इनसैट-6 की मरम्मत की.1993 एजर बिजमेन ने इजरायल के राष्ट्रपति पद की शपथ ली. 1996 बंगलादेश में समुद्री तूफान से छह सौ से अधिक लोग मारे गए. 1999 पेरू और इक्वाडोर का सीमा विवाद हल हुआ.

## दैनिक पंचांग

**13 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.30 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.09 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.35 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.56 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | कुंभ | 00.42 बजे से |
| | | मीन | 02.15 बजे से |
| | | मेष | 03.46 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 133 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 09.09 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 05.53 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.33 बजे तदनन्तर कौलव 00.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872343
**जूलियन दिन** 2460808.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 14
**विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### कास्ता जोलाई आदि जगहों में धर्मराज पूजा श्रद्धापूर्वक संपन्न



**नाला (एप्र)।** सोमवार को कास्ता, जोलाई,मझलाडी सहित विभिन्न गांव में धर्मराज पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।इस अवसर पर कास्ता में पुरोहित दिलीप भट्टाचार्य,जोलाई में पुरोहित बैद्यनाथ झा तथा मझलाडी में पुरोहित रविंद्र नाथ झा एवं सुबोध पांडे के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई।इस अवसर पर पुजनोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। विशेषकर तेल-घी का दीपक, मिट्टी का घोड़ा, कमल फूल, रबड़ी आदि प्रसाद चढ़ाने का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि बाबा धर्मराज के दरबार में घोड़ा अर्पण करने से संतान भी बलशाली और निरोग रहते हैं। पूजा के उपरांत मनोबांछा लेकर व्रती समुदाय बाबा की उपासना में दिनभर मग्न रहते हैं। मालुम हो कि कड़ी धूप और गरमी के बावजुद दंडबत प्रणाम करने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर के निकटस्थ जलाशय से महिला और पुरूष श्रद्धालु दंडवत प्रणाम के साथ मंदिर परिक्रमा करते हुए पूजार्चना किया। इस अवसर पर महुआ पानी चढ़ाने का विशेष महत्व है। पूरानी परंपरा एवं आस्था के अनुरूप स्वस्थ रहने, सुखी रहने, संतान प्राप्त करने आदि अपनी मुरादें पूरी होने के लिए मंझलाडीह में गांव के निकटस्थ एकपहाड़ जलाशय से तथा जलांई गांव के दास टोला स्थित धर्मराज मंदिर से भोकता एवं महिला श्रद्धालुओं के द्वारा माथे के ऊपर तीन से पांच छोटा कलश में महुआ पानी भरकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया तथा बाबा धर्मराज मंदिर में यह पूजा सामग्री अर्पण करते हुए व्रती काफी उत्साहित दिखे। वही विधि व्यवस्था में पुलिस प्रशासन की भी मौजूदगी देखी गईं मालूम हो कि कास्ता पूजनो उत्सव कार्यक्रम में रास मंडल, बाबू दास, कृष्णा धीवर ,अनुरोध भंडारी, धरम मंडल ,दीपक धीवर, परिमल गोरांई, मंगल वाद्यकर ,पागल वाद्यकर ,पाताल बाद्यकर, कृष्णा गोराई, मधु गोरॉई सहित ग्राम सोलोआना के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### तेज रफ्तार बाइकर्स का कहर, हेड मास्टर सहित तीन गंभीर रूप से घायल




**जामताड़ा (एप्र)।** शहर के सबसे व्यस्त स्टेशन रोड पर जेबीसी स्कूल के सामने तेज रफ्तार बाइकर्स का कहर देखने को मिला। जेबीसी स्कूल के हेड मास्टर सुशील मरांडी स्कूल के ही सामने सब्जी खरीद रहे थे, जब तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हेड मास्टर काफी दूर जाकर सड़क पर गिरे और बाइक सवार दोनों युवक भी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए। गंभीर रूप से घायल हेड मास्टर और बाइक सवार एक युवक को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचा दिया गया। सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश मंडल मौके पर पहुंचे और गश्ती वाहन के माध्यम से तीसरे घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना का शिकार हुए बाइक को थाना प्रभारी ने जप्त कर थाना भिजवा दिया। बता दे कि शहर के इस व्यस्ततम रोड पर जेबीसी स्कूल के सामने ही दोनों तरफ मछली बाजार और सब्जी की दुकान लगती हैं, इसके चलते इस मार्ग पर सुबह से ही भारी भीड़ होती है। भीड़ होने के बावजूद भी टीनएजर्स युवा तेज रफ्तार बाइक चलाने से परहेज नहीं करते हैं। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी बाइकर्स गैंग का तांडव जारी है।

**108 एंबुलेंस ने दिया धोखा**

पूरे राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवा को लेकर जहां एक ओर स्वास्थ्य मंत्री रोज बयान बाजी कर रहे हैं, वहीं उनके विभाग की आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाली एंबुलेंस की स्थिति कतई भी ठीक नहीं है। 108 नंबर पर एंबुलेंस सेवा मुहैया कराने का जो सिस्टम राज्य भर में चलाया जा रहा है उसकी स्थिति काफी डवांडोल है। इसी दुर्घटना के बाद जब लोगों ने 108 नंबर पर कॉल किया तो इतनी इंक्वारी होने लगी की उन्हें लंबा चौड़ा जवाब देने से अच्छा लोगों ने खुद ही मरीज को पहुंचाने का काम किया। दुर्घटना के बाद 108 नंबर पर कॉल करना और उनके बेहिसाब सवालों का जवाब देना लोगों ने गंवारा नहीं समझा। मौके पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता विनोद क्षत्रिय, चंद्रमोहन दत्ता आदि ने भी 108 सेवा की बदहाली पर काफी रोष जताया और स्वास्थ्य मंत्री से इसे सरल बनाने की अपील की।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**फतेहपुर (एप्र)।** सोमवार को साहेबगंज गोविंदपुर स्टेट हाईवे के फतेहपुर थाना क्षेत्र सीमा के आगोया मोड़ के पास एंटीक्राइम चैकिंग अभियान के तहत दो पहिया व चारपहिया वाहनों की डिक्की व कागजात का चेक किया गया। वहीं बगैर हेलमेट पहने बाइक चालकों से 194 डी काटा गया। ड्यूटी पर तैनात एसआई बिरेंची प्रसाद भोक्ता ने बताया कि यह चेकिंग अभियान रांची मुख्यालय के आदेशानुसार किया जा रहा है जो लंबे समय तक चलेगा। चेकिंग करते समय एक ओवरलोड बस को रोका गया जिसमें बारात से लौट रही बस के ऊपर युवक बैठे थे उसे रोककर सभी को अंदर बैठने का आदेश दिया गया। वहीं अन्य बाइक सवारों को हेलमेट सुरक्षा के दृष्टिकोण से पहनने का सलाह दिया गया। कहा कि ये लोगों से लिया चालान शुल्क पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जामताड़ा में जमा किया जाएगा। मौके पर आरक्षी कांस्टेबल अब्दुल गनी अंसारी, सरोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन से उतरने के कारण अनियंत्रित होने पर फिसला पैर, मौत

**मिहिजाम (एप्र)।** चित्तरंजन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर एक व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटकर हो गया। घटना रविवार सोमवार रात की है। सूचना मिलने पर चित्तरंजन आरपीएफ चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जामताड़ा भेज दिया है। इस संबंध में चित्तरंजन स्टेशन आरपीएफ चौकी की ए एस आई पी बी हाटी ने सोमवार सुबह करीब 10 बजे बताया कि 13019 उप हावड़ा गोरखपुर बाघ एक्सप्रेस ट्रेन से घटना घटी है। बताया कि मृतक की पहचान हो गई है ।जो कि पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिला के खुण्डापुर ओनारी गांव का निवासी 46 वर्षीय शेख असगर अली है। उन्होंने बताया कि मृतक टी शर्ट तथा फुल पेंट पहने हुए था। जहां मृतक की जेब से कई कागजात बरामद हुआ है। जिसमें आधार कार्ड, एटीएम , पासबुक सहित अन्य कागजात मिला है। इस संबंध में चितरंजन रेल थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। वही इस संबंध में मृतक के परिजन को खबर दिया गया है। परिजन की माने तो मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। जो कि बरौनी काम करने इसी ट्रेन से जा रहा था।

शंकरपुर मुख्य पथ से बैद्यनाथपुर आदिवासी टोला तक 1.5 किमी

# सड़क निर्माण कार्य का मंत्री इरफान ने किया शिलान्यास



**नारायणपुर (एप्र)।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को बैद्यनाथपुर आदिवासी टोला से शंकरपुर मुख्य पथ तक की 1.5 किलोमीटर लंबी बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क आदिवासी समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस अवसर पर मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा, *ःमैंने चुनाव में वादा किया था और आज उसे पूरा कर रहा हूँ। आप सभी से कहा था कि किसी के बहकावे में न आएं। सिर्फ चार महीने में विकास के कार्यों का अम्बार लग गया है।* जब अच्छा काम होता है तो दिल से खुशी होती है। यह सड़क आदिवासी भाइयों के लिए है – अब वे दुआएं देंगे क्योंकि बरसात के दिनों में जो परेशानी होती थी, वह अब खत्म होगी। *पहले लोगों को 5 किलोमीटर घूमकर प्रखंड नारायणपुर जाना पड़ता था, अब सीधी और सुरक्षित पहुंच मिलेगी। मंत्री ने आगे कहा,यहां के आदिवासी हमेशा मेरे कठिन समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। अब मेरी जिम्मेदारी है कि उनके जीवन में बदलाव लाऊं। हमारा लक्ष्य सिर्फ सड़क नहीं, समग्र विकास है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा को 18 साल का मौका मिला, लेकिन आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया।आज अगर वे उनका भला करते, तो यह स्थिति नहीं होती। हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों और मूलवासियों को सशक्त करने का काम कर रही है। यह शिलान्यास कार्यक्रम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण रहा, जहां लोगों में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखा गया। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अपने कार्यों के माध्यम से झारखंड में निरंतर विकास की पहचान बन चुके हैं, और यह पहल उसी कड़ी का एक मजबूत उदाहरण है।

मौके पर निशापति हांसदा, अनिल हेंब्रम,जितेंद्र हेंब्रम सर्वे बेसरा ,शिवलाल किस्कू ,शिशु लाल बेसरा, बीरबल अंसारी, रूपेश यादव, गणेश पंडित, सूरज यादव ,संतोष महतो आदि उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी की चपेट में आने से चलती कार में लगी आग



**मिहिजाम (एप्र)।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के चन्द्रदीपा पंचायत अंतर्गत निलदहा गांव में एक चलती कार में सोमवार को आग लग गई। जिससे कार पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रहा कि इस कार में सवार दंपति बाल बाल बच गए। घटना उस समय घटी जब जोन हेंब्रम अपनी पत्नी को डॉक्टर को दिखाने के लिए पश्चिम बंगाल के डाबर मोड़ जा रहे थे, इस बीच गांव से निकलने के बाद कुछ ही दूरी पर कार से अचानक धुआं निकलने लगा। इसी बीच देखते ही देखते आग पकड़ लिया और कार धू धू कर जल उठा। हालांकि घटना को भांपते ही दंपति कार से उतर गए । सूचना मिलते ही चन्द्रदीपा पंचायत के मुखिया देवीसन हांसदा घटना स्थल पर पहुंचे और अग्निशम गाड़ी को खबर दिया। जहां दमकल गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह से जल चुका था। इस संबंध में पंचायत के मुखिया देवीसन हांसदा ने बताया कि यह घटना सोमवार को दिन के करीब एक से दो बजे के बीच घटी है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दमकल गाड़ी को सूचना दिया गया। जहां गाड़ी आग पर काबू पाया। इस घटना में पति पत्नी बाल बाल बच गए।

### धर्मराज मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मेला में दिखी भक्ति



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के जलाई गांव में सोमवार को धर्मराज मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। करीब सैकड़ों भक्त और भक्तिन जाति, धर्म और संप्रदाय का भेद भुलाकर धार्मिक अनुष्ठान में लीन रहे। दो दिन तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत रविवार शाम को हुई। भोक्ताओं ने नजदीकी पोखर में स्नान कर लंबा दंड देकर धर्मराज मंदिर की ओर प्रस्थान किया। दंड देने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर तक लगी रही। सड़क के दोनों ओर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जय बाबा धर्मराज के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भोक्ताओं ने फल को प्रसाद रूप में ग्रहण किया। इससे पहले भक्तों ने छोर कर्म कर यज्ञोपवीत धारण किया। स्नान कर ब्रह्मचारी वेश में फलाहार कर शयन किया। धर्मराज मेले का आयोजन भी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भगवान धर्मराज की पूजा-अर्चना की। मेले में लोकगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। साथ ही कई दुकानें भी लगीं,जहां लोगों ने जरूरत का सामान खरीदा। मेले से लोगों में भक्ति और एकता की भावना मजबूत हुई। यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व बन गया। दूसरे दिन पूर्णिमा की रात विशेष आयोजन शुरू हुआ। सोमवार सुबह करीब 6 बजे मुख्य पुजारी बैधनाथ झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा स्थल पर भगवान धर्मराज की विशेष पूजा की। पूजा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तेल-घी का दीपक, मिट्टी का घोड़ा, कमल फूल और रेवड़ी जैसे प्रसाद चढ़ाए गए। मान्यता है कि बाबा धर्मराज को घोड़ा अर्पण करने से संतान बलशाली और निरोग रहती है। पूजा के बाद व्रती मनोकामना लेकर दिनभर उपासना में लीन रहे। कलश यात्रा का आयोजन भी हुआ। श्रद्धालु तीन से पांच कलश लेकर पहुंचे। इस अवसर पर महुआ पानी चढ़ाने का विशेष महत्व रहा। मौके पर कमेटी और पुलिस बल तैनात रहा। धर्मराज मंदिर में पूजा करते श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी।

### धूमधाम से की गई बाबा धर्मराज की पूजा-अर्चना

**कुंडहित (एप्र)।** बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर कुंडहित प्रखंड के नगरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा धर्मराज की धुमधाम के साथ पूजा अर्चना किया गया। पूजा को लेकर मंदिर परिसर में भक्तों की गहमागहमी देखी गई। पुजा को लेकर नगरी सहित दर्जनों गांव के लोग भक्ति में लीन रहे। जानकारी के अनुसार नगरी बाबा धर्मराज मंदिर में प्रतिवर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बाबा धर्मराज की पूजा अर्चना किया जाता है। इस वर्ष भी मंदिर में बाबा धर्मराज की पूजा अर्चना धुमधाम के साथ मनाया गया। पूजारी के द्वारा बैद्यिक मंत्रोंचारण के साथ बाबा धर्मराज की पूजा अर्चना किया गया। मान्यता है कि शरीर में घाव, फुनसी, चर्मरोग आदि बीमारी होने पर बाबा धर्मराज मंदिर में मन्नत मांगते है। मन्नत पुरी होने पर भक्तों द्वारा बाबा मंदिर में तेल या घी का लेप चढाते है। साथ ही मान्यता पूरी होने पर तेल घी के साथ बाबा धर्मराज की पूजा में कमल फुल चढाते है।

### सड़क जर्जर होने से आवागमन में परेशानी, निर्माण की मांग



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के सिमलडूवी पंचायत के हरिराखा गांव से पटानपुर गांव के गाड़ा टोला तक बदहाल सड़क स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार की और से बड़ी-बड़ी सड़कों का निर्माण हो रहा ताकि लोगों को गणतव्य स्थान तक पहुंचने में कम समय लगे। लेकिन आज भी सुदुरवर्ती ग्रामीण इलाके लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। जर्जर गोड्डाकानुमा सड़क के आवागमन करने में लोगों को तरह-तरह की परेशानियां हो रही है। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर डुमरिया पंचायत के हरिराखा गांव से पाटनपुर गांव के गाड़ा टोला तक यह हाल है। गाड़ा टोला का मुख्य एंव एक मात्र सड़क है। इस सड़क की दुरदशा देख लोग खासे परेशान है। लोगों नें गांव में आए जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी से हरिराखा से पटानपुर (गाड़ा टोला) तक जाने वाली मुख्य सड़क की निर्माण का मांग किया है। लेकिन आज भी लोगों का मांग पूरा नहीं हुई है। सड़क से होकर लोग किसी तरह आवागमन करते है। ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश सड़क की हालत काफी खराब है। यहां कई वर्षों से लोग जर्जर जर्जर सड़क पर ही आवागमन कर रहे हैं। फतेहपुर प्रखंड का जाने का मुख्य हरिराखा-पटानपुर मार्ग है। इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। बताते चले कि फतेहपुर प्रखंड के डुमरिया और शहरबेड़िया सहित 10 गांवों को जोड़ने वाला लगभग 4 किमी लंबे मार्ग का लबें समय से निर्माण नहीं हुआ है। इस सड़क की निर्माण का कार्य नहीं कराया गया है। इससे सड़क जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने के साथ गड्ढे बन गए। मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसमें कुछ वाहन सवार तो गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाते है। क्षेत्र के हेमलाल किस्कू, मैनेजर हेंब्रम, सहादेव मुर्मू आदि ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। किसी ने भी सड़क निर्माण कराने की जहमत नहीं उठाई है। लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में स्थित और भी दयनीय हो जाती। किसी ने भी सड़क निर्माण कराने की जहमत नहीं उठाई है। लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में स्थित और भी दयनीय हो जाती है। इस सड़क कई वर्षों से उपेक्षा की शिकार है। बरसात के दिनों में तो इस मार्ग पर आवागमन ही पूरी तरह से ठप हो जाती है। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने के लिए लगभग 4 किलो मीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### बाइक चालक ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, घायल

**नाला (एप्र)।** नाला-आसनसोल मुख्य सड़क पर महेशमुंडा के समीप एक बाइक चालक ने खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। घटना सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार दोमानी (आसनसोल) निवासी विश्वनाथ हांसदा (40),पिता विपिन हांसदा घायल है। इस संबंध में नाला थाना के एएसआई कमलेश कुमार यादव ने सड़क दुर्घटना की खबर मिलते हीं घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस गाड़ी से घायल को नाला अस्पताल लाया। इस दौरान नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ डीके सिंह के द्वारा प्राथमिक इलाज कर गंभीर अवस्था को देखते हुए आसनसोल रेफर कर दिया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बाइक डब्ल्यूबी38ए एम 5450 को नाला थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। मौके पर नाला सीएचसी में भीम हाजरा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाया गंधेश्वरी पूजा, दो दिन रहा उत्सव



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को गंधवानिक समाज ने गंधेश्वरी माता की पूजा धूमधाम से की। सुबह से ही गंधेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। समाज के लोग भक्ति में लीन दिखे। इस अवसर पर समाज के व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। देर शाम प्रसाद वितरण हुआ। गंधवानिक समाज प्राचीन समय से वैशाख महीने की बुद्ध पूर्णिमा पर गंधेश्वरी पूजा करता आ रहा है। घरों में आकर्षक गंधेश्वरी माता की प्रतिमा स्थापित की गई। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई। पूजा के बाद प्रसाद बांटा गया। गंधवानिक समाज के साधू , बनिया और घाँटी परिवार के लिए यह पूजा विशेष महत्व रखती है। समाज के लोग मां गंधेश्वरी से सुख, शांति, समृद्धि और धन की कामना करते हैं। दो दिन तक चला यह पर्व श्रद्धा और आपसी सौहार्द का प्रतीक रहा। पहले दिन पूजा और प्रसाद वितरण हुआ। दूसरे दिन समाज के लोग आपस में मिलकर विश्वास और भाईचारे को मजबूत करते हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। डुमरिया, बंदरडीहा, बिंदापाथर सहित कई गांवों में गंधेश्वरी माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। गांव के पास के जलाशय से कलश लाकर जयकारों के साथ माता की पूजा की गई। दुकानदार अनिमेष साधू, कृष्ण चन्द्र साधू, दिलीप साधू ने बताया कि चतुभुर्जा सिंह वाहिनी माता की पूजा श्रद्धा और निष्ठा से की गई। मां के दर्शन और प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शास्त्रों के अनुसार, महादेव के वरदान से गंधासुर महाशक्तिशाली बना था। उसका संहार माता गंधेश्वरी ने किया। तभी से देवी गंधेश्वरी के रूप में पूजी जाती हैं। समाज में मान्यता है कि दुर्गा ही गंधेश्वरी माता हैं। धन की रक्षा,कारोबार में वृद्धि और विपत्ति से बचाव के लिए माता की कृपा मानी जाती है। इसी विश्वास के साथ समाज ने आराध्य देवी की पूजा पूरे श्रद्धा भाव से की।श्रद्धालुओं ने अपने कारोबार, परिवार और समाज की समृद्धि के लिए प्रार्थना किया ।

## 20 मई को भारत बंद: वामपंथी पार्टियों का एलान



**जामताड़ा (एप्र)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को जामताड़ा क्लब में जो गांधी मैदान में स्थित है वहां वामपंथी पार्टी एवं जन संगठन के द्वारा आहूत एक दिवसीय कन्वेंशन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सीपीआईएम के सुजीत कुमार माजी, सीपीआई एमएल के जयप्रकाश मंडल सीपीआई के चंद्रशेखर एवं फारवर्ड ब्लाक के भीम मंडल सहित चार सदस्यीय अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता बैठक संपन्न हुई। इस दौरान सबसे पहले 22 अप्रैल को पहलगाम में सैलानियो पर,पुंछ में सिविलियन पर आतंकवादी हमले के शिकार एवं जवान शहीदों के स्मरण में 1 मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कन्वेंशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मौजूदा मोदी सरकार के द्वारा जिस तरह से मजदूर एवं किसानों पर हमले दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे मजदूरों को अपने मेहनत का तथा किसानों के फसल का सही मिल न मिले इसके लिए भयंकर कानून लादे जा रहे हैं जिसके चलते मेहनत का जनता पर काफी संकट का बादल मंडरा रहा है। किसान एवं मजदूरों पर हो रहे हमले के मध्य नजर साथ-साथ आम जनता पर महंगाई ,बेरोजगारी जैसी भयंकर समस्याओं का बोझ डालकर जिस तरह से तबाही मची हुई है उससे आम लोग काफी परेशान हैं। मजदूरों पर चार लेबर कोड लाकर जिस तरह से उन पर हमला तेज किया जा रहा है वह काफी खतरनाक दिशा की ओर संकेत करता है ।इसीलिए मजदूर संगठनो को चारों मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लेना, किसानों के फसल के लागत का डेढ़ गुना मूल्य निर्धारण करना, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए तथा पेंशन ?9000 प्रतिमाह देना, निजीकरण पर रोक ,मनरेगा में ?600 प्रतिदिन मजदूरी सहित 200 दिन का सालाना कम जैसी सतरह सूत्री मांगों के लिए राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा है। जिसको अखिल भारतीय स्तर पर किसान संगठनों ने एवं अन्य वामपंथी पार्टी तथा राजनीतिक पार्टियों ने भी समर्थन दिया है।

इन सभी मुद्दों को लेकर सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार की जमकर आलोचना की और सबों ने एक स्वर से कहा कि मजदूर एवं किसान की चट्टानी एकता के बल पर आम जनता को साथ में लेकर मोदी सरकार के नाकामी सहित उनकी गलत नीति के खिलाफ हमें सड़क पर लड़ाई लड़ने की बात कही और इसी क्रम में आहूत ई 20 मई की आम हड़ताल को सफल करने के लिए इस कन्वेंशन के में जो निर्णय और प्रस्ताव लिया जाएगा उसे धरातल पर हम उतारेंगे।

सर्व सम्मति से उच्च कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णय के तहत 20 मई को10 :00से 12:00 बजे तक 2 घंटे का चक्का जाम भी किया जाएगा एवं संगठित तथा संगठित मजदूरों को जागरुक करते हुए आंदोलन में अधिक से अधिक शिरकत करने की प्रयास जारी रहेगी। प्रयास किया जाएगा की 19 मई को संध्या में एक मसाल जुलूस का आयोजन किया जाए साथ-साथ इस बीच जत्था निकालकर सघन प्रचार अभियान को चलाया जाएगा। जगह-जगह पर पोस्टरिंग किया जाएगा एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन कर हड़ताल क्यों है इस उद्देश्य पर सघन प्रचार अभियान चलाया जाएगा ।अंत में सबों ने 20 मई की हड़ताल को सफल करने की शपथ लेते हुए अपने गरम जोशी नारो के साथ आज की इस कन्वेंशन को सफल करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषना की।

### कुंजविलास पाला के साथ 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन



**नाला (एप्र)।** नाला हाटलता स्थित रक्षा काली मंदिर के समीप ग्राम सोलोआना द्वारा आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन का कुंजविलास पाला के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर गौर गोदाधर गोड़ियामठ स्वरूपगंज नवदीप (नदिया) श्री पाद गौरगोपाल ब्रह्मचारी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। इस दौरान उन्होंने ब्रह्मचर्य पालन करने तथा काम, क्रोध, लोभ आदि नौ ऋृपुओं को नियंत्रित कर भगवान के श्रीचरणों में समर्पित होकर भजन कीर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह मानव जन्म बहुत दुर्लभ है, इसलिए मनुष्य को यह जन्म व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। उन्होंने गुरु चरण में आश्रय लेकर भगवान की आराधना और चिंतन मनन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने शास्त्र साधन तत्व के बारे में भी बताया। इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे ग्राम सोलोआना के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

एक नजर

## अपराधी गिरफ्तार



**जमुई (निंस)।** जिले के लक्ष्मीपुर थाना अंतर्गत वर्ष 2019 में घटित एक जघन्य हत्या कांड में फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामी अभियुक्त नवीन कुमार वनेली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।अभियुक्त को पुलिस ने झारखंड के देवघर जिले से धर दबोचा।यह कार्रवाई जमुई पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी टीम द्वारा अंजाम दी गई।इस बारे में जमुई पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि नवीन कुमार वनेली,पिता जनार्दन वनेली,ग्राम लक्ष्मीपुर, जिला-जमुई का निवासी है।वह हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा,मारपीट,अपहरण, डकैती सहित गंभीर धाराओं में नामजद अभियुक्त रहा है। वर्षों से फरार रहने के कारण पुलिस मुख्यालय द्वारा उस पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त पर दर्ज प्रमुख आपराधिक मामलों में लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या-68/2000-धारा 341,324, 323, 307, 34 भा.दं.वि.; लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या-12/2001-धारा 147, 148, 341, 323, 324, 307 भा.दं.वि.; लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या-39/1987 झ धारा 323, 307, 34 भा.दं.वि.; जमुई थाना कांड संख्या-174/1998 -धारा 341,379, 364,384, 504, 392 भा.दं.वि.; जमुई थाना कांड संख्या-56/2013 झ धारा 147, 149, 341, 324, 323, 307, 353, 393, 224, 225, 504 भा.दं.वि.; लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या-316/2019-धारा 147, 148, 149, 452, 302, 307, 323, 324 भा.दं.वि. शामिल हैं।इस सफलता में पुलिस निरीक्षक विकास कुमार, एसआई किशन कश्यप एवं जिला आसूचना इकाई की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना की और इसे अपराध के विरुद्ध बड़ी उपलब्धि करार दिया। जमुई पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि कानून से बचकर कोई भी अपराधी ज्यादा दिन तक फरार नहीं रह सकता।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस आयोजित

**जमुई(निंस)।** जिले के बरहट,खैरा एवम जमुई प्रखंड के अलग अलग गाव के मुशहर सामुदाय से सामुदायिक स्वास्थ कार्यकर्ता भाग लि जो अपने गाव मे निशुल्क सेवाएं दे रही है ये स्वस्थ कार्यकर्ता अपने गाव के लोगो को किसी कारण वस चोट लगने,कटने चोट लगने छिलने पर चोट पट्टी करती हैं बुखार लगने के इस्थिति मे बुखार नापकर उचित सलाह देना मलेरिया, डारिया जैसे बीमारियों मे गाव मे जागरूकता लाना एवम स्वस्थ विभाग को स समय सूचित कर पहल करवाना बच्चों का टिकाकरण को प्रोतशाहित्य करना किशोरियों को माशिक धर्म के दौरान साफ-सफाई,खान-पान सहित गर्ववती महिलाओ का सही देख भाल एवम संस्थागत प्रसव के लिए गाव के लोगो को जागरुक करना।लगभग 30 कम्युनिस्ट हेल्थ वॉलिंटियर गत एक वर्ष मैं 2500 हजारों बीमार को प्राथमिक उपचार एवं परामर्श के साथ रेफर करने मैं मदद किया है' आज नर्स दिवस के मौके पर 15 सामुदायिक स्वस्थ्य वॉलिंटियर को सम्मानित किया गया है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर लगी शिवालयों में भीड़

**खैरा/जमुइ(निंस)।** बुद्ध पूर्णिमा( वैशाख पूर्णिमा ) का ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा धार्मिक महत्व है। पूरे वैशाख माह को पवित्र माना जाता है और श्रद्धालु पूरे माह में पूजा अर्चना करते हैं।इस दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म सत्य का ज्ञान और महापरिनिर्वाण के तौर पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध से जुड़ी अधिकांश घटनाएं इसी दिन हुई थी।ग्रामीण क्षेत्रों में इस माह को बैसाखी पूजा के नाम से जानते हैं।खैरा के गिद्धेश्वर नाथ काग नाथ रामेश्वर नाथ दुख हरण नाथ बोधनाथ महेश नाथ मंदिरों मे अहले सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमने लगी और लोगों ने पूजा अर्चना किया।गिद्धेश्वर क्षेत्र के ग्रामीणों को स्नान करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।गिद्धेश्वर का शिवगंगा और कियुल नदी की धारा मृतप्राय हो जाने के कारण लोगों को स्नान करने में भारी कठिनाई हुई।

# इरबा में इंटरनेशनल नर्स डे समारोह मनाया गया



**रांची(एप्र)।** इरबा स्थित शाइन अब्दुर रज्जाक अंसारी इंस्टीट्यूशंस में इंटरनेशनल नर्स डे समारोह धूमधाम से मनाया गया,

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा, विधायक ममता देवी, विधायक अमित कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि सईद अहमद अंसारी, रौशन लाल भाटिया ,सहित अन्य अतिथियों द्वारा की गई ।

मौके पर 16 के टॉपर गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करने के गुण बताए। गौरतलब है कि संस्था 2009 से अब्दुर्रज्जाक अंसारी मेमोरियल वेल्फेयर सोसाइटी के बैनर तले,नर्सिंग, पैरामेडिकल, फामेर्सी, एजुकेशन स्कूल के क्षेत्र में कार्य कर रही, यहां से लगभग 4000, से ज्यादा विद्यार्थी अच्छे पोस्ट सेवा देश ,विदेश में दे रहे हैं।

इस मौके पर मंजूर अहमद अंसारी, सचिव आरिफ अहमद अंसारी, डायरेक्टर अनामिका आरिफ, सेंटर मैनेजर पूजा प्रकाश, एडमिन नाहिद अहमद अंसारी प्राचार्या, जैनी लीना, कुसुम ,जावेद आलम , गालिब सगीर, इरशाद, सनाउल्लाह अंसारी,नसीम, रज्जाक, जुबैर, मोइन, सचिन मेहता हसीब अंसारी आदि सैकड़ों छात्र, छात्रा इस समारोह में उपस्थित थे।

# महिला संवाद कार्यक्रम में गूंज रही महिला सशक्तिकरण की कहानियां



**जमुई(निंस)।** महिला संवाद कार्यक्रम में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की सशक्तिकरण की कहानियाँ गाँव-गाँव में गूंज रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं न केवल अपनी संघर्षों की दास्ताँ और सफलता की कहानियां साझा कर रही हैं,बल्कि वे इस मंच पर अपनी समस्याओं और आकांक्षाओं को भी मुखरता के साथ रख रही हैं।हर दिन 22 गाँवों में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में 5 से 7 महिलाएं अपनी व्यक्तिगत संघर्ष और आत्मनिर्भरता की कहानियों को रख रही हैं, जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को जीविका, सतत जीविकोपार्जन योजना, कन्या उत्थान योजना,बालिका प्रोत्साहन योजना, पोशाक योजना, साइकिल योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।जमुई जिले में जीविका द्वारा संपोषित 1245 ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है,जिसमें कुल 539 ग्राम संगठन में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है।प्रतिदिन लगभग पांच हजार महिलाएं कार्यक्रम का हिस्सा बन रही हैं।लक्ष्मीपुर प्रखंड के गौरा गाँव में गुरुदेव ग्राम संगठन के द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में सतत जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी शांति जीविका स्वयं सहायता की सदस्य नीलम देवी कहती हैं, कि योजना से जुडाव से पहले उनकी स्थित काफी दयनीय थी दो वक्त का भोजन भी सही से हो नहीं पाता था,बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पाती थी लेकिन जीविका समूह से जुड़ने के बाद उन्हें सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिलो किराना दुकान से अपने सफर की शुरूआत करने वाली नीलम देवी आज श्रृंगार दुकान,पशुपालन एवं खेती से जुड़कर अपनी तकदीर सवाँर चुकी हैं इस तरह की कई कहानियां संवाद कार्यक्रम में देखने और सुनने को मिल रही है।लक्ष्मीपुर प्रखंड में ही एसजेवाई-एमआरपी के पद पर काम कर रही सीता देवी बताती हैं की गौरा एवं चिन्वेरिया पंचायत के 30 अत्यंत ऐसे गरीब परिवारों को सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिला है, जो आज गरीबी के दुष्चक्र को तोड़कर समाज में एक पहचान बना चुके हैं।सीता बताती हैं कि जीविका परियोजना की वजह से आज उसकी एक अलग पहचान है और स्वयं खुद को सक्षम मानती हैं।एक समय था,वह साइकिल भी नहीं चलाना जानती थी,लेकिन आज वह स्कूटी भी चलाती हैं गाँव-गाँव जाकर इस योजना से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों को आगे बढ़ने में मदद करती हैं कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक शौचालय, वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी, लघु कुटीर उद्योग की माग,नल-जल,कोल्ड स्टोरेज की मांग को प्रमुखता से उठाया।महिला संवाद का यह कार्यक्रम महिलाओं को अपने परिवार एवं गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिन्हित कर एवं उसका प्राथमिकता निर्धारित कर विकास की कार्ययोजनाओं के सूत्रीकरण का एक बेहतरीन मंच है।जिले के सभी प्रखंडों में महिलाएं उत्साह से भाग लेते हुए मुखरता के साथ अपनी अपनी आकांक्षा महिला संवाद कार्यक्रम में सांझा कर रही हैं।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**जमुई(निंस)।** जिले के बरहट प्रखंड के स्थानीय गादी कटौना स्थित सीबीएसई मान्यता प्राप्त ब्लैक डायमंड पब्लिक स्कूल के सभागार में सीबीएसई द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को किया गया जिसका समापन रविवार को हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत रिसोर्स पर्सन अनूप कुमार डे,गौर चंद्र महतो डॉ अनिल कुमार सिंह व प्राचार्य डॉ.कमल लता सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया।उसके पहले अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर की ।कार्यक्रम को सी ओ ई पटना द्वारा संचालित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को ज्वायफुल मैथमेटिक्स के बारे में बताना था।अतिथि द्वय ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ग में बच्चों को ज्वायफुल तरीके से गणित को कैसे बताना है। उन्होंने शिक्षकों को ज्वायफुल मैथमेटिक्स के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को डॉ.अनिल कुमार सिंह व प्राचार्य डॉ.कमल लता सोनी ने भी संबोधित किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विनोबा भावे पब्लिक स्कूल और ब्लैक डायमंड पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।स्कूल के शिक्षकों ने अतिथि द्वय की बातों को ध्यानपूर्वक सुना।मंच संचालन शिक्षक शीश इकबाल ने किया।वही कार्यक्रम का समापन शिक्षक आशुतोष कुमार सिंह के अभिवादन द्वारा किया गया। मौके पर स्कूल के सभी कर्मी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## कायस्थ महाकुंभ में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया गया सम्मानित





**जमुई(निंस)।** बीते दिनों जमुई में आयोजित हुए कायस्थ महाकुंभ में विशेष योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. मनोज कुमार सिन्हा,डॉ.अमित रंजन और डॉ. मनीषा कुलशेनम के आवास पर जाकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर महासचिव प्रभात सिन्हा,अभिषेक सिन्हा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पूरी जमुई जिला टीम की ओर से सम्मानित व्यक्तियों का आभार प्रकट किया गया और कायस्थ समाज के उत्थान में उनके योगदान को सराहा गया।जिलाध्यक्ष प्रवीण सिन्हा ने कायस्थ महाकुंभ को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आए तीन युवक, दो की मौके पर मौत, एक गंभीर घायल



**बरहट(एप्र)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 333 पर मलयपुर-लक्ष्मीपुर मुख्य मार्ग स्थित विशनपुर मनुषघट्टा पुल के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन युवक चपेट में आ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के बसमता गांव निवासी सौरभ कुमार 18 वर्ष पिता रोहित यादव और आयुष कुमार 13 वर्ष पिता अवधेश यादव के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक प्रिंस कुमार 18 वर्ष है जो आयुष का बड़ा भाई और अवधेश यादव का पुत्र है। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार सौरभ और आयुष चचेरे भाई थे।

तीनों युवक मलयपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में एक बारात में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। सुबह करीब 5:30 बजे जब वे मनुषघट्टा पुल के पास पहुंचे। तभी लक्ष्मीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर पलट गया और एक युवक उसके नीचे फंस गया। जबकि दो अन्य दूर जा गिरे।

घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बरहट थाना एसआइ राजकुमार पासवान ने तीनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है और वाहन लक्ष्मीपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है।

क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने बताया कि घटना में दो युवकों की मौत हुई है।जबकि एक घायल है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

## दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की आवश्यकता है : पुष्कर

**रांची(एप्र)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को बुद्ध पुर्णिमा के अवसर दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की आवश्यकता है विषय पर डोरंडा स्थित गोरखा चौक के समीप शीतल पेयजल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुष्कर महतो ने कहा कि सम्राट अशोक, अंगुली माल डाकू व डॉ भीमराव अंबेडकर सहित दुनिया के प्रमुख देश, महापुरुषों ने बुद्ध के पथ पर चलकर शांति व आनंद के अनंत को प्राप्त किए हैं। बुद्ध के मार्ग से यथार्थवाद का परिचायक बने। जिसने आतंकवाद ,उग्रवाद एवं हिंसा का सहारा लिया वे आर्थिक रूप से गुलाम हुए हैं का संदेश दिया। हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं विनाश का परिचायक है। बुद्ध के मार्ग ही तरक्की ,शांति, आनंद सद्भाव के मार्ग हैं. कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि बुद्धम शरणम गच्छामि ही सत्यम शिवम सुंदरम है।

इस मौके पर श्रीमती रोजलीन तिर्की ,सुबोध लकड़ा सुजीत कुमार राम ,सुचिता बरदेवा, सुषमा बरदेवा प्रमुख थे. कार्यक्रम का संचालन व स्वागत रांची जिला संयोजिका श्रीमती पुष्पा बरदेवा ने किया।

## अजय नाथ शाहदेव ने अध्यक्ष पद, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने सचिव पद के लिए किया नॉमिनेशन

**रांची(एप्र)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन चुनाव को लेकर अब सरगर्मी तेज हो गई है। आगामी 18 मई को जेएससीए का चुनाव होगा। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है 13 मई को नामांकन का अंतिम दिन है। हालांकि सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के दिन अधिकांश कैंडिडेट्स ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। जिसमें झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी अजय नाथ शाहदेव ने अध्यक्ष पद के लिए नॉमिनेशन फाइल किया है, जबकि सचिव पद के लिए क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने नॉमिनेशन फाइल किया है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए संजय पांडे, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमिताभ घोष और ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर क्रिकेटर शाहबाज नदीम ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर नामांकन का दौर जारी है। इस चुनाव में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। इसके अलावे चार जिला प्रतिनिधि, एक स्कूल प्रतिनिधि, एक क्लब प्रतिनिधि और एक संस्थान प्रतिनिधि का भी चयन किया जाना है और इन्हीं पदों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया जारी है। 13 मई को नॉमिनेशन की अंतिम तिथि तय है।

सत्र 2025-28 के लिए होगा चुनाव सत्र 2025-28 के लिए चुनाव होना है। जेएससीए के एकेडमिक ब्लॉक में 18 मई को मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन पत्रों की जांच 13 मई को होगी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 मई, अंतिम उम्मीदवार सूची 14 मई को ही जारी कर दी जाएगी। मतदान और परिणाम की घोषणा भी एक ही 18 मई को की जाएगी। मतदान में 633 लाइफ मेंबर, 9 संस्थान, 24 क्लब और 29 स्कूल शामिल हैं। कुल 718 वोटर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के पदचिन्हों पर चलते हुए जेएससीए की गरिमा का निर्वहन करते हुए इसके उद्देश्यों को पूरा करना हमारा मकसद है। राज्य में क्रिकेट के उत्तरोत्तर विकास और झारखंड के प्रत्येक जिले में खिलाड़ियों को बेहतर साधन-संसाधन उपलब्ध कराना और खिलाड़ियों को तराशने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। रांची में क्रिकेट स्टेडियम बनने के बाद यह पहला चुनाव है, जब हम सबके बीच अमिताभ चौधरी नहीं हैं।

# मंडा पूजा के दौरान भोक्ताओं ने बूढ़ा मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की



**रांची(एप्र)।** श्री मंडा पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, अरगोड़ा द्वारा आयोजित 11 दिवसीय मंडा पूजा के दसवें सोमवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का अरगोड़ा तालाब में पहुंचना शुरु हो गया था। वर्तमान समय में तालाब के जिर्णोधार का कार्य किया जा रहा है। इस वजह से भोक्ताअें को परेशानी हुई। जहां भोक्ताअें के स्नान करनें के लिए तालाब के आस-पास में रहने वाले लोगों ने भोक्ताओं को स्नान करने की व्यवस्था की। जहां भोक्ताओं ने पूजा काल में साबुन, कंघी, तेल और दर्पण के प्रयोग से परहेज किया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से बुढ़ा मंदिर, अरगोड़ा में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें काफी संख्या में भोक्ता (पुरुष श्रद्धालु) और शोक्ताइन (महिला श्रद्धालु) शामिल हुए। विशेष रूप से शोक्ताइन महिलाएं दिन भर में सात बार मंदिर में जल अर्पित करती रहीं। खुले बदन और हाथों में धार्मिक डंडी लिए श्रद्धालु, ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ स्नान करने के बाद वहां से कतारब होकर में सभी मंदिर लौटे और शिव-पार्वती के समक्ष एक पैर पर परिक्रमा की।

### फूलखोंसी का हुआ कार्यक्रम, झूलन आज 4

मंडा पूजा का मुख्य आकर्षण दहकते अंगारों पर चलने की फूलखोसी नामक विशेष पूजा हुई जिसमें श्रद्धालु 18 फीट लंबे जलते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति का परिचय दिया। इस अनुष्ठान की शुरूआत पटभोक्ता मनसन यादव द्वारा की गई। बेथ की विशेष पूजा (पहलवंशा) पंडित सीताराम द्वारा गई। जबकि फूलखोसी की अर्पण क्रिया शंकर लोहरा और डारबिन लोहरा द्वारा निभाई जाएगी। संपूर्ण पूजा-पाठ का संचालन नामकुम आरा बड़ाम से आमंत्रित गोसाई परक्षित गोस्वामी द्वारा किया जा रहा है। दहकते अंगारों पर चलने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि मां पार्वती का स्वरूप बड़े नीम के पेड़ की लकड़ी से निर्मित किया गया है। यह विशेष पाठ तीन वर्ष पुराना है और पूरे आयोजन की आत्मा माना जाता है। इसकी पूजा अरगोड़ा पाहन टोली से प्रारंभ हुई थी. आज जितने भोक्ता शामिल हैं, उतनी ही संख्या में शोक्ताइन भी मौजूद रहीं. अब तक इस पाठ को 9-10 बार बदला जा चुका है।

### चार मई से हुई थी मंडा पूजा की शुरूआत

मंडा पूजा की शुरूआत 4 मई को अरगोड़ा पाहन टोली से हुई थी। मां पार्वती के स्वरूप पाठ को लेकर बाजरा, मधुकम, हेहल, कडरू, डिबडीह, दीपाटोली, चापु टोली सहित 15 से अधिक मोहल्लों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी।

## मंईयां सम्मान के नाम पर बहन-बेटियों के साथ छलावा : राफिया नाज

**रांची(एप्र)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार द्वारा मइयां सम्मान योजना के तहत 5.46 लाख बहनों-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने पहले इन गरीब बहनों-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे और अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा । राफिया ने प्रश्न उठाया कि क्या यह एक पुरजोर राजनीतिक षड्यंत्र नहीं, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार ने इन गरीब बहनों-बेटियों को सिर्फ वोट बैंक की भेंट चढ़ाया और चुनाव के पश्चात अपात्र घोषित कर उनका अपमान किया? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गई भाजपा बहनों-बेटियों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है लेकिन फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है। यही इनका असली चरित्र है। उन्होंने कहा कि मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेज सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहनों-बेटियों को ही स्थायी रूप से लाभ मिला, लेकिन अब अचानक 5.46 लाख को अपात्र कहकर सूची से हटाया जा रहा है और अब सरकार वसूली की भी बात कर रही है। तो हेमंत जी यह बताएं कि बहन-बेटिया क्या लोन लेकर आपको राशि लौटाएंगी? या फिर आप बहनों-बेटियों को ऋणी बनाने के लिए अग्रसर हैं? अगर ये बहन-बेटियां वास्तव में अपात्र थीं, तो उन्हें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि क्यों दी गई? क्या यह योजना नहीं, बल्कि धोखा था? उन्होंने कहा कि मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहनों-बेटियों को ही स्थायी लाभ मिला, लेकिन अब सरकार 5.46 लाख लाभार्थियों को योजना से बाहर कर वसूली की बात कर रही है।

## एक नजर

### उच्चस्तरीय पुल निर्माण की विधायक ने की अनुशंसा, ग्रामीणों ने जताया आभार




**उधवा (एप्र)।** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड के दक्षिण पियारपुर पंचायत अंतर्गत गफूरिया मदरसा के पास लंबे समय से मांग की जा रही उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर अनुशंसा किया है। विधायक ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को अनुशंसा पत्र भेजा है। वहीं जिप सदस्य प्रतिनिधि अली हसन उर्फ अली कमीशन,जिप सदस्य अब्दुल बारिक शेख,सहनारा बीबी,रानी हांसदा ने संयुक्त रूप से जिला विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रमाकांत को अनुशंसा पत्र सौंपा है।इस पर विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि अपने क्षेत्र कि समस्या को लेकर हमेशा तत्पर हुं तथा समस्या का समाधान करने को लेकर प्रतिबद्ध हुं। दक्षिण पियारपुर पंचायत के लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। नदी आर - पार होने में लंबी दूरी तय करना पड़ता है।कहा कि यह पुल बन जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन करने में आसानी होगी।

### आर्म रेसलिंग में कांस्य जीतकर रोहित ने बढ़ाया गोड्डा का मान



**गोड्डा (एप्र)।** जामताड़ा में रविवार को आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में अपने भार स्पर्धा का कांस्य जीतकर रोहित कुमार सेन ने जिला का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के पदाधिकारियों में सुरजीत झा, मनीष कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, आकाश कुमार, राहुल कुमार, रौशन कुमार साह एवं जीत सिंह ने रोहित को बधाई दी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व नर्सिंग दिवस



**पथरगामा (एप्र)।** सोमवार को विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर पथरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सादगीपूर्ण लेकिन उत्साह से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र की नर्सों ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और एक-दूसरे के चेहरों पर केक लगाकर हर्षोल्लास के साथ दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नर्सों को इस विशेष दिन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती हैं। वे न केवल मरीजों का इलाज करती हैं बल्कि अपने सेवाभाव से उन्हें मानसिक संबल भी देती हैं। उन्होंने कहा कि नर्सों का योगदान अमूल्य है और इनकी निष्ठा और सेवा भावना को शब्दों में व्यक्त करना आसान नहीं। कार्यक्रम के दौरान नर्सों ने आपसी सौहार्द का परिचय दिया और कहा कि यह दिन उनके लिए गर्व का दिन है क्योंकि यह उनके पेशे और सेवा भावना को सम्मान देने का दिन होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर नर्सिंग सेवा की शपथ दोहराई और भविष्य में भी पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा करने का संकल्प लिया।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने दुख की घड़ी में साथ खड़े होने वाले सभी को दिया धन्यवाद

**गिरिडीह (एप्र)।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने सोमवार को बताया की वे अपने पिता पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह की तबियत बिगड़ने से लेकर उनके निधन और श्रद्धाकर्म कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के कार्यकर्ता , आम जनता और प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक को धन्यवाद दिया। प्रतिपक्ष के नेता लोकसभा राहुल गांधी के द्वारा दूरभाष पर इस दुख की घड़ी में हिम्मत देना मुझे ज्यादा मजबूत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के द्वारा पत्र के माध्यम से अपनी संवेदना प्रकट करना मुझे गोरवानवित महसूस होती है की एक ऐसे पिता जो अपनी एक अलग पहचान राजनीतिक और सामाजिक जीवन में बनाए थे। धनंजय सिंह ने कहा कि एक माह से भी ज्यादा में पार्टी के कार्यक्रमों और संगठन के कामों से दूर रहा लेकिन अब मैं मानसिक रूप से तैयार हूं। मैं सभी प्रखंड अध्यक्ष और कार्यकर्तओ के संपर्क में हूं आगे के कार्यक्रमों को लेकर बहुत जल्द जिला कमेटी की बैठक निर्धारित करूंगा।

### साइबर ठगी के विरुद्ध केस दर्ज

**उधवा (एप्र)** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चामाग्राम के एक युवक को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया और उससे हजारों की ठगी कर ली। पीड़ित मोहसिन शेख ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। जिसमे बताया है कि वे ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए हैं, जिससे उन्हें 92 हजार रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित की शिकायत पर राधानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मोहसिन शेख ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने अज्ञात साइबर ठगों द्वारा 92 हजार रुपये की धोखाधड़ी किए जाने की जानकारी दी है। इस शिकायत के आधार पर साइबर अपराधी के विरुद्ध कांड संख्या 170/25 दर्ज किया गया है।

# टेंपू पलटने से महिला की मौत, दस घायल

**साहिबगंज (एप्र)।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जलेबिया घाटी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे अनियंत्रित टेंपू पलट जाने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका बोरियो थाना क्षेत्र के बागमुंडी गाँव के प्रधान हासदा की पत्नी सुरुज मरांडी (30) थी। जबकि इसमे बच्चा समेत दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टेंपू चालक संजू बास्की टेंपू छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर जिरवाबाड़ी थाना पुलिस घटना स्थल पहुच घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृत महिला के शव कब्जे में लेकर को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।घायल में सभी बोरियो थाना क्षेत्र के बागमुंडी के सिदो किस्कु की नौ वर्षीय पुत्री रौशमी किस्कु, पुरले किस्कु की पुत्री लिली किस्कु (9), भागवत



बास्की का पुत्र बुधराम बास्की (14), राजेश मुर्मू की पत्नी कहामुनि सोरेन (40), मनु मुर्मू की पुत्री मोरिता मुर्मू (18), पप्पू मुर्मू (30), बिर्धन हासदा की पुत्री मरियम हासदा (10), जट्टा मुर्मू की पुत्री मेरीला मुर्मू (13), राम बास्की की पुत्री चंची बास्की (12), पतरु बास्की की पुत्री मरंगम्य सोरेन गंभीर रूप से घायल है। घायल ने बताया कि वे लोग गाँव के ही टेंपू चालक संजू बास्की के टेंपू से बोरियो से साहिबगंज के महादेवगंज खेत में काम करने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान घाटी से उतरने के दौरान टेंपू में ब्रेक नही लगा। इस कारण टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गई है। वही मृता महिला शव का पोस्टमार्टम के लिए तैयारी की जा रही है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## साहेबगंज के रणवीर ने जीता स्वर्ण, शिवानी को कांस्य

### झारखंड सब जूनियर वूशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**साहिबगंज (एप्र)।** आर.के. आनंद स्टेडियम, नामकुम में 10-11 मई तक आयोजित 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु चैंपियनशिप में साहेबगंज जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। रणवीर ठाकुर ने 32 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर जिले का परचम लहराया, वहीं शिवानी कुमारी ने 42 किलो वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले को गर्व की अनुभूति कराई।झारखंड वूशु संघ, रांची के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में राज्य के 15 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। साहेबगंज जिला वूशु संघ के सचिव सह प्रशिक्षक मृतुंजय राय के नेतृत्व में जिले की टीम ने भाग लिया और यह गौरव हासिल किया।विजयी खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा, जे.ए.ए. सदस्य राजेश यादव, जिला ओलंपिक सचिव माधव चंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू, वूशु संघ के अध्यक्ष संतोष स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष पिंकू महतो, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, सचिदानंद मिश्रा, प्रो. रंजीत सिंह, शिक्षक अभिनव कुमार, और खेल शिक्षिका जूली मुर्मू समेत जिले के कई खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

## क्रेशर प्लांट में अज्ञात चोरों ने की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**मंडरो (एप्र)।** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक क्रेशर प्लांट में अज्ञात चोरों द्वारा किया गया चोरी । मिली जानकारी के अनुसार क्रेशर मालिक रितिक जायसवाल द्वारा बताया गया कि मेरा क्रेशर प्लांट मौजा भुतहा प्लॉट नंबर 9 खाता नंबर 28 थाना मिजाचौकी जिला साहिबगंज में स्थित है ।जो कि कुछ दिनों से बंद पड़ा हुआ था ।जिसका देखरेख नाइट गार्ड मनोज ठाकुर है। दिनांक 12 मई को रात 1:00 बजे कुछ अज्ञात नकाबपोश लोग क्रेशर पर आए और गार्ड को रूम में बंद कर बैटरी 12 पीस ,दो इनवर्टर, गियर बॉक्स 5 पीस, कैमरा दो पीस उसका सारा सेटअप, मोटर चार पीस सीकर 90 फीट लंबा, तार 8 बंडल , टीवी 55 इंच व बहुत सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया गया। वही चोरी मामले को लेकर मिजाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया



गया। वही 29/25 प्राथमिकी दर्ज कर मिजाचौकी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बीडीओ ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**साहिबगंज (एप्र)।** राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी मो. यूसुफ ने सोमवार को राजमहल प्रखंड के पंचायत कसवा, लालमाटी एवं खुटहरी का दौरा कर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत कसवा और लालमाटी में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। साथ ही पंचायत सचिव राकेश कुमार को निर्देशित किया गया कि दो दिनों के भीतर सभी पात्र लाभुकों को कार्य की प्रगति के अनुसार अगली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा पंचायत खुटहरी में मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना का भी निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने इस वर्ष चयनित लाभुकों को गड्ढा खुदाई के पश्चात घेराबंदी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देशित किया कि आवास योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे लाभुकों को मनरेगा मद से मिलने वाली मजदूरी का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान बीपीओ गगन बापू, आवास कोऑर्डिनेटर रविकांत रवि, पंचायत सचिव सिराजुल हक, राकेश कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मिर्जाचौकी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा किया गया गायत्री यज्ञ

**मंडरो (एप्र)।**अखिल विश्व गायत्री परिवार के आह्वान पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी महादेववरन, शाहाबाद, हाट रोड, मिर्जाचौकी बाजार, निमगाछी, गांधीनगर, चौधरीपट्टी, बड़तल्ला, लॉकडाउन मार्किट, फौजदारी, सलेमपुर, वर्णवाल पट्टी समेत हजारों घरों में एक साथ एक समय में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस यज्ञ के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से यज्ञ सामग्री के पैकेट सभी को दिए गए थे। वही अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल के द्वारा बताया गया कि गायत्री हवन करने से आयु, आरोग्य ,धन,यश, प्रजा ,आत्मा और पशुओं की समृद्धि होती है। यह हवन नकारात्मकता को दूर करता है वातावरण को शुद्ध करता है और मन को शांत करता है ।गायत्री हवन करने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती है



और जीवन में सुख समृद्धि आती है।ऑपरेशन सिंदूर चलकर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करने वाली भारतीय सेना के अदम्य साहस को नमन करने ,देश के चारों ओर रक्षा कवच बनाने और समर्थ भारत के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से बुद्ध पूर्णिमा को एक साथ एक समय में घर-घर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सामूहिक रूप से किए गए अनुष्ठान से एक वातावरण का निर्माण होता है। नागरिकों के आत्मविश्वास और सैनिकों के सुरक्षा में वृद्धि करता है ।इसे ध्यान में रखते हुए बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। वही बताया गया कि यह अभियान हर साल बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित किया जाता है। इसमें लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है ।अभियान का मुख्य उद्देश्य घर-घर में गायत्री और यज्ञ की स्थापना करना है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया भी है।

## बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर धूमधाम से की गई पूजा

**बरहेट (एप्र)।** बरहेट बाजार के गुमानी नदी के समीप स्थित काली मंदिर में वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर काली जी की पूजा धूमधाम से की गई। इस अवसर पर पंडित घनश्याम पांडेय तथा अशोक पांडेय की उपस्थिति में बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर मां काली की आराधना धूमधाम से की गई।



जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने मां काली की पूजन के लिए प्रसाद स्वरूप हुआ। पुआ,बताशा,लाग,इलाची,फूल, फल सहित अन्य पूजन सामग्री के साथ विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराया गया।

## पुआल के पल्ले में लगी आग



**बरहरवा (एप्र)।** नगर पंचायत बरहरवा के वार्ड 14 लबदा निवासी गोपाल महतो के छत पर रखा पुआल के पल्ले में अचानक आग लग गया। आग को देख कर आस - पास के लोगों में हल्ला होने लगा। जिससे लोग जुट गए और पानी के मदद से आग बुझाने लगे। धीरे - धीरे आग पर काबू पा लिया गया। पर तब तक सारा पुआल जल कर खाक हो चुका था। हालाँकि इस आगजनी में किसी प्रकार के जान - माल को हानि नहीं पहुँचा है। पर पशुओं का साल भर का चारा जल कर खत्म हो गया। पुआल मालिक गोपाल महतो ने बताया कि धान के कटाई होने के बाद एक वर्ष तक पशुओं के चारा के लिए पुआल को जमा कर छत के ऊपर रखे थे। लेकिन अचानक आग लग गई । आग लगने के उपरांत पड़ोसियों के मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से हमारा आर्थिक नुकसान के साथ पशुओं का चारा भी जल कर खत्म हो गया।

### मारपीट एवं छेड़छाड़ मामले में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**उधवा (एप्र)।** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के कादिर टोला गांव में बीते दिन हुए मारपीट एवं छेड़खानी मामले को लेकर पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता जोसनारा बीबी ने मारपीट एवं छेड़खानी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि गांव के ही रहमान शेख, अजहर शेख व नौशाद शेख उसके साथ मारपीट किया फिर गलत नियत से उसके साथ छेड़खानी किया गया। पीड़िता के बयान पर सभी आरोपित के विरुद्ध कांड संख्या 169/25 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

### इधर, राधानगर में जलमीनार से पोखर में बहा दिया जा रहा है पानी

**उधवा (एप्र)।** जल ही जीवन है का संदेश आज सरकारी अभियानों और दीवारों पर जरूर चमक रहा है।लेकिन उधवा प्रखंड के राधानगर पंचायत में इसकी सच्चाई पानी की बबार्दी के साथ साफ नजर आ रही है। एक ओर जहां गांव के लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जलमीनार से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राधानगर पंचायत के चौरंगी मोड़ के पास जल जीवन मिशन के तहत आठ हजार लीटर क्षमता वाला सोलर संचालित जलमीनार बनाया गया है। यह जलमीनार ग्रामीणों के लिए पेयजल संकट का समाधान बनना था। लेकिन अब खुद ही समस्या बन गया है। स्थानीय निवासी अवधेश गुप्ता, छोटका गुप्ता, नवीन गुप्ता, सोनू गुप्ता, जय सहा सहित अन्य ने आरोप लगाया है कि जलमीनार को सुजीत प्रसाद गुप्ता के घर के सामने सरकारी जमीन पर बनाया गया है। लेकिन चारों तरफ से टीनशेड लगाकर घेर दिया गया है।



इससे आम लोगों को पानी नही ले पा रहे हैं। ग्रामीणों बताया कि जलमीनार से पानी की आपूर्ति लोगों को नहीं दी जा रही है। बल्कि उसे चालू कर घर के पीछे स्थित एक पोखर में बहा दिया जा रहा है। जिससे पानी की न केवल बबार्दी हो रही है, बल्कि जो चापाकल आसपास लगे हैं। वे सूख जा रहे हैं। यह भी कहा कि जब इस अन्याय का विरोध किया जाता है। तो उन्हें गाली-गलौज और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग के एसडीओ से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिले के वरीय अधिकारियों से शिकायत करने को विवश हो जाएंगे। इस संबंध में विभागीय एसडीओ सुनील दत्ता ने कहा कि ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए त्राहिमाम है ऐसे में पानी की बबार्दी करना बिल्कुल गलत है। जेई को निर्देश दिया गया है जांच कर दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई करें।

## एक नजर

### वैश्विक मंच ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की

**सिंगापुर (एजेंसी)।** क्लाइमेट ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हेलेन क्लार्कसन ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की और कहा कि भारत एशिया के ऊर्जा बदलाव में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने एशिया में ऊर्जा बदलाव में भारत की प्रगति को अप्रेरणादायक बताया और सौर ऊर्जा के प्रसार पर ध्यान देने की भारत की पहल की सराहना की। क्लार्कसन ने हाल ही में सिंगापुर में ह्यक्लाइमेट ग्रुप एशिया एक्शन समिट का नेतृत्व किया था जिसमें व्यापारिक दिग्गजों और नीति निमार्ताओं को एक चौंकाने वाला मंच पर आने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है। विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए क्लार्कसन ने कहा कि एशिया के पास ढेर सारे अवसर हैं और वहां कुछ संकटों को हल करने की जरूरत है। उन्होंने साहसिक नेतृत्व, अभिनव समाधान और दीर्घकालिक विचार की आवश्यकता को जोर दिया और सरकारों से सहमति की अपील की। इस समिट से प्रेरित होकर भारत ने अपनी सौर ऊर्जा बढ़ाने की पहल कर रहा है, जिससे देश के जलवायु लक्ष्यों की स्थिरता में मदद मिलेगी। भारत की ऊर्जा बदलाव में अग्रणी भूमिका को सार्थक बनाने के लिए इसी दिशा में अगली कदम उठाने की आवश्यकता है।

### जिनेवा में अमेरिका-चीन के बीच हुआ बड़ा व्यापारिक सौदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन ने आपसी व्यापार विवाद को कम करने अगले 90 दिनों के लिए अधिकतर टैरिफ (आयात शुल्क) घटाने पर सहमति जताई है। अब तक दोनों देशों के बीच 125 फीसदी तक के टैरिफ लगाए जा रहे थे, जिन्हें घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है यानि टैरिफ में सीधे 115 फीसदी की कटौती की गई है। हालांकि फेंटानिल से जुड़ी चीनी वस्तुओं पर अमेरिका की 20 फीसदी की ड्यूटी पहले की तरह बनी रहेगी, जिससे चीन पर कुल टैरिफ 30 फीसदी रहेंगे। यह समझौता स्विट्जरलैंड के जिनेवा में एक सप्ताहांत की बैठक के दौरान हुआ, जिसमें अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रेयर ने भाग लिया। स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि हमारी बातचीत बहुत सफल रही। यहां जिनेवा की शांत और संतुलित जगह ने बातचीत को सकारात्मक दिशा दी। उन्होंने बताया कि 90 दिनों तक दोनों पक्ष टैरिफ में भारी कटौती करेंगे और इस दौरान आर्थिक और व्यापारिक नीतियों पर बातचीत जारी रखी जाएगी। इस फैसले से वैश्विक बाजारों में राहत की उम्मीद है और अमेरिका-चीन संबंधों में तनाव घटने की संभावना जताई जा रही है।

### भारत मालदीव को देगा 50 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मालदीव को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर का ऐलान किया है। मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत सरकार और डॉ. एस जयशंकर को धन्यवाद दिया और इस साथ मित्रता को मजबूत करने का संकेत दिया। भारतीय उच्चायोग के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्सक्राइब किया है। इसके माध्यम से मालदीव को आपातकालीन वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। मार्च 2019 से भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है। यह सुविधा मालदीव को आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में एक अनूठी सरकार-से-सरकार व्यवस्था के तहत दी गई है।

### भारत-पाकिस्तान के बिजनेस ताल्लुकात में नजर आए बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ती झड़प और दोनों देशों के खराब होते ताल्लुकात के बीच रोजमर्रा की जरूरतों का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) ने अपने उत्पादन संयंत्रों में काम के समय में बदलाव किए हैं। इन कंपनियों ने वितरकों को पर्याप्त भंडार का इंतजाम भी करने के लिए भी कह दिया है। वे अपने कर्मियों को सरकार के निदेशों का पालन करने की भी हिदायत दे रही हैं। कुछ कंपनियों ने पाकिस्तान की सीमा से सटे राज्यों जम्मू कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में वस्तुओं की उपलब्ता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकताओं को अधिक सामान उपलब्ध करा रही हैं और उनसे तत्काल पैसे भी नहीं मांग रही हैं। एडब्ल्यूएल एग्री के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिरोजपुर में हमारी बासमती चावल प्रसंस्करण इकाई है जिसका ख्याल रखने की हमने पूरी कोशिश की है। हमारे कर्मचारी बगल में ही कर्मचारी आवास केंद्र में रहते हैं। पैकिंग थोड़ी धीमी गति से जरूर हो रही है मगर हमारे पास बासमती चावल के भंडार की कमी नहीं है। कंपनी के देश के तीन राज्यों में 15 गोदाम हैं और अब तक उसे कोई दिक्कत पेश नहीं आई है। उन्होंने कहा कि हमने इन गोदामों में अधिक सामान भेजने शुरू कर दिए हैं और वितरकों को अधिक सामान इकट्ठा रखने के लिए कह रहे हैं। वितरक अमूमन 3-4 दिन का सामान खरीदतते हैं मगर हम उन्हें 7-8 दिन के भंडार का इंतजाम करने के लिए कह रहे हैं।

### माई 2024 निसान मैग्नाइट पर मिल रही रुपए 1.10 लाख तक की छूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चालू महीने में वाहन निमार्ता कंपनी निसान अपनी पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी मैग्नाइट पर आकर्षक छूट दे रही है। ग्राहक माई 2024 निसान मैग्नाइट पर रुपए1.10 लाख तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जबकि माई 2025 वर्जन पर रुपए 50,000 तक की बचत संभव है। हालांकि, ऑफर को लेकर अधिक जानकारी के लिए ग्राहकों को अपने नजदीकी डीलरशिप से संपर्क करने की सलाह दी गई है। निसान मैग्नाइट में दो इंजन विकल्प मिलते हैं। पहला 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है, जो 72बीएचपी की पावर और 96 एनएम का टॉर्क देता है। वहीं, दूसरा विकल्प 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन का है, जो 100बीएचपी की पावर और 160 एनएम का टॉर्क पैदा करने में सक्षम है। दोनों इंजन के साथ 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स मिलता है, जो ड्राइविंग को स्मूद बनाता है।

### रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर इसी हफ्ते जारी करेगी चौथी तिमाही के नतीजे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा करने की तारीख तय की है। कंपनी ने बताया कि 16 मई को कंपनी का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स मीटिंग करेगा और 31 मार्च को खत्म होने वाले वित्तीय साल के नतीजों को मंजूरी देगा। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर सड़कों, मेट्रो रेल और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम करती है। यह कंपनी बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में शामिल है और इसका मार्केट कैप 9,285.32 करोड़ रुपये है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने यह भी बताया कि इसके शेयरों में व्यापार (ट्रेडिंग) 1 अप्रैल 2025 से बंद है और यह तब तक बंद रहेगी जब तक बोर्ड की मीटिंग के नतीजे सार्वजनिक नहीं हो जाते। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का तीसरी तिमाही में घाटा बढ़कर 3,298.35 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल के मुकाबले ज्यादा था।

# संघर्ष विराम के बाद उछला बाजार

**मुंबई (एजेंसी)।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुईं, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। हरे निशान पर खुला बाजार रफ्तार के नई ऊंचाई छूने लगा। भारतीय शेयर बाजार में चार साल की सबसे बड़ी इंट्रा-डे रैली देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिनभर तेजी में कारोबार करने के बाद मार्केट क्लोज होने पर 2975 अंक की जोरदार उछाल के साथ 82,429.90 के लेवल पर क्लोज हुआ, तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 916 अंकों की तेजी के साथ 25,000 के बिल्कुल करीब क्लोज हुआ। इस दौरान लार्जकैप से लेकर मिड और स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। सोमवार को पहले से ही शेयर मार्केट में तेजी के संकेत पहले से ही मिल रहे थे। एशियाई बाजारों में तेजी के बाद बीएसई सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 79,454.47 से करीब 1500 अंक से ज्यादा की तेजी लेकर 80,803.80 के लेवल पर कारोबार की शुरूआत की और फिर दिनभर इसकी रफ्तार बढ़ती ही चली गई। मार्केट में कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 2975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत बढकर 82,429.90 पर क्लोज हुआ। सेंसेंक्स की तरह ही निफ्टी-50 ने भी शुरूआती रफ्तार बनाए रखी और अपने पिछले बंद 24,008 की तुलना में चढकर 24,420 पर खुला और कुछ ही देर में ये 582.75



अंक की तेजी लेकर 24,593.75 पर कारोबार करता हुआ दिखा, बाजार में कारोबार के आखिरी घंटे में ये रॉकेट की तरह भागा। एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,924.70 पर कारोबार खत्म किया।

#### शेयर बाजार में तेजी की वजह

सीजफायर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन कम हुई है। इस मामले से जुड़े सभी डेवलपमेंट्स पर निवेशकों की नजर रहेगी। रिटेल महंगाई के अप्रैल महीने के आंकड़े 13 मई को जारी किए जाएंगे। अप्रैल में महंगाई कम होकर 3 प्रतिशत से नीचे आने की संभावना है। एमआरएफ, पीएनबी बैंक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी एंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। बीते हफ्ते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा और सैगमेंट में लगभग 5,087 करोड़ रुपए की खरीदारी की। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच आज से फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर 11वें राउंड की बातचीत शुरू हो रही है। उम्मीद है यह डील सक्सेसफुल हो जाएगी।

## भारतीय सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सरार्फा बाजार में सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक बाजार में मंदी, डॉलर की मजबूती और निवेशकों की कम मांग के कारण सोना और चांदी की कीमतें नीचे आ गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 2,500 तक गिरकर लगभग 93,100 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 85,300 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। चांदी की कीमत भी गिरकर 97,000 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इस गिरावट के माध्यम से खरीदारों के लिए सोना और चांदी खरीदने का सुनहरा अवसर हो सकता है, खासकर उनके लिए जो शादी-विवाह या निवेश के लिए इन धातुओं की खरीद कर रहे हैं। अनुमान है कि यह गिरावट भविष्य में अच्छे निवेश के अपेक्षाकृत असर डाल सकती है। विभिन्न प्रमुख शहरों में सोना और चांदी की कीमतें इस प्रकार हैं: दिल्ली 24 कैरेट सोना 93,200/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,400/10 ग्राम, मुंबई 24 कैरेट सोना 93,050/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,250/10 ग्राम, जयपुर 24 कैरेट सोना 93,300/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,500/10 ग्राम, चेन्नई 24 कैरेट सोना 93,400/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 5,600/10 ग्राम और लखनऊ 24 कैरेट सोना 93,250/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,450/10 ग्राम। इसी तरह, चांदी की कीमतें भी देखी गई हैं जो 95,000 प्रति किलोग्राम तक पहुंची।

#### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 49 पैसे की गिरावट के साथ ही 84.92 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले शुक्रवार को रुपया 85.43 पर बंद हुआ था। रुपया पिछले कारोबारी दिन शुरूआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालात के कारण निवेशक सतर्क हो गए हैं जिससे रुपये में कमजोरी आई। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 100.65 पर रहा।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने हाउस ऑफ ग्रोथ पहल के माध्यम से फ्रंटलाइन कर्मचारियों के जीवन स्तर को किया बेहतर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने फ्रंटलाइन कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक सराहनीय पहल की शुरूआत की है झ ह्लहाउस ऑफ ग्रोथह्व। यह प्रयास उन चुनौतियों को मान्यता देता है, जिनका सामना बैंक की माइक्रो फाइनेंस टीमों को देशभर में जमीनी स्तर पर काम करते समय प्रतिदिन करना पड़ता है। इस समय बैंक देशभर के 888 स्थानों पर कर्मचारियों के साझा आवासों को अपग्रेड कर रहा है। इन आवासों में पाँच से छह अधिकारियों के रहने की व्यवस्था होती है, जिन्हें अब सुव्यवस्थित बेड, भरोसेमंद हाउसकीपिंग, मनोरंजन की सुविधाएं और आरामदायक सामुदायिक स्थानों जैसे जरूरी संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से बैंक 6,000 से 8,000 फील्ड और लोन अधिकारियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक रहने का वातावरण प्रदान करना चाहता है – वे अधिकारी जो सुबह 7 बजे काम शुरू करते हैं और दिनभर कई गाँवों की यात्रा के बाद देर रात घर लौटते हैं। इस परिवर्तन की शुरूआत राजस्थान के बस्सी में पहले अपग्रेडेड अपार्टमेंट्स के उद्घाटन के साथ हो चुकी है। संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा, फील्ड विजिट्स के दौरान मैंने अपने कर्मचारियों की साधारण और कई बार चुनौतीपूर्ण रहने की स्थितियाँ स्वयं देखीं – वे लोग जो असाधारण समर्पण के साथ हमारे देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों तक वित्तीय समावेशन पहुंचाने का काम करते हैं। उनकी दृढ़ता, निष्ठा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किए गए बदलाव केवल प्रशंसा के नहीं, बल्कि ठोस सहयोग के हकदार हैं। ह्यहाउस ऑफ ग्रोथ जैसी पहल उनके योगदान को मान्यता देने और उन्हें अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

#### यस बैंक के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा उछले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक के शेयर सोमवार को शुरूआती कारोबार में 5 फीसदी से ज्यादा उछलकर 20 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह तेजी जापान की एक फाइनेंशियल संस्था के बैंक में हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा के बाद आई है। यस बैंक के शेयर जोरदार उछाल के साथ बीएसई पर 21.56 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खुले। खुलते ही यह 5 फीसदी से ज्यादा की बढ़त लेकर 21.74 रुपये के हाई तक पहुंच गए थे। सुबह की शुरूआत में यह 0.58 रुपये चढ़कर 20.58 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे। यस बक के शेयर शुक्रवार को भी जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। एसबीआई के हिस्सेदारी बेचने और जापानी बैंक के हिस्सेदारी खरीदने की खबरों से शेयर 12 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## नई 2025 पल्सर एनएस400झेड लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बाजार में बजाज ऑटो अपनी नई 2025 पल्सर एनएस400झेड लॉन्च करने की तैयारी में है। बाइक के अपडेट के साथ इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी की संभावना है। वर्तमान में, पल्सर एनएस400झेड की एक्स-शोरूम कीमत 1.84 लाख रुपये है, जो अब बढ़कर लगभग 1.90 लाख रुपये हो सकती है। बाजार में इसका मुकाबला हीरो मावरिक 440, केटीएम 250 ड्यूक, ट्रायम्फ स्पीड 400, टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 और बजाज डोमिनार 400 से होगा। 2025 पल्सर एनएस400झेड में कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है टायर अपग्रेडेशन। अब इसमें एमआरएफ रेज टायर की जगह अपोलो अल्फा एच1 रेडियल टायर सेट मिलेगा, जो बेहतर ग्रिप प्रदान करता है और यह बजाज के लिए वैल्यू फॉर मनी साबित होगा। इसके अलावा, रियर टायर का साइज 140-सेक्शन से बढ़ाकर 150-सेक्शन कर दिया गया है। कंपनी ने ब्रेक पैड्स भी बदल दिए हैं, जो पहले ऑर्गेनिक ब्रेक पैड्स थे और अब उन्हें सिंटर पैड्स से रिप्लेस किया गया है, जिससे ब्रेकिंग पावर में सुधार होगा। बाइक में 6-स्पीड गियरबॉक्स और टॉप स्पीड 154 किमी प्रति घंटा की संभावना है। पल्सर एनएम400झेड में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, फुल एलईडी लाइटिंग, डुअल-चैनल एबीएस और ट्रैक्शन कंट्रोल जैसी आधुनिक सुविधाएं भी दी गई हैं। इसके अलावा, इसमें राइड-बाय-वायर टेक्नोलॉजी और मल्टीपल एबीएस मोड्स भी शामिल हैं। इस बाइक में 373सीसी यूनिट इंजन मिलेगा, जो डोमिनार 400 और केटीएम 390 ड्यूक में भी पाया जाता है। यह इंजन 8,800 आरपीएम पर 39.5 बीएचपी की पावर और 6,500 आरपीएम पर 35 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है।

## आईफोन का भारत से अमेरिका में निर्यात में भारी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एप्पल ने 2025 के अप्रैल में भारत से अमेरिका के लिए आईफोन के निर्यात में बड़ी बढ़ोतरी देखी है। कंपनी के तीन वेन्डर्स द्वारा सरकार को दी गई रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में आईफोन का निर्यात 17,219 करोड़ से अधिक हुआ, जो पिछले साल के 7,971 करोड़ से 116 प्रतिशत अधिक है। एप्पल ने दूसरी तिमाही की इनकम कॉल में घोषणा की है कि अब से अमेरिका के लिए ज्यादातर आईफोन भारत से ही भेजे जाएंगे। इस गतिविधि के दौरान, चेन्नई से शिकागो तक कई विमानों में आईफोन भेजे गए हैं। 2023 में, एप्पल ने भारत में तीसरी सालगिरह मनाते हुए 8,772 करोड़ मूल्य के आईफोन का उत्पादन किया था, जिसमें से 57 प्रतिशत यानी 4,987 करोड़ का निर्यात हुआ था। अप्रैल 2024 में उत्पादन 10,894 करोड़ हुआ और निर्यात 7,971 करोड़ रहा, जो कुल उत्पादन का 73 प्रतिशत था। अब, अप्रैल 2025 में कुल उत्पादन 21,400 करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें 81 प्रतिशत यानी 17,300 करोड़ का निर्यात भारत से हुआ और ज्यादातर इन आईफोन को अमेरिका के लिए भेजा गया। एप्पल ने 2024 के दिसंबर से निर्यात में वृद्धि की है क्योंकि अमेरिका ने चीन से आईफोन आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जबकि भारत से आईफोन निर्यात पर कोई शुल्क नहीं है। अगर अमेरिका भारत से पूरी तरह आईफोन की मांग पूरी करता है, तो अगले 18 महीनों में भारत में आईफोन उत्पादन को दोगुना करना पड़ेगा, जो 1.89 लाख करोड़ से बढ़कर 3.5 लाख करोड़ हो सकता है।

## किआ सिरोझ एसयूवी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किआ सिरोझ एसयूवी की कीमतों में अब बढ़ोतरी हो गई है। इस एयूवी को भारतीय बाजार में फरवरी 2025 में लॉन्च की थी। अपने लांच के महज तीन महीने के भीतर ही इस एसयूवी की कीमतों में 5.56 प्रतिशत तक का इजाफा दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी इसके बेस वेरिएंट में देखने को मिली है, जिसकी कीमत अब करीब 50,000 रुपए तक बढ़ गई है। इस बढ़ोतरी के बाद अगर कोई ग्राहक इस एसयूवी को खरीदना चाहता है, तो उसे पहले की तुलना में अधिक भुगतान करना होगा। कंपनी ने इस मूल्यवृद्धि के पीछे कोई स्पष्ट कारण तो नहीं बताया, लेकिन अनुमान है कि मैन्युफैक्चरिंग लागत में इजाफा, इनपुट मटेरियल की कीमतों में वृद्धि और बढ़ती डिमांड इसकी वजह हो सकती है। किआ सिरोझ को लॉन्च के बाद से ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। मार्च 2025 के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी ने इस एसयूवी की 5,015 यूनिट्स की बिक्री की, जो कि इसके सेगमेंट के लिहाज से अच्छा प्रदर्शन माना जा रहा है। हालांकि कीमतें बढ़ने के बाद अब देखना दिलचस्प होगा कि इसका ग्राहकों की बुकिंग और डिमांड पर क्या असर पड़ता है। कंपनी को भरोसा है कि किआ सिरोझ के प्रीमियम फीचर्स, आकर्षक लुक और शानदार ड्राइविंग एक्सपीरियंस के चलते ग्राहकों की रुचि बनी रहेगी। अगर कोई ग्राहक इस एसयूवी को खरीदने की सोच रहा है, तो थोड़ी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है, लेकिन यह अब भी अपने फीचर्स और परफॉर्मेंस के लिहाज से एक वैल्यू फॉर मनी विकल्प माना जा रहा है।

#### भारत में बनी कारों की विदेशों में धूम, जमकर कर रही कमाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बनी कारें विदेशों में धूम मचा रही हैं। भारत की 6 कार मॉडल घरेलू बाजार की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ज्यादा बिक रही हैं और जमकर कमाई कर रही हैं। हाल ही में जारी आंकड़ों से पता चलता है। इन कारों में होंडा की सिटी और एलिवेट, निसान की सनी और मैग्नाइट, हुंडई की वरना और जीप की मेरिडियन शामिल हैं। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अनुसार, यह परिवर्तन भारत में इन मॉडलों की मांग में गिरावट और कंपनियों द्वारा वैश्विक बाजारों में इनकी क्षमता को पहचानने तथा वहां अपना ध्यान बढ़ाने के कारण है। होंडा एलिवेट को भारत में सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था, लेकिन इसकी घरेलू बिक्री सुस्त रही। इसके बावजूद वित्त वर्ष 2025 में एलिवेट की 45,167 इकाइयों का निर्यात किया गया, जबकि घरेलू बिक्री सिर्फ 22,321 इकाइयों तक सीमित रही। हुंडई वरना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। भारत में सेडान की मांग में गिरावट के कारण वर्ना को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में इसकी लोकप्रियता ने हुंडई को बड़ा निर्यात आधार प्रदान किया। वित्त वर्ष 2025 में वर्ना की 50 हजार से अधिक इकाइयां निर्यात की गईं। इसी तरह निसान की मैग्नाइट और जीप मेरिडियन ने भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छा प्रदर्शन किया। कंपनियों ने उत्पादन बनाए रखने और आपूर्तिकताओं के साथ अनुबंधों को पूरा करने के लिए निर्यात को अपनी रणनीति का हिस्सा बना लिया है।

## अडाणी पावर को मिला यूपी से बड़ा ऑर्डर, शेयर बना रॉकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अदाणी पावर के शेयरों में सोमवार को जोरदार तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर 7 फीसदी बढ़कर 549.65 तक पहुंच गए, जो दिन का उच्च स्तर रहा। अदाणी पावर का कुल मार्केट कैप 2,09,933.19 करोड़ रुपये है। इसका 52-हफ्तों का हाई 896.75 और लो 430.85 रहा है। हालांकि, पिछले एक साल में इस शेयर ने करीब 14 फीसदी की गिरावट देखी है, जबकि सेंसेक्स 9 फीसदी ऊपर गया है। शेयरों में आई इस तेजी की वजह उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिला नया ऑर्डर है। कंपनी को 1,500 मेगावाट बिजली सप्लाई करने के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड मिला है। यह बिजली एक नई 1600 मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना से दी जाएगी, जिसे यूपी में ही लगाया जाएगा। कंपनी ने बताया कि यह ऑर्डर प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए मिला है। इस परियोजना को डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत बनाया जाएगा। इस एग्रीमेंट की अवधि 25 साल होगी। अदाणी पावर यूपी को 5.383 प्रति यूनिट की दर से बिजली सप्लाई करेगा। अदाणी पावर, अदाणी समूह की कंपनी है और भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट थर्मल पावर बनाने वाली कंपनी है। इसके पास 17,510 मेगावाट की थर्मल पावर क्षमता है, जो देशभर के 11 पावर प्लांट्स में फैली हुई है। ये प्लांट गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में हैं। इसके अलावा कंपनी का गुजरात में 40 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट भी है।

## स्मार्टफोन आईक्यू नियो 10 को लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में आईक्यू अपने अपकमिंग मिड-रेंज स्मार्टफोन आईक्यू नियो 10को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले ही इस स्मार्टफोन की पहली झलक पेश की है, जिसमें दो कलर वेरिएंट्स झ इंफेरनों रेड और टीटानियम क्रोम का खुलासा किया गया है। इन वेरिएंट्स में कंपनी एक स्टाइलिश और प्रीमियम डिजाइन पेश करने जा रही है, जो यूजर्स को आकर्षित कर सकता है। आईक्यू नियो 10 का इंफेरनों रेड वेरिएंट डुअल-टोन फिनिश के साथ आता है, जो उसे एक आकर्षक लुक देता है। वहीं टीटानियम क्रोम वेरिएंट में सिंपल और क्लासी अपील है। दोनों वेरिएंट्स में स्क्वायर-कट कैमरा आइलैंड और डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है, जो बैक पैनल से हल्का उभरा हुआ है। फोन के किनारे फ्लैट और कोने राउंड शेप में हैं, जो आजकल स्मार्टफोन्स में आम ट्रेंड बन गए हैं। आईक्यू नियो 10 की संभावित स्पेसिफिकेशन की बात करें तो यह फोन आईक्यू झेड10 टर्बो प्रो का रीब्रांडेड वर्जन हो सकता है। इसमें स्नैपड्रेगन 8एस जेन 4 एसओसी प्रोसेसर, 12जीबी रैम, 6.78 इंच एफएचडी प्लस 144एचझेड अमोलेड डिस्प्ले और 50एमपी प्लस 8एमपी डुअल रियर कैमरा सेटअप हो सकता है। फोन में 7,000 एमएएच बैटरी हो सकती है, जो 120वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी। कंपनी ने अपने फैंस के लिए एक खास मौका भी रखा है। आईक्यू 18 मई को मुंबई और मदुरै में स्नेक पीक सेसंश का आयोजन कर रहा है, जहां यूजर्स आईक्यू नियो 10 को लॉन्च से पहले एक्सपीरियंस कर सकते हैं। यह इवेंट्स पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होंगे।

# राम को पौराणिक व काल्पनिक बताने पर राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल

**वाराणसी (एजेंसी)**। अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में भगवान राम को कथित तौर पर पौराणिक और काल्पनिक बताए जाने को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को वाराणसी की एक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया। इस परिवाद में कांग्रेस पार्टी को भी पक्षकार बनाया गया है। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख तय की है। परिवाद दाखिल करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने अमेरिका के बोस्टन में ब्राउन यूनिवर्सिटी में 21 अप्रैल को भगवान राम को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसकी जानकारी उन्हें स्थानीय अखबार से मिली। पांडेय ने दावा किया कि गांधी ने अपने बयान में भगवान राम को पौराणिक और उस युग की कहानियों को काल्पनिक बताया था। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर सोमवार को यहां सांसद-विधायक अदालत के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार त्रिपाठी की अदालत में परिवाद दाखिल किया गया है। पांडेय ने कहा कि गांधी ने यह कथित विवादित बयान सार्वजनिक मंच से दिया है, जिससे ह्लसनातनियों की भावनाएं



आहत हुई हैं ह्व उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय सहिंता में इस तरह के बयान को नफरती भाषण के तौर पर रखा गया है। पांडेय ने बताया कि उन्होंने अदालत से राहुल गांधी को तलब करने और कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस परिवाद को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख तय की है। पिछले महीने अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में परिचर्चा के दौरान गांधी ने कहा था, ह्लसभी महान राजनीतिक विचारक, समाज सुधारक, गुरु नानक, कर्नाटक में बसव, केरल में नारायण गुरु, फुले, गांधी, आंबेडकर को आप एक धारा में देखते हैं। इनमें से कोई भी कट्टर नहीं है। इनमें से कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह रहा था द ह्यहम लोगों को मारना चाहते हैं, हम लोगों को अलग-थलग करना चाहते हैं, हम लोगों को कुचलना चाहते हैं, चीजों को एक विशेष तरीके से किया जाना चाहिए। ये सभी लोग, किसकी आवाज हैं? हमारे संविधान में अनिवार्य रूप से वही बात कही गई है, जो सबको साथ लेकर चलती है- सत्य और अहिंसा। कांग्रेस नेता ने कहा, यह मेरे लिए भारतीय परंपरा और भारतीय इतिहास का आधार है। मैं भारत में एक भी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानता, जिसे हम महान मानते हैं, जो इस प्रकार का नहीं था। हमारे सभी पौराणिक व्यक्तित्व, भगवान राम उस प्रकार के थे, जहां वह क्षमाशील थे, दयालु थे। इसलिए, भाजपा जो कहती है, मैं उसे बिल्कुल भी हिंदू विचार नहीं मानता। मैं हिंदू विचार को बहुत अधिक बहुलवादी, बहुत अधिक अपनत्व वाला, बहुत अधिक स्नेही, बहुत अधिक सहिष्णु और खुला मानता हूं ह्व बाद में विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दावा किया, ह्यह्यअमेरिका स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने साक्षात्कार के दौरान गांधी ने भारतीय इतिहास के कई विषयों को पौराणिक कथा बताया और यहां तक कि भगवान राम को भी पौराणिक पात्र बताया। ऐसा कर-के उन्होंने विदेशी धरती पर हिंदू समुदाय और हिंदू आस्था का अपमान किया है।

## एक नजर

### बिना अनुमति ड्रोन उड़ाया, मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर युवकों को हिरासत में लिया



**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र के पवई में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ ड्रोन उड़ाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने मुंबई पुलिस आयुक्त के आदेशों का उल्लंघन किया। दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण मुंबई पुलिस आयुक्त ने शहर में अनधिकृत ड्रोन संचालन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। सूत्रों के अनुसार, शहर के नियंत्रण कक्ष को 12 मई को सुबह 12:30 बजे एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि पवई इलाके में साकी विहार रोड पर स्थित एक ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अलर्ट पर त्वरित कार्रवाई कर पवई पुलिस मौके पर पहुंची और अधिक जानकारी जुटाने के लिए कॉल करने वाले से बात की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ड्रोन को पवई निवासी 23 वर्षीय अंकित ठाकुर चला रहा था, जो मूल रूप से हैदराबाद का निवासी है। पुलिस ने ड्रोन सहित युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले गई। पूछताछ के दौरान अंकित ने बताया कि उसने एक साल पहले ड्रोन खरीदा था, लेकिन वह काम नहीं कर रहा था। हाल ही में ठीक करने के बाद ड्रोन का परीक्षण करते समय उसमें खराबी आ गई, जिसके कारण वह गिर गया। अंकित ने स्वीकार किया कि ड्रोन उड़ाने के लिए अधिकारियों से कोई अनुमति नहीं ली थी, जिससे मुंबई पुलिस आयुक्त द्वारा ड्रोन संचालन के संबंध में जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन हुआ। इसके आधार पर पवई पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

### पांच दिन में सवाई मानसिंह स्टेडियम को दूसरी बार मिली बम से उड़ानें की धमकी

**जयपुर (एजेंसी)**। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को फिर बम से उड़ानें की धमकी मिली है। सोमवार को खेल परिषद के ईमेल पर धमकी



मिली। मेल में लिखा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। खेल परिषद के अधिकारियों ने मेल के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इस के बाद पुलिस टीम, क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ता सहित कई टीमें एसएमएस स्टेडियम पहुंची है। सर्च ऑपरेशन जारी है। स्टेडियम के मुख्य मैदान, स्टेडियम में बने हॉस्टल, खेल परिषद के ऑफिस और आरसीए एकेडमी में भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अब तक की जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। खेल विभाग के सचिव और राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरपर्सन नीरज कुमार पवन ने कहा कि 5 दिन में दूसरी बार सवाई मानसिंह स्टेडियम में बम होने की धमकी मिली है। इसके बाद स्टेडियम को खाली करवा कर सघन सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। जो शाम तक जाती रहेगा। इस दौरान स्टेडियम में खिलाड़ियों की और कर्मचारियों का प्रवेश बंद रहेगा। अब तक किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। लेकिन एंटी बम स्क्वाड और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सर्च जारी है। एसएमएस स्टेडियम को 8 मई को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। खेल परिषद के अध्यक्ष पवन ने बताया कि सुबह 9:13 पर ईमेल आया था। कर्मचारियों ने ईमेल को ओपन करके देखा, तब उसमें स्टेडियम को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। एसएमएस स्टेडियम के बाहर का इलाके और बिल्डिंग को सर्च किया गया था। सर्च के दौरान कुछ भी नहीं मिला था।

### रेव पार्टी और सांप के जहर मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को हाईकोर्ट से झटका

**प्रयागराज (एजेंसी)**। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव की वह याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें सांप के कथित रूप से दुरुपयोग को लेकर उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे और आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी। आरोप पत्र में एल्विश यादव के खिलाफ रेव पार्टियां आयोजित कर विदेशियों को सांप के जहर का नशा करने के लिए आमंत्रित करने का भी आरोप लगाया गया है।न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने मौखिक रूप से कहा कि आरोप पत्र और प्राथमिकी में यादव के खिलाफ बयान हैं और इन आरोपों की सच्चाई का मुकदमे के दौरान पता लगाया जाएगा। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी। यादव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन सिन्हा और अधिवक्ता निपुण सिंह ने दलील दी कि जिस व्यक्ति ने यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, वह वन्यजीव अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि साथ ही उस पार्टी में ना तो यादव मौजूद थे और ना ही उनके पास से कोई बरामदगी हुई। वहीं, दूसरी ओर, इस याचिका का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि जिन लोगों के पास से सांप बरामद किए गए, उन्हें इसकी आपूर्ति यादव ने की थी। एल्विश यादव की तरफ से यह दलील भी दी गई है कि याचिकाकर्ता और सह आरोपियों के बीच कोई सामान्य संबंध स्थापित नहीं हुए हैं। एल्विश यादव के अधिवक्ताओं ने कहा कि याचिकाकर्ता एक प्रभावशाली व्यक्ति है जो टेलीविजन पर कई रियलिटी शो में दिखाई दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए पुलिस के अधिकारियों ने याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27 और 27ए लगा दी। वकीलों ने दावा किया कि हालांकि, पुलिस के अधिकारी अतिरिक्त आरोपों को साबित करने में विफल रहे जिसके बाद उन्होंने ये धाराएं हटा दीं।

### पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के सभी एयरपोर्ट खुले

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद पंजाब में 2 दिन से हालात सामान्य हैं। 5 दिन से बंद पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के सभी एयरपोर्ट खोल दिया गया हैं। चंडीगढ़ के अलावा अमृतसर, आदमपुर (जालंधर) और साहनेवाल (लुधियाना) एयरपोर्ट खुल गया है।इसके साथ ही इंडिगो एयरलाइंस ने अमृतसर एयरपोर्ट के लिए अपना शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार, रात 8 बजे दिल्ली से अमृतसर के लिए पहली फ्लाइट रवाना होगी। हिमाचल प्रदेश के शिमला, धर्मशाला (कांगड़ा) और कुल्लू के एयरपोर्ट भी सुबह साढ़े 10 बजे से खोल दिए गए हैं। इधर, जालंधर के आदमपुर रोड स्थित चुहड़वाली के पास मार्कफेड के ऑफिस में मिसाइल के टुकड़े मिले। इसके अलावा एक शेल मिला, जिसे सुरक्षाबलों ने नष्ट किया।

## पाकिस्तान ने मंदिरों, गुरुद्वारों और दरगाहों को निशाना बनाया

**जम्मू (एजेंसी)**। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो चुका है। बीते तीन दिन से तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने किसी एक समुदाय को नहीं, बल्कि मंदिरों, गुरुद्वारों और दरगाहों सभी को निशाना बनाया। वहीं जम्मू-कश्मीर हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. शुजात अहमद कुरैशी ने बताया कि श्रीनगर से हज के लिए फ्लाइट्स 14 मई से शुरू



होंगी। दो दिन में तीन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स होंगी। श्रीनगर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (नीट) एडमिनिस्ट्रेशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि ऑनलाइन क्लासेस 6 जून तक रहेंगी। हॉस्टल 9 जून तक खुले रहने वाले है। 11 जून से क्लासेस रेगुलर क्लासेस शुरू होंगी।

## पाकिस्तानी गोलाबारी में उजड़ गया पूरा परिवार

**पुंछ (एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तानी सेना की बर्बर गोलाबारी ने एक खुशहाल परिवार को बबार्दी में बदल दिया। हमले में 12 साल के जुड़वां भाई-बहन जोया और अयान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता रमीज खान गंभीर रूप से घायल होकर आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मां उरशा खान मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी हैं। यह दिल दहला देने वाली घटना उस समय घटी जब परिवार अपने किराए के घर में सो रहा था और पाकिस्तानी सेना की ओर से किया गया सीधा



गोला उनके घर पर आ गिरा। हमले में बच्चों के मामा और मामी की भी मौके पर ही मौत हो गई। महज दो महीने पहले यह परिवार पुंछ आया था, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाई जा सके। लेकिन किसी को क्या पता था कि सीमावर्ती क्षेत्र की यह अस्थायी ज़िंदगी इतनी दर्दनाक मोड़ ले लेगी। परिवार के करीबी रिश्तेदार मारिया और सोहेल खान ने आंखों में आए आंसू पोंछते हुए बताया कि जोया और अयान बेहद होनहार और समझदार बच्चे थे। हमने अयान को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसका शरीर इतनी बुरी तरह क्षत-विक्षत था कि हम कुछ नहीं कर सके। जोया भी कुछ ही मिनटों में हमें छोड़ गई। रमीज खान को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, जहां वह अभी तक बेहोशी की हालत में हैं। परिजन सरकार से मांग कर रहे हैं कि उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एयरलिफ्ट किया जाए। साथ ही परिवार और स्थानीय लोगों ने सरकार से अपील की है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा को लेकर ठोस और स्थायी उपाय किए जाएं, ताकि ऐसे निर्दोष जानें दोबारा ना जाएं।

## आत्मा देखने की सनक में मां-बाप और बहन को मार डाला

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)**। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के नंथनकोड इलाके में आठ साल पहले हुए एक दिल दहला देने वाले हत्याकांड में अदालत ने सोमवार को कैडेल जीनसन राजा को दोषी करार दिया। कैडेल ने 2017 में परामनोविज्ञान और आत्मा देखने की सनक में अपने माता-पिता, बहन और एक रिश्तेदार की निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए तिरुवनंतपुरम की अतिरिक्त सत्र अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा पर बहस के लिए मंगलवार की तारीख तय की है। कोर्ट कैडेल को उम्रकैद या मौत की सजा सुना सकती है। 9 अप्रैल 2017 की सुबह, केरल के तत्कालीन मुख्यमंत्री के सरकारी



आवास के पास स्थित बेन्स कंपाउंड में प्रोफेसर ए राजा थंकम, उनकी पत्नी डॉ. जीन पद्मा (58), बेटी कैरोलिन (26) और एक रिश्तेदार ललिता (70) के शव मिले थे। पुलिस जांच में पता चला कि इन सबकी हत्या कैडेल ने की थी। हत्या के दो दिन बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था और तभी से वह पुलिस हिरासत में है। पुलिस के अनुसार, कैडेल मानसिक रूप से अस्वस्थ था और आत्मा को देखने की सनक में जी रहा था। उसने यह मान लिया था कि अगर वह किसी को मरते हुए देखेगा, तो आत्मा को शरीर से बाहर आते हुए देख सकेगा। पुलिस और अभियोजन पक्ष ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान वह शिजोफ्रेनिया से पीड़ित हुआ और फिर परामनोविज्ञान की ओर उसका झुकाव बढ़ता गया। भारत लौटने के बाद भी वह आत्मा से जुड़े सवालों पर ही दिन-रात रिसर्च करता रहा और खुद को समाज और परिवार से पूरी तरह अलग कर लिया। हत्या की शुरूआत उसने 6 अप्रैल 2017 को अपनी मां से की। इसके बाद उसने रिश्तेदार ललिता, पिता राजा थंकम और अंत में बहन कैरोलिन की हत्या की। लेकिन आत्मा नजर न आने पर वह तीन दिन तक लाशों के साथ बैठा रहा और फिर 9 अप्रैल को घर को आग लगा दी। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी का आत्मा देखने का तर्क एक बहाना है और उसने ये हत्याएं पूरी समझदारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से की थीं। अब अदालत की अगली सुनवाई में कैडेल को कितनी सजा मिलती है, इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स आदित्य जैन को जेल से रिमांड पर लेगी

**जयपुर (एजेंसी)**। गैंगस्टर लॉरेंस, रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण के लिए दुबई में बैठकर डिब्बा कॉल करने वाले आदित्य जैन को फिर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) गिरफ्तार करने वाली है। मुहाना मंडी के एक व्यापारी को दी गई धमकी के मामले में जैन को जेल से गिरफ्तार कर रिमांड पर लेगी। एजीटीएफ ने 10 अप्रैल को इलियास को गिरफ्तार किया था। जो रोहित गोदारा के लिए कारोबारियों की सूची तैयार करता था। इलियास ने बताया कि मुहाना का व्यापारी उसका करीबी है। जिसकी जानकारी वीरेंद्र चारण को उसने दी थी। इसके बाद आदित्य ने डिब्बा कॉल कर व्यापारी को धमकी दी थी। इसके बाद व्यापारी ने एफआईआर दर्ज



कराई थी। एजीटीएफ की दुबई में कार्रवाई देखकर इलियास दुबई छोड़कर भारत आग आया था। सीकर के सेठान में अपने घर पर रहने लगा था। एजीटीएफ ने 10 अप्रैल को इलियास को मुखबिर से मिली सूचना के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी इलियास ने बताया था कि उसने ही फल व्यापारी सलीम खान की जानकारी गैंग के सदस्य वीरेंद्र चारण को दी थी।

## लोगों को विश्वास में लेकर खुद कराते थे बीमा, फिर राशि हड़पने पर कर देते थे हत्या

**संभल (एजेंसी)**। यूपी के संभल में पुलिस ने एक गैंग के 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने बीमा की भारी रकम हड़पने के उद्देश्य से दो युवकों की हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं ये एक हत्या करने की योजना बना रहे थे, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। बता दें कि संभल जिले की अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) के नेतृत्व में रजपुरा थाना, एसओजी और सर्विलांस टीम ने गैंग के सात आरोपियों जिसमें वेदप्रकाश, कमल सिंह, निर्देश कुमार, उदयभान, प्रेमशंकर, सुनील कुमार और ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि ये लोग पहले पीड़ितों का बीमा करवाते फिर उनका कत्ल कर क्लेम की रकम हड़प लेते थे। आरोपी कत्ल को रोड एक्सीडेंट का नाम देकर बीमा कंपनी को झांसा देते थे। अबतक इन्होंने करोड़ों रुपए की हेरफेर की है। दरअसल, गैंग द्वारा क्लेम की धनराशि को हड़पने के लिए पहले अपने करीबियों की अलग-अलग कंपनियों में बीमा पॉलिसी कराते थे। प्रीमियम भी खुद ही करते थे। कुछ दिन बाद पॉलिसी वाले लोगों की हत्या कर घटना को रोड एक्सीडेंट बताकर मुकदमा दर्ज कराते थे। आखिर में क्लेम अप्लाई करके रकम को हड़प लिया जाता था। इस गैंग से जुड़े हुए सात लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है जो कि तीन करोड़ रुपए की इंश्योरेंस पॉलिसी का क्लेम हड़पने के लिए अभी तक दो हत्याएं कर चुके हैं। अब इस गैंग में शामिल आरोपी के द्वारा अपने जीजा के क्लेम की धनराशि हड़पने के लिए एक और हत्या की साजिश रच रहे थे। मामले में खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि संभल पुलिस समेत देश के 12 राज्यों में



फैले इंश्योरेंस पॉलिसी गैंग के बड़े नेक्सेस को ध्वस्त करने में जुटी हुई है। इस कड़ी में बीमार व मृत लोगों का बीमा कराकर क्लेम हड़पने वाले गिरोह में शामिल बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों के इन्वेस्टिगेटर से लेकर, एक बैंक के डिप्टी मैनेजर, आशा वर्कर और टेलीकॉम कंपनियों से जुड़े लोग और इंश्योरेंस कंपनियों के पॉलिसी एडवाइजर की गिरफ्तारियां हुई हैं। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी वेदप्रकाश ने 16 नवंबर 2023 को थाना रहरा, जनपद अमरोहा में एफआईआर दर्ज कराई थी कि उसके भांजे अमन जो दिल्ली में रहता था उसकी मौत एक अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई हो गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन सबूत के अभाव में कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट भेज दी गई। 15 फरवरी 2025 को एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके मोबाइल डेटा से अमन की हत्या का राज सामने आया। मोबाइल में अमन के नाम कई बीमा पॉलिसियों की जानकारी, एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, आधार-पैन कार्ड की फोटो और बीमा क्लेम से जुड़ी वाट्सऐप चैट्स बरामद हुई थी, जिससे पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस के मुताबिक अमन के नाम पर कुल सात बीमा पॉलिसियां कराई गई थीं, जिनका कुल कवरेज करीब 2.7 करोड़ रुपए था। इनमें नॉमिनी के तौर पर उसकी सौतेली मां रूपाली का नाम जोड़ा गया था क्योंकि, उसके परिवार में कोई और नहीं था। अमन की हत्या के बाद पॉलिसी की 20 लाख की राशि पहले ही आरोपियों ने प्राप्त कर ली बाकी कंपनियों से भी क्लेम की प्रक्रिया चल रही थी। इस बीच अमन की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि उसके सिर पर चार गंभीर चोटें थीं, लेकिन शरीर के अन्य भागों पर कोई खरोंच तक नहीं थी। ये चोटें किसी भारी हथियार से मारकर पहुंचाई गई थी, जो सड़क दुर्घटना की सामान्य स्थिति से मेल नहीं खाती। पूछताछ में आरोपी वेदप्रकाश और कमल ने बताया कि उन्होंने अमन की हत्या बीमा की रकम हासिल करने के उद्देश्य से की थी। वे पहले भी इसी तरह सलीम नामक युवक की हत्या कर 75 लाख रुपए का बीमा क्लेम ले चुके थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जब सलीम के बीमा क्लेम का 78 लाख मिला तो उन्होंने 12 गांव के लोगों को भंडारा खिलाया था। एक बड़ी रकम भंडारे को आयोजित करने में खर्च की थी। इतना ही नहीं गैंग के लोगों द्वारा धनराशि का कुछ हिस्सा संभल के धार्मिक स्थल पर जाकर दान भी किया था ताकि लोगों को उन पर शक ना हो। इसी की आड़ में वह वारदातों को अंजाम देते थे।

## अपार्टमेंट में लगी आग चार की मौत, चार झुलसे

**वाशिंगटन (एजेंसी)**। अमेरिका के मिल्वौकी में एक अपार्टमेंट में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से झुलस गए। मातृ दिवस रविवार के दिन सुबह 8 बजे से पहले लगी इस आग में कई लोग मामूली रूप से झुलस गए और उनका उपचार किया गया। अग्निशमन प्रमुख ने बताया कि आग के कारण 85 फ्लैट वाली इमारत बुरी तरह से



जल गई और यहां से करीब 200 लोगों को विस्थापित किया गया। इस घटना में करीब 30 लोगों को बचाया गया है और आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है।

## ट्रम्प को मिलेगा दुनिया का सबसे मंहगा गिफ्ट

**वॉशिंगटन (एजेंसी)**।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपए) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। ट्रम्प इस विमान को अस्थायी रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन गिफ्ट में दिया जा रहा है। सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि गिफ्ट मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। बोइंग 747-8 प्लेन को देखने गए थे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

## एक नजर

### अशांक, ऋत्वी और नायशा सरताज लीग बैडमिंटन के फाइनल में



**इन्दौर (एजेंसी)।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 67वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा में अशांक मिश्रा ने 13 वर्ष बालक वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग का खिताबी मुकाबला ऋत्वी दवे और नायशा पुरोहित के बीच हैं। नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में हो रही स्पर्धा में नायशा पुरोहित ने लीग मैच में ऋत्वी दवे को 15-4, 15-4 से और सारांश तिरोले को 15-12, 15-6 से हराया। अशांक मिश्रा ने अर्णव शाह को तीन गेमों में 15-13, 12-15, 15-8 से और आदित्य तिलवनकर को 15-7, 15-4 से एवं ऋत्वी दवे ने अयांश मिश्रा को 15-9, 15-9 से पराजित किया। अथर्व चौधरी ने अदवित शाह को 15-4, 15-6 से और मन बड़जत्या ने अशांक मिश्रा को 15-8, 15-3 से हराया। ऋत्वी दवे ने अथर्व चौधरी को 15-12, 15-4 से पराजित किया। मुकाबले शाम 6 बजे से होंगे।

### रोहित एकदिवसीय में सर्वश्रेष्ठ पर टेस्ट में नहीं : आर्थटन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन ने कहा है रोहित शर्मा एकदिवसीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी हैं पर टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आर्थटन के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में उनके आंकड़ों को देखकर ये कहा जा सकता है कि वह सफल हैं पर सर्वश्रेष्ठ नहीं हैं। आर्थटन के अनुसार उनका टेस्ट करियर दो हिस्सों में रहा है। उन्हें टेस्ट में देर से अवसर मिला। ऐसे में उन्होंने 40 से कुछ ऊपर की औसत और 12 शतक लगाये है जिसे अच्छा तो कहा जा सकता है पर ये बेहतरीन रिकार्ड नहीं माना जा कसता है। रोहित ने एक दशक पहले नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करते हुए 67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। उनका टेस्ट करियर 2013 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की पारी के साथ शुरू हुआ। शुरूआत में को टेस्ट प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में परेशानी आई। साल 2013-18 तक, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक थे। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में हालांकि उन्हें रनों के लिए संघर्ष करन पड़ा। डब्ल्यूटीसी के 40 टेस्ट में उन्होंने 41.15 की औसत से 2,716 रन बनाए, जिसमें 9 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं।
आर्थटन ने कहा कि रोहित का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से खराब था, ऐसे में उनपर चयनकताओं का भी दबाव था। रोहित ने अपने आखिरी आठ टेस्ट में केवल 164 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था। आर्थटन ने कहा कि चयनकर्ता आगे बढ़ने का फैसला कर चुके थे। ऐसे में रोहित के पास कोई विकल्प नहीं था। रोहित की कप्तानी में भारत ने हाल के 6 में से 5 टेस्ट हारे, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2 हार शामिल हैं। इस प्रकार के आंकड़ों के साथ कोई भी कप्तान अपनी जगह बनाये नहीं रख सकता।

### डायमंड लीग में भाग लेंगे नीरज और जेना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना 16 मई से शुरू होने वाली डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में उतरेंगे। नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ भाग लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ वह नौवें स्थान पर रहे थे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में विश्व के कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जेकब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनियर के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक जेनकी डीन आदि हैं। वहीं इस लीग की 5000 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में भारत के गुलवीर सिंह जबकि महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी भाग लेंगी।

### भारत ए टीम की घोषणा आज होने की संभावना

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 13 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम की घोषणा कर सकती है। भारतीय टीम को अगले माह जून में इंग्लैंड के दौरे पर जाना है और इससे पहले इंडिया ए को इंग्लैंड में 2 मैच खेलने हैं। भारतीय ए टीम को इस दौरे में इंग्लैंड लायंस से खेलना है। इंडिया ए टीम में खेलने वाले खिलाड़ियों के नाम तकरीबन तय है। इसकी कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन कप्तानी को मिल सकती है। इंडिया ए को तीन गैर आधिकारिक टेस्ट मैच खेलने हैं, जिनमें 30 से 2 जून तक और 6 से 9 जून तक इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मैच है और 13 से 16 जून तक भारतीय टीम से खेलना है। ईश्वरन के अलावा शुरूआती टीम में चयन के लिए तनुश कोटियान, बाबा इंद्रजीत, आकाश दीप, करुण नायर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी शुरू में ए टीम का हिस्सा होंगे और बाद में उन्हें सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम में शामिल होना तय है। वहीं ईशान किशन को शायद ही अवसर मिले। जुरेल और ऋषभ पंत के सीनियर टीम में होने के कारण ए टीम में उनके चयन की संभावनाएं नहीं हैं। श्रेयस अय्यर का चयन पक्का नहीं है। श्रेयस ने पिछले एक साल से अधिक समय से लंबे प्रारुप में नहीं खेला है। इसी कारण उन्हें जगह नहीं मिल रही।

# टेस्ट में विराट की शानदार पारियां



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। विराट के संन्यास के साथ ही उनकी 14 साल के टेस्ट करियर का समापन हो गया। रन मशीन के नाम से लोकप्रिय विराट ने अपने शानदार खेल से प्रशंसकों का बेशुमार प्यार हासिल किया है। वह अपने एक से बढ़कर एक परियों के कारण याद रखे जाएंगे।

### पुणे में बनाया सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 254 रन

विराट कोहली का करियर का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 254 रन रहा है जो उन्होंने पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2019 सीरीज के दूसरे टेस्ट में बनाया था। कोहली ने करीब आठ घंटे तक बल्लेबाजी की और 33 चौकों और 2 छक्के लगाये। उन्होंने वर्नोन फिलेंडर और डेब्यू करने वाले एनरिक नॉर्टजे जैसे बेहतरीन दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण को प्रभावहीन बना दिया था। कोहली के नाबाद दोहरे शतक से तब भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 601 रन बनाये और अंत में एक पारी और 137 रनों की मैच जीताः वहीं

### सेंचुरियन में 153 रन

2018 में सेंचुरियन में विराट ने विदेशी हालातों में अपनी सबसे अच्छी पारी खेली। मोर्ने मोर्कल, कैगिसो रबाडा और वर्नोन फिलेंडर जैसे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कोहली ने 153 रन बनाए ।कोहली दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद जमे रहे। उनकी पारी में 15 चौके शामिल थे

### 2018 में एजबेस्टन में 149 रन

विराट कोहली ने 149 रन की शानदार पारी खेलकर आलोचकों को करारा जवाब दिया। यह इंग्लैंड में उनका पहला शतक भी था। 2014 में इंग्लैंड में अपने खराब प्रदर्शन के बाद भारी दबाव में श्रृंखला में शामिल होने के बाद कोहली ने जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे मजबूत आक्रमण का सामना किया, जो एक बार फिर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में था।

### 2016 में मुंबई में 235 रन

इंग्लैंड के भारत दौरे के चौथे टेस्ट में कोहली ने 235 रनों की शानदार पारी खेली जो उस समय टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर था। स्पिन के लिए मददगार साबित हो रही पिच पर इंग्लैंड के स्पिनरों और तेज गेंदबाजों का बखूबी सामना करते हुए उन्होंने ये पारी खेली

### 2014 में एडिलेड में 141 रन

### खेल से प्रशंसकों का मिला बेशुमार प्यार



एमएस धोनी की चोटिल होने के बाद पहली बार भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में कार्यभार संभालते हुए कोहली ने दो शतकों के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 115 और दूसरी में 141 रन बनाए।

### चीन में विश्व एथलेटिक रिले में भाग लेती हुई महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम



# आईपीएल : जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांच में से चार बल्लेबाज भारतीय

## एक ही विदेशी खिलाड़ी को मिली जगह









**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक हुए 58 मुकाबलों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। विराट जीते हुए मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस सत्र में अब तक जीते हुए मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की जो सूची सामने आई है, जिसमें भारतीय बल्लेबाज छाये हुए हैं। इस सूची में पांच में से केवल एक ही विदेशी खिलाड़ी को जगह मिली है। इसमें शामिल विराट ने अब तक 11 मैचों में से 8 विजयी मुकाबलों में कुल 475 रन बनाए हैं। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है और प्लेऑफ की दौड़ में भी वह शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल इंग्लैंड के जोस बटलर। बटलर ने 8 पारियों में 380 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। गुजरात टाइटंस ने अब तक 11 में से 8 मैच जीते हैं, और बटलर के प्रदर्शन की इसमें अहम भूमिका रही है। वहीं तीसरे नंबर पर भी गुजरात के ही साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 8 पारियों में 340 रन बनाये हैं और लगातार टीम को तेज शुरूआत दिलायी है। गुजरात टाइटंस के ही कप्तान शुभमन गिल ने 8 पारियों में 331 रन बनाए हैं। इस सूची में पांचवें स्थान पर मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 7 पारियों में 303 रन बनाए हैं। इसके साथ ही वे पूरे टूनार्मेंट में अब तक सबसे ज्यादा रन (510) बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# सुपर जायंट्स और आरसीबी मैच से फिर शुरू होगा आईपीएल




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को देखते हुए अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले फिर शुरू होने की संभावना है। माना जा रहा है कि 16 या 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच लखनऊ में मैच के साथ ही फिर से आईपीएल की शुरूआत होगी। इसी कारण बीसीसीआई ने सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। वहीं अब एक बदलाव के तहत चार स्थानों पर ही बचे हुए सभी मैच खेले जाएंगे। वहीं दिल्ली और धर्मशाला में अब कोई मैच नहीं होगा। इससे पहले 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को सुरक्षा कारणों से रोक दिया गया था। अब से मैचा फिर से नहीं खेला जाएगा क्योंकि दोनो ही टीमों को पहले ही अंक दे दिया गया था। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स समेत कुल 7 टीमें अभी प्लेऑफ की दावेदार हैं। गुजरात और आरसीबी अपने बचे तीन लीग मैचों में से एक जीतने पर आगे बढ़ेंगे जबकि पंजाब भी अपने बाकी बचे लीग मैचों में से एक जीतने पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है। जहां तक मुम्बई और कैपिटल्स का सवाल है वे अपने बाकी बचे लीग मैच जीतने पर सीधे क्वालीफाई कर लेंगे। वहीं केकेआर और सुपर जायंट्स का प्रवेश अन्य टीमों पर आधारित होगा।

### इंग्लैंड दौरे में विराट को बनायें कप्तान : वॉन

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद अब विराट कोहली को भारतीय टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। जहां कहा जा रहा है कि शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे के लिए नया कप्तान बनाया जा सकता है। वहीं वॉन का मानना है कि अगर वो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) में होते तो विराट को ही इंग्लैंड दौरे पर कप्तान बनाकर भेजते। वॉन ने कहा कि इस दौरे में शुभमन को उप कप्तान बनाया जाना चाहिये। वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, ह्यअगर मैं भारत होता तो इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के लिए विराट को कप्तान बनाता।

### फ्रेंच ओपन के लिए फार्म हासिल करना चाहते हैं जोकोविच

**लंदन (एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का लक्ष्य 25 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट से पहले अपना फार्म हासिल करना है। इसी कारण 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड वे प्रवेश लिया है। जिससे वह अपना फॉर्म और फिटनेस हासिल कर सकें। जोकोविच का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे, और अपने पिछले तीन मैच लगातार हार चुके हैं। वहीं उन्होंने इस बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट रोम ओपन से नाम वापस ले लिया था हालांकि उन्होंने टूनार्मेंट से हटने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है पर कहा जा रहा है कि वह फ्रेंच ओपन की तैयारियों पर ही ध्यान देना चाहते हैं। जोकोविच का यह सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे पर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ चोटिल होन के कारण बीच में ही उन्हें हटना पड़ा था। इसके बाद मियामी ओपन में वापसी से पहले उन्हें लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। यहां तक कि चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेनसिक से भी वह हार गये थे। उनके नाम अब तक 99 एटीप एटीपी खिताब है और वह उनका लक्ष्य फ्रैंच ओपन जीतकर सौवां एटीपी खिताब अपने नाम करना रहेगा।

# आईपीएल के 16 या 17 मई से फिर शुरू होने की संभावना

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के कारण अब आईपीएल 2025 सत्र के बचे हुए मैच 16 या 17 मई से फिर शुरू होंगे। वहीं फाइनल का आयोजन स्थल कोलकाता से बदलकर अहमदाबाद किये जाने की संभावना है। आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गत दिवस लीग को फिर से शुरू करने की योजना पर बात की थी। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड अभी कार्यक्रम बनाने पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, ह्यअभी तक आईपीएल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। इसमें बीसीसीआई सचिव, आईपीएल अध्यक्ष फ्रेंचाइजी और सभी के साथ बातचीत हो रही है। इसलिए बहुत जल्द हमें फैसले के बारे में पता चल जाएगा। टूनार्मेंट को शीघ्र शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये भी अटकलें हैं कि लीग लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच 9 मई का रद्द हुए मैच के साथ ही फिर से शुरू होगी। इसी कारण सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। टूनार्मेंट 16 या 17 मई को लखनऊ में फिर से शुरू होगा। सबसे अधिक संभावना है कि मैच चार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और दिल्ली तथा धर्मशाला को और मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर के लिए स्थल में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी मेजबानी हैदराबाद को करनी थी पर कोलकाता को एक जून को होने वाले फाइनल की मेजबानी नहीं मिलेगी क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार उस दिन बारिश की संभावना है हालांकि अभी तक प्लेऑफ चरण के लिए स्थलों में कोई बदलाव नहीं किया गया है पर ऐसा लगता है कि बारिश कोलकाता की संभावना को देखते हुए फाइनल अहमदाबाद में खेला जा सकता है।

